




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
vaartha hindi
@vaartha_hindi
vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30अंक : 14 ( हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) चैत्र शु. 14 2082 शुक्रवार, 11 अप्रैल -2025 प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ 16 मूल्य: 8 रुपये


## बिजली गिरने से 28 लोगों की मौत

नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 20 से ज्यादा राज्यों में गुरुवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश जारी है। यहां बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं।






# 26/11 मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया गया

## दिल्ली एयरपोर्ट पर विशेष विमान लैंड हुआ; सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया

नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। 2008 मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत ला रहा विशेष विमान दिल्ली पहुंच गया है। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से तहव्वुर को सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। एनआईए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जेल सोर्स के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी आरएडब्ल्यू की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही एसडब्ल्यूएटी कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (सीएपीएफ) की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने




अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है।

उसके पास कनाडा की नागरिकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान अपने उन नागरिकों को दोहरी नागरिकता रखने की अनुमति देता है जो कनाडा में जाकर बस गए हैं। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।

राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। य

हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। राणा को भारत लाने को लेकर बुधवार को होम मिनिस्ट्री में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मीटिंग की।

## मणिपुर में झंडा फहराने से तनाव

इम्फाल,10 अप्रैल (एजेंसियां)। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच हुए विवाद की वजह से बुधवार को 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगाया गया। जोमी और हमार जनजाति के बीच मंगलवार को विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था। यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से 5 बजे शाम तक कर्फ्यू में छूट दी गई है।

बुधवार को कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गई। इससे पहले दोनों जनजातियों के बीच 18 मार्च को झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे।

## बंगाल में नए वक्फ कानून पर हिंसा में 22 गिरफ्तार




### देश भर में पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल को सुनवाई

कोलकाता,10 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी), आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। बेंच में सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और केवी विश्वनाथन शामिल होंगे। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आज से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

# दोराहे पर खडी कांग्रेस!

## राहुल के रास्ते चलती रहेगी या शशि थरूर का दिखाया नया मार्ग अपनाएगी

नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। खुद को देश की सबसे पुरानी पार्टी बताने वाली कांग्रेस एक बार फिर से उस जगह पर खड़ी हो गई है, जहां से उसे यह तय करना है कि उसे अपनी पुरानी प्रतिष्ठा फिर से कायम करने के लिए किस दिशा में चलना है।

पार्टी के पास एक विकल्प है बीजेपी के साथ टकराव वाली राजनीति के पथ पर चलते रहने की, जो अभी मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई और राहुल गांधी के मार्गदर्शन में हो रहा है। दूसरा विकल्प वह है, जो केरल से पार्टी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने दिया है।

### भविष्य की ओर देखना है!

थरूर ने कहा है, 'एक पार्टी के तौर पर हमें भविष्य की ओर देखना है, सिर्फ अतीत की ओर नहीं। एक ऐसी पार्टी जिसका दृष्टिकोण सकारात्मक हो, न कि मात्र नकरात्मकता भरी हो। एक



ऐसी पार्टी जो समाधान बता सके, न कि सिर्फ नारेबाजी करती रह जाए।'

### थरूर ने कांग्रेस को दिया विकल्प

थरूर ने जो कुछ कहा है, वह इस वजह से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि उन्होंने उस गुजरात की धरती पर पार्टी को जगाने की कोशिश की है, जो गांधी और सरदार पटेल दोनों की भूमि है। दिलचस्प बात ये है कि जब पटेल को बीजेपी ने सियासी तौर पर भुनाने में कोई कमी नहीं रख छोड़ी है तो कांग्रेस को भी अब उस ओर देखने की आवश्यकता महसूस होने लगी है।

थरूर के मुताबिक, 'हमें पहले जो वोट मिले हैं, उसे बनाए बनाए रखने की आवश्यकता है, लेकिन हम पिछला तीन चुनाव जीतने में नाकाम रहे हैं और यह संकल्प हमें उसी की ओर ले जाता है। यह एक ऐसा संकल्प है, जिसमें सकारात्मक आलोचना के लिए जगह है, सिर्फ नकारत्मकता तक सीमित रहने के लिए नहीं।'

### खड़गे और राहुल के विचारों में नहीं आ रहा बदलाव

दो दिनों के कांग्रेस अधिवेशन में थरूर के ये विचार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की लाइन से ठीक उलट है। कांग्रेस के इन दोनों शीर्ष नेताओं ने उस गुजरात में बीजेपी और आरएसएस पर अपना हमला जारी रखा है, जहां तीन दशकों से इनकी विचारधारा का दबदबा कायम है और हाल के निकाय चुनावों में कांग्रेस का मुस्लिम जनाधार भी उससे छिटकर भाजपा का मुंह देखने लगा है।

### ईसाई, सिख और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए भी कांग्रेस जता रही चिंता

राहुल और खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस भाजपा और संघ पर हमला जारी रखने के लिए नए वक्फ कानून को अपना हथियार बनाना चाह रही है और इसे कथित रूप से धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान के खिलाफ बताने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि कथित तौर पर मुसलमानों को निशाना बनाने के बाद आरएसएस और बीजेपी ईसाई, सिख और अन्य अल्पसंख्यकों को भी टारगेट करेंगे।






## दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट की मौत

नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की मंगलवार (9 अप्रैल) को दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होना शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पायलट का नाम अरमान है। अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी। साथी कर्मचारियों ने बताया कि लैंडिंग के बाद पायलट ने कॉकपिट में उल्टी की थी और फिर एयरलाइन के डिस्पैच ऑफिस में कार्डियक अरेस्ट से उसकी मौत हो गई। हालांकि, अभी तक कार्डियक अरेस्ट की वजहों का पता नहीं लग पाया है।

## नितिन गडकरी ने कहा 'अमेरिका से अच्छा होगा नेशनल हाइवे नेटवर्क'

नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कि आने वाले दो साल में मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बन जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक साल के भीतर राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये के बुनियादी अवसंरचना विकास के काम पूरे कर लिए जाएंगे।

धार जिले में मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में 5,800 करोड़ रुपये की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद गडकरी ने यह बात कही। केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री ने जॉन एफ केनेडी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था अमेरिकी सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं क्योंकि अमेरिका अमीर है, बल्कि अमेरिका इसलिए अमीर है क्योंकि अमेरिकी सड़कें अच्छी हैं।

गडकरी ने कहा, ''मैं मध्यप्रदेश की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आने वाले दो साल के अंदर प्रदेश का नेशनल हाइवे सड़क नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनेगा।'' गडकरी ने कहा कि वह हवा में बातें नहीं करते हैं और जो भी वादा करते हैं, उसे डंके की चोट पर पूरा भी करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री यादव मध्य प्रदेश को सुखी और समृद्ध बनाने के मिशन में जुटे हुए हैं और सभी क्षेत्रों में यह राज्य 'बहुत तेजी' से प्रगति कर रहा है।

## पश्चिम बंगाल में शिक्षक भूख हड़ताल पर

कोलकाता,10 अप्रैल (एजेंसियां)।पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में नौकरी गंवा चुके टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में भूख हड़ताल करने की घोषणा की है। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में नौकरी गंवा चुके टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में भूख हड़ताल करने की घोषणा की है। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में नौकरी गंवा चुके टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ ने गुरुवार को उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई के विरोध में भूख हड़ताल करने का ऐलान किया। टीचर्स बुधवार रात से ही पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## डायमंड कंपनी का पानी पीने से अचानक बीमार पड़ गए 118 कर्मचारी



सूरत, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक डायमंड कंपनी के वॉटर कूलर में किसी ने जहरीला पदार्थ मिला दिया, जिससे कंपनी के 118 कर्मचारी बीमार पड़ गए। आनन फानन में सभी बीमार कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के बाद सभी कर्मचारियों के हालात सामान्य हैं। फिलहाल किसी की हालत गंभीर नहीं है लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है। पुलिस का कहना है कि किसी ने कंपनी के कर्मचारियों को निशाना बनाकर पीने के पानी में जहरीला पदार्थ मिला दिया था, जिससे कर्मचारियों की तबीयत खराब हुई थी। यह घटना एक फटे हुए प्लास्टिक बैग के वॉटर कूलर में तैरते मिलने से हुई। डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि कपोदरा इलाके में मिलेनियम कॉम्प्लेक्स स्थित अनभ जेम्स के कर्मचारियों को एहतियात के तौर पर चिकित्सा जांच के लिए कंपनी के मालिक द्वारा दो अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में से किसी में भी जहर के दुष्प्रभाव संबंधी कोई समस्या नहीं है, लेकिन उन्हें अस्पतालों में निगरानी में रखा गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, यह कीटनाशक से भरा एक फटा हुआ प्लास्टिक बैग था, इसलिए पानी में कुछ मात्रा में जहरीला पदार्थ मिला होगा, जिसे कर्मचारियों ने पी लिया। कुमार ने कहा कि फोरेंसिक टीम पड़ताल कर रही है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा 5 टीमों का गठन किया गया है, सभी टीमें काम में लगी हुई हैं। वॉटर टैंक के पास लगे सीसीटीवी के जरिए आरोपी की पहचान की जा रही है।

# पीएम मोदी का ट्रांजिट विजिट, ग्वालियर में सुरक्षा सख्त

## ग्रीन रूम, सेफ हाउस तैयार, 10 मिनट के लिए ऐसी तैयारी



ग्वालियर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर ग्वालियर-चंबल के दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी शुक्रवार 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील स्थित आनंदपुर धाम में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान उनका ट्रांजिट स्टे ग्वालियर में रहेगा, जहां वे आने और जाने में दोनों बार सिर्फ 5-5 मिनट के लिए रुकेंगे। पीएम मोदी दोपहर 2 बजे ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचेंगे और यहां से सेना के हेलिकॉप्टर से अशोकनगर के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम के बाद वे शाम करीब 6 बजे वापस ग्वालियर लौटेंगे और यहां से दिल्ली रवाना होंगे।

**12 से शुरू होगा बैसाखी मेला**

दरअसल, ईसागढ़ तहसील स्थित आनंदपुर धाम में 12 अप्रैल से वार्षिक बैसाखी मेले का आयोजन शुरू हो रहा है। जिसमें देश-विदेश के श्रद्धालु शामिल होंगे और आनंद सरोवर में स्नान कर गुरु महाराज के समक्ष मत्था टेकेंगे। बैसाखी मेले की शुरुआत से पहले 11 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी आनंदपुर धाम पहुंचेंगे और श्रद्धा निवेदन करेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा पहले ही निरीक्षण कर चुके हैं।

**नो-फ्लाइंग जोन रहेगा**

प्रधानमंत्री मोदी की ट्रांजिट विजिट को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। ट्रांजिट विजिट के दौरान ग्वालियर में नो-फ्लाइंग जोन रहेगा। एयरफोर्स स्टेशन से तीन किलोमीटर के दायरे में किसी भी तरह की हवाई गतिविधि पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस और एयरफोर्स के बीच बैठके भी हुई है।

**सेफ हाउस और पीएमओ यूनिट बनाई जा रही**

पीएम मोदी के लिए ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन पर ग्रीन रूम, सेफ हाउस और पीएमओ यूनिट तैयार की जा रही है। इन व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारिया सौंप दी गई हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार, पीएम मोदी हेलिकॉप्टर से अशोकनगर जाएंगे। लेकिन, खराब मौसम होने की स्थिति में उनके लिए सड़क मार्ग का भी विकल्प तैयार किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने रूट का निरीक्षण भी किया है, जिससे आपात हालात में सड़क मार्ग का इस्तेमाल किया जा सके।

**पुलिस कर रही होटलों की जांच**

पीएम की ट्रांजिट विजिट को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। पुलिस की टीमों ने शहर के होटलों की चेकिंग, एंट्री रजिस्टरों की जांच और बाहर से आए मेहमानों की डिटेल्स खंगालनी शुरू कर दी हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और शहर के प्रवेश द्वारों पर नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## राज ठाकरे की बैंकों को चेतावनी- मराठी भाषा का इस्तेमाल करें, नहीं तो मनसे आंदोलन तेज करेगी



मुंबई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने बैंकों को चेतावनी दी है कि वह आरबीआई मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाओं में मराठी भाषा का उपयोग करें, अन्यथा उनकी पार्टी अपना आंदोलन तेज करेगी। इस संबंध में ठाकरे ने भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को पत्र लिखकर बैंकों को मराठी भाषा का उपयोग करने के लिए निर्देश देने को कहा है। राज ठाकरे का पत्र बुधवार को मनसे नेताओं ने भारतीय बैंक संघ को सौंपा, जिसमें कहा गया है कि यदि बैंक अपनी सेवाओं में तीन भाषा फार्मूले- अंग्रेजी, हिंदी और स्थानीय भाषा (महाराष्ट्र के मामले में मराठी) का पालन नहीं करते हैं, तो कानून-व्यवस्था के लिए बैंक स्वयं जिम्मेदार होंगे। राज ठाकरे ने आईबीए को लिखे पत्र में कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों में क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग को लेकर एक परिपत्र जारी किया है। इसके अनुसार, बैंकों में लगे बोर्ड तीन भाषाओं में होने चाहिए- हिंदी, अंग्रेजी और उस राज्य की क्षेत्रीय भाषा। यहां तक कि बैंकों में सेवाएं भी तीन भाषाओं में होनी चाहिए।

## संजय राउत, अरविंद सावंत और वर्षा गायकवाड़ के खिलाफ बीजेपी ने मुंबई में लगाए पोस्टर

मुंबई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के युवा विंग के नेता और कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मुंबई में अलग-अलग जगहों पर पोस्टरों में सार्वजनिक रूप से कटाक्ष किया है। वक्फ बिल का विरोध करने पर वर्षा गायकवाड़, अरविंद सावंत और संजय राउत के निर्वाचन क्षेत्र में हमला करते हुए कार्यकर्ताओं ने पोस्टर लगाए हैं। हाल ही में वक्फ बिल को लोकसभा और राज्यसभा से मंजूरी मिली थी। इस दौरान विपक्षी दलों ने इस कानून के खिलाफ वोटिंग की। अब ये बिल राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून का रूप ले चुका है। शिवसेना के उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के मुंबई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से सांसद अरविंद सावंत और मुंबई उत्तर मध्य निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ का नाम लेते हुए पोस्टरों में उन्हें गद्दार (देशद्रोही) कहा गया। इतना ही नहीं संजय राउत जो भांडुप में रहते हैं, उनके क्षेत्र में भी बीती रात गद्दार लिखे हुए पोस्टर लगाए गए। पोस्टर बुधवार को लगाए गए थे, वे अभी भी कई जगहों पर लगे हुए हैं। वर्ली में आरजी थडानी मार्ग, चेंबूर में तिलक नगर सहकार टॉकीज और भांडुप कुंड में पोस्टर लगाए गए हैं। पिछले साल दिसंबर में भी, युवा कार्यकर्ता तब चर्चा में आए थे, जब भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने मुंबई में कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ की थी। जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा डॉ। बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया है और अब एक बार फिर बीजेपी की मुंबई युवा विंग ने इस तरह के पोस्टर्स लगाए हैं।

# 'केंद्र-एनडीएमए बैंकों को पीड़ितों का ऋण माफ करने के लिए कह सकते हैं', हाईकोर्ट की टिप्पणी




कोच्चि, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के ऋण माफ करने को लेकर केरल हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि वायनाड भूस्खलन पीड़ितों का ऋण माफ करने के लिए आरबीआई बैंकों को निर्देश नहीं दे सकता है। यह काम केंद्र सरकार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) कर सकते हैं। न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और ईश्वरन एस की पीठ ने कहा कि वह केंद्र और एनडीएमए को बैंकों से ऋण माफ करने के लिए कहने के लिए प्रेरित करने वाला आदेश पारित करेगी। पीठ ने बताया कि केरल बैंक ने आपदा पीड़ितों का ऋण माफ कर दिया थे और उस पर करीब पांच करोड़ रुपये का कर्ज था। अगर केरल बैंक ऐसा कर सकता है, तो अन्य बैंक, जिनका ऋण कम है, भी ऐसा कर सकते हैं। बस इसके लिए एनडीएमए और केंद्र सरकार की ओर से केवल थोड़ा सा दबाव डालने की जरूरत है। पिछले सप्ताह केंद्र की ओर से केरल हाईकोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया गया था। इसमें कहा गया था कि आरबीआई के प्राकृतिक आपदाओं पर मास्टर निर्देशों के अनुसार वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के ऋणों का केवल पुनर्गठन या पुनर्निर्धारण किया जा सकता है। कोर्ट ने इस हलफनामे के आधार पर टिप्पणी की। इसके अलावा पीठ ने राज्य सरकार को मलबा हटाने सहित पर्याप्त उपाय करने के भी निर्देश दिए। ताकि पिछले साल जैसी आपदा फिर न आए। हाईकोर्ट ने कहा कि मानसून से पहले तैयारी के उपाय शुरू हो जाने चाहिए। अब बारिश शुरू हो चुकी है। एनडीएमए को इस साल किसी भी संभावित आपदा को टालने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के साथ मिलकर काम करना चाहिए। केरल में पिछले साल भीषण तबाही मची थी। 30 जुलाई को मुंदक्कई और चूरलमाला क्षेत्रों में एक बड़ा भूस्खलन हुआ था, जिससे दोनों क्षेत्र लगभग तबाह हो गए थे। आपदा में सैकड़ों लोग घायल हुए, 200 से अधिक लोगों की जान चली गई और 32 लोग अब भी लापता हैं।

## अबू आजमी ने की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात

### धार्मिक स्थलों को लेकर की ये बड़ी मांग



मुंबई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीर और मांगों का जिक्र करते हुए आजमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने कहा, "मुंबई और सम्पूर्ण महाराष्ट्र राज्य में अवैध धार्मिक स्थलों तथा एक ही वर्ग के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर कर धार्मिक भावना भड़काने वाले बीजेपी नेता किरीट सोमैया पर कार्रवाई की मांग की।" महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा, "कुलाबा, मुंबई स्थित जेटी प्रोजेक्ट को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर पत्र सौंपा।"

## अरविंद केजरीवाल का सीएम रेखा गुप्ता पर बड़ा हमला

**'हमारी सरकार के समय सरकार के दौरान दिल्ली में कहीं बिजली नहीं गई।'**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में अपराह्न तीन बजकर 27 मिनट पर बिजली की मांग बढ़कर 5,462 मेगावाट हो गई, जो इस साल अब तक का उच्चतम स्तर है। राज्य लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि इस मौसम में शहर में बिजली की अधिकतम मांग 9,000 मेगावाट तक पहुंच सकती है। सूद ने कहा, हमने खरीद दक्षता बढ़ाने के लिए दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) से सभी बिजली खरीद समझौतों की समीक्षा करने को कहा है। बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस ने हाल ही में कहा था कि वह बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार है और उसने राष्ट्रीय राजधानी में लगभग दो करोड़ निवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। बिजली की बढ़ती मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ आतिशी की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने दिल्ली की बीजेपी सरकार और सीएम रेखा गुप्ता पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, कल दिल्ली में पीक डिमांड 5462 मेगावाट थी। केवल इतने में ही कल रात पूरी दिल्ली में कई जगहों पर कई कई घंटे बिजली नहीं आई। पिछले साल पीक डिमांड लगभग 8500 मेगावाट पहुंच गई थी। फिर भी हमारी सरकार के दौरान दिल्ली में कहीं बिजली नहीं गई।

# अब कोई नहीं छीन सकेगा उनका हक!

## अनाथ बच्चों की संपत्ति पर दिल्ली हाई कोर्ट का सख्त पहरा




नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने पहली बार राजधानी के अनाथ और नाबालिग बच्चों की संपत्ति के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और अदालतों को इन बच्चों की संपत्तियों को लालची रिश्तेदारों और अवैध कब्ज़े से बचाने के लिए कड़े प्रोटोकॉल बनाने का आदेश दिया है।

**क्या है मामला?**

यह फैसला दो मामलों की सुनवाई के दौरान आया, जिनमें याचिकाकर्ता 2 नाबालिग बच्चे हैं, जो शेल्टर होम्स में रह रहे हैं। उनके माता-पिता नशे की लत और हिंसक व्यवहार के शिकार थे, जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। बच्चों ने अदालत में बताया कि उनके माता-पिता द्वारा छोड़ी गई चल-अचल संपत्तियां नष्ट हो रही हैं या अवैध रूप से हड़पी जा रही हैं, जिससे उन्हें 'बेसहारा जीवन' जीना पड़ रहा है।

**अदालत की मुख्य टिप्पणियां और निर्देश**

जस्टिस प्रसाद ने कहा कि ये बच्चे परिस्थितियों के शिकार हैं, और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनके अधिकारों की रक्षा करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायालयों को इन नाबालिगों की संपत्ति की रक्षा के लिए सतर्क रक्षक की भूमिका निभानी होगी। राज्य सरकार के लिए निर्देश जारी करते हुए कोर्ट ने कहा कि चाइल्ड वेलफेयर कमेटी और जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) को माता-पिता की मृत्यु के 15 दिनों के भीतर बच्चे की संपत्ति का पूरा ब्यौरा तैयार करना होगा। वहीं पुलिस को मृतक के मोबाइल, बैंक कार्ड और अन्य दस्तावेज़ों को तुरंत जब्त करना होगा। जिलाधिकारी को वैध अभिभावक नियुक्त करने और हर 3 महीने में बच्चे को संपत्ति की स्थिति से अवगत कराने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दूसरी अदालतों के लिए भी दिशानिर्देश जारी हुए जिनमें कहा गया कि संपत्ति की सुरक्षा के लिए अंतरिम आदेश 4 सप्ताह के भीतर पारित किए जाएं। हर बच्चे के लिए एक अलग वकील की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। मामले को तब तक लंबित रखा जाए जब तक बच्चा बालिग न हो जाए।

**रिश्तेदारों को चेतावनी**

अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि संपत्ति हड़पने की कोशिश करने वाले रिश्तेदारों पर सख्त निगरानी रखी जाए और कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। यह फैसला उन अनगिनत अनाथ बच्चों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है, जिनकी संपत्ति और भविष्य अब न्यायिक सुरक्षा के दायरे में हैं।

## निगम एक्सईएन गुरप्रीत बुट्टर सस्पेंड आय से अधिक संपत्ति मामले में है फरार

बठिंडा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में पिछले डेढ़ माह से फरार चल रहे नगर निगम बठिंडा के एक्सईएन गुरप्रीत सिंह बुट्टर की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। स्थानीय अदालत और पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत याचिका रद्द होने के बाद स्थानीय निकाय विभाग ने एक्सईएन गुरप्रीत सिंह को ड्यूटी से सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंड करने के आदेश वीरवार को स्थानीय निकाय विभाग एडिशनल चीफ सेक्रेटरी तेजवीर सिंह ने एक पत्र जारी कर दिए हैं। विभाग की तरफ से जारी आदेशों के अनुसार निगम एक्सईएन गुरप्रीत सिंह के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो बठिंडा की तरफ एफआईआर नंबर 7- 25 फरवरी 2025 में लगे गंभीर आरोपों के कारण उन्हें तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया जाता है। सस्पेंशन के दौरान इस अधिकारी का हेडक्वार्टर अब मुख्य दफ्तर स्थानीय सरकार विभाग चंडीगढ़ होगा। यह आदेश संबंधित अथारिटी की तरफ से मंजूरी लेने के उपरांत जारी किए गए है। वहीं दूसरी तरफ फरार चल रहे आरोपित गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार करने के लिए विजिलेंस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन उसके बारे में कोई ज्यादा स्टीक जानकारी नहीं मिल रही है। जिसके चलते विजिलेंस टीम ने गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि 25 फरवरी को विजिलेंस ब्यूरो बठिंडा ने नगर निगम के एक्सईएन गुरप्रीत सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार कर करोड़ों रुपये की संपत्ति बनाने के मामले में केस दर्ज किया था। यह कार्रवाई गुरप्रीत सिंह के खिलाफ लंबे समय से चली आ रही शिकायत की जांच पड़ताल करने के बाद की गई, जिसमें जांच के दौरान उसके पास आय के स्रोतों से 1।83 करोड़ रुपये अधिक की संपत्ति पाई गई थी।

## सोपोर में लश्कर के 2 आतंकवादियों की संपत्तियां जब्त, दोनों 2017 में भागे थे पाक



सोपोर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। आतंक के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक और बड़ा कदम उठाया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार (9 अप्रैल) को उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर कस्बे में आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से संबंध रखने वाले दो आतंकियों/संचालकों की संपत्तियों को जब्त कर लिया। पुलिस ने ब्रथ कलां, सोपोर के रहने वाले बिलाल अहमद मीर पुत्र मोहम्मद हमजा मीर और मोहम्मद उमर मीर पुत्र गुलाम हसन मीर की कुल 7 मरला जमीन को कब्जे में लिया है। यह कार्रवाई सोपोर पुलिस स्टेशन में दर्ज दो अहम मामलों से जुड़ी हुई है। पहला मामला एफआईआर नंबर 202/2022 है, जो शस्त्र अधिनियम की धारा 7/25 तथा यूएपीए की धारा 18, 20, 23 और 38 के तहत दर्ज किया गया था। दूसरा मामला एफआईआर नंबर 251/2022 है, जो विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5, शस्त्र अधिनियम की धारा 7/25 और यूएपीए की उन्हीं धाराओं के तहत दर्ज है। इन मामलों में दोनों व्यक्तियों की संलिप्तता पाई गई थी।

**पाकिस्तान जा के आतंकी संगठन में हुए शामिल- पुलिस**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बिलाल मीर और उमर मीर वर्ष 2017 में गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान भाग गए थे, जहां वे लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठन में शामिल हो गए। दोनों ही उस समय से जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने बॉर्डर पार से युवाओं को भड़काने, आतंकी नेटवर्क स्थापित करने और हिंसा को बढ़ावा देने का काम भी किया। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई से पहले सक्षम न्यायिक प्राधिकारी से विधिवत अनुमति प्राप्त की गई थी। इसके बाद सोपोर पुलिस ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर सीआरपीसी की धारा 82 और 83 के तहत संपत्ति जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने जमीन पर कुर्की से संबंधित नोटिस भी चस्पा किए, ताकि आमजन को जानकारी दी जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की सख्ती से न सिर्फ आतंकियों के हौसले पस्त होंगे, बल्कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी इस कदम का समर्थन करते हुए आतंक के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प दोहराया है।

## कोट मोहम्मद खान गांव में झगड़ा सुलझाने गए एसआई की गोली मारकर हत्या, 2 पुलिसकर्मी घायल

तरनतारन, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में तरनतारन के कोट मोहम्मद खान गांव में दो पक्षों के बीच विवाद सुलझाने गए सब इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में पंजाब पुलिस के दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और एक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। श्री गोइंदवाल साहिब थाने के सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह दो पक्षों के बीच झगड़े की शिकायत मिलने पर पुलिस पार्टी के साथ सुलह कराने पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन पर गोली चला दी गई। लोगों के हमले में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री गोइंदवाल साहिब थाने के अंतर्गत गांव कोट मोहम्मद खान में पिछले कुछ दिनों से दो पक्षों में विवाद चल रहा था। पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समय दिया।

# 'विश्वासघात', प्रियंका ने वायनाड भूस्खलन के लिए ऋण माफी न करने पर केंद्र को सुनाई खरी-खोटी



कोच्चि, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को जमकर निशाना साधा है। दरअसल, केंद्र सरकार ने केरल उच्च न्यायालय को यह बताया था कि पिछले साल वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के ऋण माफ नहीं किए जाएंगे। इसे लेकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गुरुवार को कहा कि यह विश्वासघात है। हम इस उदासीनता की कड़ी निंदा करते हैं।

**केंद्र ने हलफनामे में क्या कहा?**

केंद्र सरकार ने केरल हाईकोर्ट में दलील दी कि पिछले साल जुलाई में वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के ऋण माफ नहीं किए जाएंगे। इसके बजाय उन्हें प्राकृतिक आपदाओं पर आरबीआई के मास्टर निर्देशों के अनुसार पुनर्निर्धारित या पुनर्गठित किया जाएगा। दरअसल, कोर्ट ने केंद्र से सवाल किया था कि क्या प्रभावित व्यक्तियों की ओर से लिए गए ऋण माफ किए जा सकते हैं? केंद्र ने पहले जस्टिस एके जयशंकरन नांबियार और ईश्वरन एस की पीठ को सूचित किया था कि प्रस्तावित उपाय भूस्खलन पीड़ितों द्वारा लिए गए ऋणों पर रोक और पुनर्गठन तक सीमित हैं।

**प्रियंका गांधी ने कही यह बात**

कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद वाड्रा ने कहा, 'हम इस उदासीनता की कड़ी निंदा करते हैं और वायनाड में अपने भाइयों और बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। वायनाड भूस्खलन पीड़ितों ने अपना सब कुछ खो दिया है- घर, जमीन, आजीविका। फिर भी सरकार ऋण माफी करने से इनकार कर रही है। इसके बजाय उन्हें केवल ऋण पुनर्निर्धारण और पुनर्गठन का सहारा दिया जा है।

**'न्याय मिलने तक हर मंच पर उनकी आवाज उठाएंगे'**

उन्होंने कहा कि यह राहत नहीं है। यह विश्वासघात है। हम इस उदासीनता की कड़ी निंदा करते हैं और वायनाड में अपने भाइयों और बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनके दर्द को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। हम न्याय मिलने तक हर मंच पर उनकी आवाज उठाएंगे।

**हलफनामे में वित्त मंत्रालय ने क्या कहा?**

हलफनामे में केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल 19 अगस्त को केरल की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की एक विशेष बैठक हुई थी। बैठक में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी शामिल हुए थे। इसमें समिति ने प्राकृतिक आपदाओं पर आरबीआई के मास्टर निर्देशों के अनुरूप लागू राहत उपायों को बढ़ाने का फैसला किया था।

**आरबीआई के मास्टर निर्देशों के बारे में जानिए**

आरबीआई के मास्टर निर्देशों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले वित्तीय राहत उपायों में मौजूदा ऋणों का पुनर्गठन या पुनर्निर्धारण शामिल है। इसके लिए एक वर्ष की मोहलत और नए ऋणों का प्रावधान होगा।

सुविचार
भगवान की इच्छा होने का अर्थ है उनकी विशेषताओं को स्वयं में प्रत्यक्ष करना।

# रेवंत रेड्डी ने यंग इंडिया ब्रांड का श्रेय लिया

## खुद को एनटीआर, वाईएसआर, सीबीएन के स्तर पर पहुंचाया



हैदराबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को खुद को एनटी रामा राव और वाईएस राजशेखर रेड्डी जैसे तेलुगू दिग्गजों के स्तर पर लाने का एक और प्रयास किया। उन्होंने दावा किया कि उन्हें "शासन के ब्रांड" के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनटी रामा राव को 2 रुपये प्रति किलोग्राम चावल योजना के लिए याद किया जाता है, जबकि राजशेखर रेड्डी को जलयाग्नम कार्यक्रम के लिए जाना जाता है। उन्होंने यहां यंग इंडिया पुलिस स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि उन्होंने आईटी और एचआईटीईसी सिटी पहल के लिए अपने पूर्व राजनीतिक गुरु एन चंद्रबाबू नायडू को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, "राजनीतिक विश्लेषक और पत्रकार अक्सर मुझसे पूछते हैं कि सत्ता में रहने के 16 महीने बाद भी मैं खुद के लिए कोई ब्रांड नहीं बना पाया। वे यह भी पूछते हैं कि क्या मेरा कार्यकाल किसी की नजर में नहीं आएगा।" "मैं उन्हें हल्के में लेता हूं क्योंकि वे ब्रांड बनाने की मेरी महत्वाकांक्षा को भांपने की स्थिति में नहीं हैं। मैं घोषणा करता हूं कि यंग इंडिया मेरा ब्रांड है।" उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में कई प्रधानमंत्रियों ने देश पर शासन किया, लेकिन देश को विकास की दिशा में बदलने के अपने ऐतिहासिक फैसलों के साथ केवल कुछ ही इतिहास की किताबों में दर्ज हुए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धरतीपुत्र पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव अपनी खुली अर्थव्यवस्था नीतियों, उदारीकरण और निजीकरण नीतियों के लिए जाने जाते थे। उन्होंने कहा, "जब वे ब्रांड की बात करते हैं, तो मेरा ब्रांड यंग इंडिया है। इसी के अनुरूप, यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी फाउंडेशन की स्थापना की गई और यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना की जा रही है।"

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के पहले बैच के छात्रों को 100 प्रतिशत नौकरियां मिली हैं। उन्होंने दावा किया कि जिन कंपनियों ने उन्हें शैक्षणिक पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रशिक्षित किया था, उन्होंने उन्हें अपने में समाहित कर लिया है। उन्होंने कहा, "हम नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी सरकारी स्कूल भी शुरू करने जा रहे हैं। छात्रों को मुफ्त परिवहन और नाश्ता, दोपहर का भोजन और स्नैक्स उपलब्ध कराए जाएंगे।" उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के कर्मियों के बच्चों के लिए एक स्कूल स्थापित करने का वादा कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में शामिल था।



### मंचेरियल में 48 वर्षीय खेत मजदूर की बिजली गिरने से मौत

मंचेरियल, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को चेन्नूर मंडल के नागापुर गांव में एक कृषि क्षेत्र में बिजली की मोटर की मरम्मत करते समय गलती से तार छू जाने से 48 वर्षीय एक खेत मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कनाला लिंगैया की मौके पर ही मौत हो गई, जब वह बिजली की मोटर को बिजली की आपूर्ति करने वाले तार के संपर्क में आ गया। उसे बदिकेला लछैया ने एक इलेक्ट्रीशियन की मदद के लिए रखा था, जो दुर्घटना के समय मोटर की मरम्मत कर रहा था। लिंगैया के एक परिवार के सदस्य से प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

# बारिश से नुकसान

## हरीश राव ने 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की मांग की



सिद्दीपेट, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने राज्य सरकार से गुरुवार को बारिश और ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसलों के लिए 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है। अपने निर्वाचन क्षेत्र में फसलों के नुकसान की जानकारी मिलने के बाद हरीश राव ने कृषि और बागवानी अधिकारियों से बात की और बारिश से किसानों को हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे गणना करें ताकि वे मुआवजे के लिए दबाव बना सकें। राव ने चिन्ना कोडुर और नांगनूर मंडलों के कुछ किसानों से भी बात की और नुकसान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को सांत्वना दी और उन्हें आश्वासन दिया कि वे सरकार से उनके नुकसान की भरपाई करवाएंगे। हरीश राव के सुझाव के बाद, बीआरएस नेताओं ने नुकसान का आकलन करने के लिए पूरे निर्वाचन क्षेत्र में कृषि क्षेत्रों का दौरा किया।

### सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर 26 लाख रुपये मूल्य का मारिजुआना जब्त



हैदराबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सिकंदराबाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों के साथ नियमित जांच के दौरान रात सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर छोड़े गए सामान से 26 लाख रुपये मूल्य का 52 किलोग्राम मारिजुआना जब्त किया है। जीआरपी और आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, रेलवे स्टेशन के टफामों पर नियमित जांच के दौरान उन्हें संख्या % पर काजीपेट छोर की ओर एक फूड स्टॉल के पास चार बैग रखे हुए मिले। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, "हमने आस-पास के इलाकों में मौजूद रेल यात्रियों, दुकानदारों और फेरीवालों से बैग के बारे में पूछताछ की, लेकिन कोई स्पष्टता नहीं थी। जब हमने बैग खोलकर जांच की, तो पाया कि प्रतिबंधित पदार्थ भूरे रंग के रस्टर में लपेटा हुआ था और उसमें भरा हुआ था।" ड्रग्स से भरे लावारिस बैग को जब्त कर लिया गया है और उनके मालिकों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### महिला ने नवजात बेटी की हत्या कर खुद भी लगा ली फांसी

पेड्डापल्ली, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पेड्डापल्ली कस्बे में 26 वर्षीय महिला लोका साहिथी ने कथित तौर पर अपनी डेढ़ साल की बेटी रिथिन्या की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, साहिथी ने अपनी बेटी को फांसी लगाकर मार डाला और बाद में उसी रस्सी से खुद भी फांसी लगा ली। बुधवार रात जब साहिती के पति वेणुगोपाल रेड्डी घर आए तो दोनों के शव लटके हुए मिले। रेड्डी पेड्डापल्ली एलआईसी कार्यालय में काम करते थे।

# हैदराबाद हवाई अड्डे ने स्काईट्रैक्स से

## " दक्षिण एशिया में 2025 का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा स्टाफ पुरस्कार जीता




हैदराबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएचआईएएल) को स्काईट्रैक्स द्वारा चौथी बार "भारत और दक्षिण एशिया में सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट स्टाफ 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह घोषणा स्पेन के मैड्रिड में पैसेंजर टर्मिनल एक्सपो 2025 में आयोजित एक समारोह के दौरान की गई, जहां हैदराबाद हवाई अड्डे ने भारत और दक्षिण एशिया के सभी प्रतिस्पर्धियों के बीच खुद को प्रमुख हवाई अड्डे के रूप में प्रतिष्ठित किया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान यात्रियों के लिए एक सहज, सुविधाजनक और वास्तव में असाधारण यात्रा बनाने के लिए हवाई अड्डे के समर्पण का जश्न मनाता है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह पुरस्कार सभी ग्राहक संपर्क बिंदुओं पर रवैया, मित्रता और दक्षता सहित स्टाफ सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाले कठोर ऑडिट के बाद दिया गया है।

हवाई अड्डे ने कई यात्री-केंद्रित नवाचारों को लागू किया है, जिसमें शहर के किनारे चेक-इन, प्रतीक्षा समय को कम करने वाले डिजिटल समाधान, आराम के लिए डिज़ाइन किए गए आरामदायक लाउंज, सभी प्राथमिकताओं को पूरा करने वाले विविध भोजन और खरीदारी के विकल्प और विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी शामिल हैं जो विशेष आवश्यकताओं वाले यात्रियों की सहायता के लिए समर्पित हैं।

# वाईएस जगन की पत्नी भारती के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने वाले पार्टी कार्यकर्ता को टीडीपी ने निलंबित किया

अमरावती, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी की पत्नी वाईएस भारती के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए अपने कार्यकर्ता चेब्रोलू किरण को निलंबित कर दिया। किरण द्वारा इस्तेमाल की गई अनुचित भाषा को गंभीरता से लेते हुए टीडीपी नेतृत्व ने उन्हें निलंबित कर दिया। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व कर रही टीडीपी ने साफ कर दिया है कि वह महिलाओं के बारे में ऐसी टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

टीडीपी नेतृत्व ने किरण के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का भी आदेश दिया है। टीडीपी नेताओं की शिकायत पर गुंटूर पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। किरण ने एक यूट्यूब चैनल पर यह टिप्पणी की थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी जताई थी। वाईएसआर कांग्रेस



पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने किरण की टिप्पणी की निंदा की और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। वाईएसआरसीपी के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया है, "अस्वीकार्य और शर्मनाक! टीडीपी के एक सदस्य ने पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी के परिवार के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। यह राजनीतिक नफरत से परे है - यह पूरी तरह से अपमानजनक है। हम तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं।" वाईएसआरसीपी नेताओं और जगन मोहन रेड्डी के समर्थकों ने जगन के परिवार के खिलाफ चेब्रोलू किरण की अश्लील और नफरत भरी टिप्पणी की निंदा की।

उन्होंने उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। विभिन्न क्षेत्रों से उनकी टिप्पणी की कड़ी निंदा किए जाने के बाद किरण ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया था। नेल्लोर जिले में वाईएसआरसीपी नेताओं ने बुधवार को जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के लिए एक फेसबुक अकाउंट के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पूर्व मुख्यमंत्री की छेड़छाड़ की गई तस्वीरों और वीडियो को पोस्ट करने के लिए फेसबुक यूजर महाराज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। वाईएसआरसीपी नेताओं ने पुलिस से उस व्यक्ति की पहचान करने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। आंध्र प्रदेश में सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट कोई नई बात नहीं है। जब वाईएसआरसीपी सत्ता में थी, तब टीडीपी के कई समर्थकों पर तत्कालीन मुख्यमंत्री, उनके परिवार के सदस्यों और वाईएसआरसीपी के अन्य नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक और अश्लील पोस्ट करने के लिए मामला दर्ज किया गया था।पिछले साल जून में टीडीपी के नेतृत्व वाले एनडीए के सत्ता में आने के बाद, पुलिस ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, मंत्री नारा लोकेश और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक पोस्ट करने के लिए कई वाईएसआरसीपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायतों की जांच शुरू की।

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा और अभिनेता पोसानी मुरली कृष्ण वाईएसआरसीपी के प्रमुख समर्थकों में से थे, जिन पर पुलिस ने सीएम नायडू, पवन कल्याण और अन्य के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के लिए मामला दर्ज किया था। मुरली कृष्ण को उनके खिलाफ दर्ज विभिन्न मामलों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया।

# भीषण गर्मी और आंधी-तूफान की दोहरी मार पड़ने वाली है

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मौसम के लिहाज से, तेलंगाना राज्य के लिए यह सचमुच दोहरी मुसीबत है! विपरीत मौसम की स्थिति में, हैदराबाद सहित तेलंगाना राज्य के लगभग सभी प्रमुख जिलों में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा और साथ ही, कुछ जिले ऐसे भी होंगे, जहां बिजली और तेज़ हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) हैदराबाद के पूर्वानुमान में कहा गया है कि हैदराबाद, रंगारेड्डी और मेडचल-मलकाजगिरी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं, वहीं कई अन्य जिले भी हैं जहां भीषण गर्मी पड़ेगी। आईएमडी-हैदराबाद ने रविवार 13 अप्रैल तक कई जिलों के लिए तीव्र गर्मी और तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि का नारंगी अलर्ट जारी किया है। साथ ही, इसने आज (गुरुवार) और शुक्रवार के लिए बिजली और तेज हवाओं (40 से 50 किमी प्रति घंटे) के साथ तीव्र गरज के साथ बारिश का नारंगी अलर्ट भी जारी किया है। जबकि हैदराबाद में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और आदिलाबाद, कोत्तागुडेम, हनुमाकोंडा, जगतियाल, जयशंकर भूपालपल्ली, जोगुलम्बा गडवाल, कामारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, महबूबनगर, मंचेरियल, मेदक, मुलुगु, नलगोंडा, निर्मल, निज़ामाबाद, निर्मल, नारायणपेट सहित कई जिलों में 40 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान रहेगा। आईएमडी-हैदराबाद ने कहा कि पेद्दापल्ली, राजन्ना सिरसिला आदि में 41 डिग्री सेल्सियस और 44 डिग्री सेल्सियस के बीच तीव्र गर्मी का अनुभव होगा।

# पूर्व विधायक शकील आमिर को दुबई से आने पर हैदराबाद हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया

हैदराबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व विधायक शकील आमिर मोहम्मद को गुरुवार को आरजीआई एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया, जब वह दुबई से अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे, जिनका कल रात निधन हो गया था। हालांकि, उन्हें अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी गई और वह बोधन के लिए रवाना हो गए। शकील आमिर के खिलाफ पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था, क्योंकि उसके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद वह कथित तौर पर दुबई भाग गया था। विधायक के बेटे राहील आमिर उर्फ साहिल ने दिसंबर 2023 में प्रजा भवन के सामने पुलिस बैरिकेड में अपनी कार घुसा दी थी। विधायक ने इस मामले में अपने बेटे को भागने में मदद की थी और जब यह बात सामने आई तो पुलिस ने उसे मामले में आरोपी बनाया। बाद में वह दुबई चला गया और वहीं रहने लगा। शकील आमिर गुरुवार को पहुंचा और उसके खिलाफ एलओसी लंबित होने के कारण एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और बाद में उसे उसकी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दे दी।












### आशीष ने पक्षीविज्ञान में योगदान के लिए जीता प्रतिष्ठित एचएच ब्लूमर पुरस्कार

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के स्व-शिक्षित पक्षी विज्ञानी आशीष पिट्टी को लिनियन सोसाइटी ऑफ लंदन द्वारा 2025 के प्रतिष्ठित एचएच ब्लूमर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार शौकिया प्रकृतिवादियों द्वारा जैविक ज्ञान के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है - और पिट्टी के मामले में, यह पक्षियों, पुस्तकों और समुदाय के लिए समर्पित जीवन का जश्न मनाता है। पिट्टी ने कहा कि इसने मुझे चौंका दिया है! मैं बहुत ही विनम्र और बहुत खुश हूँ कि शौकिया पक्षीविज्ञानियों के काम को मान्यता मिल रही है। 1788 में स्थापित, लिनियन सोसाइटी प्राकृतिक इतिहास पर केंद्रित दुनिया की सबसे पुरानी सक्रिय संस्था है। इस वर्ष कई

### गांजा तस्करी के आरोप में 2 लोगों को पकड़ा

### 5.7 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अफजलगंज पुलिस ने कथित तौर पर गांजा तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 5.7 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में ओडिशा के मलकानगिरी के रहने वाले मनोज माधी (19) और सुरेश कबासी (21) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों व्यक्ति ओडिशा के गांजा आपूर्तिकर्ता करयाना मुदु के कहने पर ओडिशा से गांजा लेकर शहर आए थे और इसे पाटनचेरुवु के सुरेश को सौंपने के लिए इंतजार कर रहे थे, तभी सूचना मिलने पर उन्हें एमजीबीएस पार्किंग स्थल पर पकड़ लिया गया। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## बैंक में रखी बेतिया की महारानी की तिजोरी का अब खुलेगा ताला, ऐतिहासिक दस्तावेज का राज खुलेगा



प्रयागराज, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रयागराज स्थित भारतीय भारतीय स्टेट बैंक की त्रिवेणी शाखा में रखी बेतिया राज की महारानी जानकी कुंवर की तिजोरी में कई राज हैं। इसमें ऐतिहासिक दस्तावेजों के अलावा 200 करोड़ रुपये से ज्यादा के हीरे और सोने के जेवरात भी हैं। बिहार सरकार की ओर से अब इस तिजोरी को खुलवाने की तैयारी की गई है। इसी माह अप्रैल में इस तिजोरी का ताला खोलने की तैयारी जिला प्रशासन की ओर से की जा रही है। जिला प्रशासन ने इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित कर दी है। बेतिया रियासत की इस तिजोरी में राजघराने से संबंधित ऐतिहासिक दस्तावेज भी हैं।

बिहार सरकार बेतिया राज के आखिरी राजा हरेंद्र किशोर सिंह व उनकी पत्नी जानकी कुंवर की संपत्ति अपने कब्जे में लेने जा रही है। सभी तरह की संपत्तियां खंगाली जा रही हैं। रानी जानकी कुंवर अपने आखिरी समय में प्रयागराज में ही रहीं।

ऐसे में उनकी तिजोरी एसबीआइ की शाखा में भी रखी हुई है। इसमें रखे जेवरात बिहार के संग्रहालय में रखे जाएंगे। बेतिया राजघराने के आखिरी राजा हरेंद्र की दूसरी पत्नी जानकी से शादी के 22 दिन बाद ही 26 मार्च 1893 को निधन हो गया। पहली पत्नी रतन कुंवर ने राजभार संभाला लेकिन 24 मार्च 1896 को उनकी भी मृत्यु हो गई। दूसरी पत्नी जानकी ने साम्राज्य संभाला लेकिन अंग्रेजों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया। जानकी प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित महल में रहने लगीं। जानकी का इसी भवन में 24 नवंबर 1954 को निधन हो गया था। बेतिया राज के अभिलेखागार में मौजूद अभिलेख में यह दर्शाया गया है कि बेतिया महारानी जानकी कुंवर के जीवन काल में हीं वर्ष 1939 में कई महत्वपूर्ण हीरे मोती स्वर्णाभूषण एवं अन्य जवाहरात तत्कालीन राज प्रबंधक ने उस समय के इंपीरियल बैंक पटना एवं इंपीरियल बैंक इलाहाबाद शाखा में धरोहर के रूप में सुरक्षित रखवा दिया था। बताया गया है कि इन आभूषणों एवं कीमती सामानों में मोतियों की माला, नवरत्न नेकलेस, स्वर्ण जड़ित पलंग, सोने का चंद्रहार आदि शामिल हैं।

बेतिया राज के अभिलेखागार में प्राप्त अभिलेखों के मिलने के बाद राजस्व परिषद ने भी भारतीय स्टेट बैंक प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं पटना के एसबीआइ के उप महाप्रबंधक को पत्र भेजकर इन जवाहरातों की खोज करने की बात कही है। अब बैंक की ओर से इन बक्सों को खोलने का काम आंरभ किया गया है। प्रयागराज में एसबीआइ की त्रिवेणी शाखा में तिजोरी रखे जाने की पुष्टि हो गई है, जिसका ताला जल्द खोला जाएगा। यह ताला मुख्य राजस्व अधिकारी, एसडीएम, एसीपी तथा बिहार राजस्व परिषद के यहां तैनात अधिकारी के सामने खोला जाएगा।

### चचेरे भाई की हत्या की दी गवाही, फिर दो दिन बाद फौजी की मिली लाश सिर और सीने पर लगी थी गोली

सहारनपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक फौजी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक फौजी का नाम विक्रांत है, जो कुछ दिन पहले ही छुट्टी मिलने के बाद अपने घर आया था। वह जम्मू-कश्मीर में तैनात था। जानकारी के मुताबिक, जवान विक्रांत देर रात घर से बाहर निकला था और आज सुबह उसका शव गांव के बाहर पड़ा मिला। मृतक के सीने और सिर पर गोली लगी है। सेना के जवान की हत्या हुई है या कोई और वजह है पुलिस उसकी जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची इसके अलावा फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया है।

### 5 बच्चों की मां 4 बच्चों के बाप के साथ भागी, घर से सारे पैसे भी ले गई; पति लगा रहा थाने का चक्कर

सिद्धार्थनगर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। यूपी के सिद्धार्थनगर जिले के सदर थाना क्षेत्र के महरिया गांव में विवाहेतर संबंध रखने वाले एक जोड़े ने अपने अपने जीवनसाथी और कुल नौ बच्चों को छोड़कर भागकर शादी कर ली। दोनों परिवारों को 'फेसबुक' पोस्ट के जरिए इस शादी के बारे में पता चला। गांव वालों के मुताबिक महरिया गांव के इन दोनों विवाहित जोड़ों ने अपने परिवार और बच्चों को छोड़कर भागकर शादी कर ली। महरिया गांव की रहने वाली गीता एक सप्ताह पहले इसी गांव के गोपाल नाम के व्यक्ति के साथ भाग गई थी और दोनों ने शादी कर ली। लोगों को इस बात की जानकारी तब हुई जब पांच अप्रैल को गांव वालों ने गोपाल के 'फेसबुक' अकाउंट पर गीता और गोपाल की शादी की कुछ तस्वीरें देखीं, जिन्हें गोपाल ने साझा किया था। गांव वालों ने तुरंत गीता के पति श्रीचंद और गोपाल की पत्नी को इस बात की जानकारी दी। अब तक गीता के ससुराल वाले यही समझ रहे थे कि वह नाराज होकर अपने मायके गई हुई है,

जबकि गोपाल के परिवार वाले समझ रहे थे कि वह किसी काम से बाहर गया हुआ है। 'फेसबुक' पर वायरल तस्वीरें देखने के बाद गोपाल और गीता के परिवार में कोहराम मच गया। घर से भागी गीता के पांच बच्चे हैं, जिसमें चार बेटियां और एक बेटा शामिल है। गीता की सबसे बड़ी बेटी 19 साल की है जबकि सबसे छोटी बेटी पांच साल की है। गीता के पति श्री चंद का कहना है कि वह मुंबई में वड़ा पाव बेचता है। पिछले कुछ दिनों से वह घर पर ही मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उसने बताया कि उसकी पत्नी गोपाल के घर काफी आती-जाती थी।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल-तेजस्वी पर साधा निशाना
## कहा- मुसलमान विरोधी हैं तेजस्वी यादव राहुल गांधी को खुद नहीं पता क्या बोलते हैं



बेगूसराय, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि तेजस्वी मुसलमानों के खिलाफ हैं। दरअसल, तेजस्वी ने कहा था कि 2025 बिहार में आरजेडी की सरकार बनने पर संशोधित किए गए वक्फ बिल को निरस्त करेंगे। इसपर पलटवार करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि आरजेडी की सरकार बनना ही नहीं है। संसद से जो कानून पास होता है, वह पूरे देश में लागू होता है। गिरिराज सिंह ने कहा कि संसद पूरे देश का है। तेजस्वी यादव गरीब पसमांदा मुसलमान के खिलाफ हैं। तेजस्वी यादव नहीं चाहते हैं कि गरीब मुसलमान और महिलाओं को हक मिले। तेजस्वी यादव इसीलिए अनाप-शनाप बोल रहे हैं। तेजस्वी यादव गरीब पसमांदा मुसलमान के विरोधी हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि वक्फ बोर्ड में कानून इसलिए बना है कि गरीब मुसलमानों को हक मिले, पसमांदा मुसलमान समाज को हक मिले, महिलाओं को हक मिले, तेजस्वी यादव के ठेकेदारों को हक नहीं मिले। इसलिए वह कुछ से कुछ बोलकर लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

**राहुल गांधी को खुद ही पता नहीं, क्या बोलते हैं**

राहुल गांधी द्वारा जनगणना का सवाल उठाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को खुद ही पता नहीं है कि क्या बोलते हैं। वह राजा के घर में पैदा लिए हैं, राजा की तरह जो मन में होता है बोलते हैं। जनगणना बिहार में हो गया है, कई राज्यों में हो गया है। अब वह क्या से क्या बोल रहे हैं। राहुल गांधी के बेगूसराय में पदयात्रा करने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी बेगूसराय में 45 मिनट की यात्रा किए। बेगूसराय एक ऐसा स्थान है जो राजनीतिक केंद्र है, औद्योगिक केंद्र है और यहां 45 मिनट में परिवर्तन के लिए आए थे राहुल गांधी। परिवर्तन किस बात का, उनके पिताजी ने इसी बेगूसराय की धरती पर 1985 में कहा था कि पेट्रोकेमिकल्स होगा। दो बार लोगों से वोट लिया, पेट्रोकेमिकल्स कहां गया, जहन्नुम में चला गया ? नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और पेट्रोकेमिकल बन रहा है, 25 हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट हो रहा है। यह नौटंकी के सिवा कुछ नहीं है, राहुल गांधी आएंगे तो क्या हो जाएगा। कन्हैया को चेहरा बनाने के सवाल पर कहा कि जिसको बनाना है बनाएं, हमको उससे क्या।

### तेजस्वी यादव के खुद को सीएम उम्मीदवार बताने पर चिराग पासवान की पार्टी का बड़ा बयान, कहा- 'बहुत हिम्मत'

पटना, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने पटना में आयोजित मुसहर-भुइयां महारैली में खुद को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बताया। इसको लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से सांसद अरुण भारती की प्रतिक्रिया आई है। एएनआई से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अगर तेजस्वी यादव बिना गठबंधन की सहमति के खुद को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बता रहे हैं तो मैं मानता हूं कि उनके पास विशेष अधिकार है और ये उनका विशेष अधिकार तब से है, जब से बिहार में आरजेडी की सरकार आई। उन्होंने कहा कि चाहे जंगलराज कांड हो, चाहे भ्रष्टाचार का हो, इसके बावजूद भी वो आगे बढ़कर कह रहे हैं

## मौलाना ने बताए नए कानून के फायदे, मुस्लिमों से कहा- मस्जिदों और मदरसों को खतरा नहीं



बरेली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन कानून से आम मुसलमानों का कोई नुकसान नहीं है, बल्कि फायदा होगा। इस कानून से धार्मिक स्थलों को भी किसी तरह का खतरा नहीं है। कुछ राजनीतिक लोग मुसलमानों को गुमराह करने में लगे हैं कि मस्जिदें और मदरसे छीन लिए जाएंगे। इस तरह की बातें मुसलमानों को भ्रमित करने, उकसाने और भड़काने वाली हैं। यह बातें आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रेस वार्ता में कहीं। बरेलवी मौलाना ने मुसलमानों से अनुरोध करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शन करने से परहेज करें। बरेलवी मौलाना ने कहा कि वक्फ कानून से घबराने और डरने की जरूरत नहीं है, और न ही कोई उग्र धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। मौलाना ने कहा कि सीएए के प्रकरण में राजनीतिक लोगों के बहकावे में मुसलमान सड़कों पर उतरे और धरना प्रदर्शन किए। घटनाएं उग्र होने पर उत्तर प्रदेश में 27 नौजवानों की मृत्यु हो गई और सैकड़ों को जेल में जाना पड़ा, इसलिए अमन व शांति के साथ अपनी बात को रखें। मौलाना ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून गरीब व कमजोर मुसलमानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद करेगा। इससे बच्चों को अच्छी शिक्षा, अनाथ बच्चों, विधवा महिलाओं की मदद होगी। स्कूल, कालेज, मदरसे, हास्पिटल और अनाथालय खोले जाएंगे, जिससे गरीब मुसलमानों का पिछड़ापन दूर होगा। मौलाना ने कहा कि मस्जिदों, मदरसों, ईदगाहों, कब्रिस्तानों, दरगाहों को कोई खतरा नहीं है। इन धार्मिक स्थलों में हुकूमत कोई भी हस्तक्षेप नहीं कर सकती। इस दौरान मौलाना अनीस उर रहमान, मौलाना मुजाहिद हुसैन, रोमान अंसारी, असलम खां, काशीफल अली, फूल मियां आदि मौजूद रहे।

### बीपीएससी टीचर लापता, दरभंगा पुलिस को पकड़ौआ विवाह का शक

पटना, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के दरभंगा जिले से एक बीपीएससी टीचर लापता है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। परिजनों का आरोप है कि शादी के लिए टीचर का अपहरण किया गया है। दरभंगा जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय ढंगा में पदस्थापित शिक्षक राकेश कुमार का पकड़ौआ विवाह के लिए अपहरण किये जाने के बाद पुलिस छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार अपहृत शिक्षक राकेश को कुछ लोगों ने दरभंगा व समस्तीपुर जिले के सीमावर्ती थाना विथान के इलाके में छुपा कर रखा हुआ है। मध्य विद्यालय ढंगा के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने राकेश का अपहरण किये जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि कुशेश्वरस्थान निवासी बीपीएससी उत्तीर्ण शिक्षक राकेश बगल के चतरा गांव में डेरा रखे हुए थे। जहां से वे स्कूल आया जाया करते थे। राकेश के मोबाइल पर जब उन्होंने स्कूल नहीं पहुंचने के सबंध में फोन किया तो उसका मोबाइल कोई ध्वनि संकेत नहीं दे रहा था। उनके परिजनों से जब संर्पक किया गया, तो बताया गया कि शिक्षक राकेश का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। जमालपुर थाना के थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने किरतपुर अंचल के मध्य विद्यालय ढंगा के नवनियुक्त शिक्षक राकेश कुमार को अगवा किए जानेकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के परिजनों की ओर से दिए गये आवेदन के आधार पर थाने में एक कांड अंकित कर अपहृत शिक्षक की बरामदगी के लिए पुलिस अपनी जांच शुरू कर दिया है।

## एएसआई ने जामा मस्जिद के बोर्ड पर लिखा जुमा, नाम बदलने पर छिड़ा विवाद, कमेटी बोली- गलत परंपरा



संभल, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। संभल की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार मसला नाम को लेकर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मस्जिद के बाहर लगाए जाने वाले नए बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखवाया है। दस्तावेज़ों और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। यही नहीं, 1927 में मस्जिद कमेटी और एएसआई के बीच हुए समझौते में भी इसी नाम का उल्लेख किया गया था। जामा मस्जिद कमेटी के उप सचिव मशहूद अली फारूखी ने स्पष्ट कहा है कि जब ऐतिहासिक रिकॉर्ड और एग्रीमेंट में जामा मस्जिद लिखा है तो एएसआई को मनमाने ढंग से जुमा नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जल्द ही एएसआई से बात की जाएगी। 1920 से एएसआई द्वारा संरक्षित इस इमारत का बोर्ड पहले मस्जिद परिसर के भीतर लगा था लेकिन अब इसे बाहर लगाया जाना है। यह बोर्ड तैयार हो चुका है, जिस पर जुमा मस्जिद लिखा गया है। वहीं, मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने कहा कि यह मस्जिद शाही जामा मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है। देशभर में इसी नाम से जानी जाती है। उन्होंने एएसआई द्वारा नाम बदलने को एक नई गलत शुरुआत बताया और कहा कि इससे एक और विवाद खड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि कमेटी की ओर से जल्द ही इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और मांग की जाएगी कि मस्जिद के ऐतिहासिक नाम से कोई छेड़छाड़ न हो। दूसरी तरफ एएसआई के अधिवक्ता विष्णु कुमार शर्मा का कहना है कि मस्जिद पहले से ही संरक्षित इमारत है और उसका बोर्ड परिसर के भीतर लगा था। अब नया बोर्ड बाहर लगाया जाएगा, लेकिन यह काम एएसआई की सुविधा के अनुसार किया जाएगा। गौरतलब है कि 24 नवंबर को मस्जिद परिसर में सर्वे को लेकर तनाव और हंगामा हो गया था। इसके बाद से यह मस्जिद देशभर में सुर्खियों में बनी हुई है। उधर, हिंदू पक्ष द्वारा 19 नवंबर 2024 को चंदौसी स्थित अदालत में दायर याचिका में मस्जिद का नाम जामी मस्जिद लिखा गया था। इस पर भी मस्जिद कमेटी ने आपत्ति जताई है। उप सचिव फारूखी का कहना है कि जामा उर्दू शब्द है और जामी अरबी से लिया गया है। दोनों का मतलब एक ही होता है, लेकिन जुमा मस्जिद जैसा कोई शब्द प्रचलन में नहीं है। कमेटी का स्पष्ट कहना है कि मस्जिद का नाम वही रहना चाहिए जो इतिहास और समझौतों में दर्ज है।

### 'प्रधानमंत्री देश को बेच देंगे' खरगे के बयान पर आ गया मोदी के 'हनुमान' चिराग पासवान का बयान



पटना, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीते अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अहमदाबाद अधिवेशन में यह कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश को बेच देंगे'। इस पर खुद को मोदी का हनुमान बताने वाले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस की मानसिकता को समझ ही नहीं पाया कि वो एक व्यक्ति का विरोध करते-करते, ये भी भूल गए कि वो देश का अपमान करने लग गए हैं। चिराग पासवान ने आगे कहा, यह वही लोग हैं जिनके कार्यकाल में एक से एक बड़े घोटाले इस देश ने देखे हैं। आज देश में एक ऐसे प्रधानमंत्री जिन्होंने देश में घोटालों पर, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगाने का काम किया है। एक ऐसे प्रधानमंत्री जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाने का किया है। अंतरिक्ष के माध्यम से कैसे दुनिया में भारत की पहचान बने, हर स्तर पर उस व्यक्ति ने काम किया है।

चिराग ने कहा कि एक ऐसा व्यक्ति जिसने गांव में महिलाओं की स्वास्थ की चिंता करते हुए शौचालय तक की भी सोच रखी तो वहीं अंतरिक्ष के माध्यम से देश को कैसे सुरक्षित रखा जाए इसकी सोच भी उस प्रधानमंत्री ने की। उनके लिए आप इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं? मल्लिकार्जुन खरगे बहुत बड़े हैं और बहुत अनुभवी हैं।

## कुशीनगर में एसडीएम की निकाह में हेलीकॉप्टर से आया दूल्हा, एक झलक पाने के लिए उमड़ा पूरा गांव





कुशीनगर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सलेमगढ़ कस्बा निवासी व महोबा की एसडीएम सल्तनत परवीन का निकाह सोना व्यापारी मुहम्मद रजा खान के साथ बुधवार की रात धूमधाम से संपन्न हो गया। लखनऊ से हेलीकाप्टर से शादी करने आए दूल्हे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। एसडीएम का निकाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। निकाह को लेकर बीते कई दिनों से तैयारियां चल रहीं थीं। सलेमगढ़ के गेंदा खेली मैदान में हेलीकाप्टर के उतरने के लिए हेलीपैड बनाया गया था। लखनऊ निवासी दूल्हे का हेलीकाप्टर पांच बजे जब यहां पहुंचा तो देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। हेलीकॉप्टर से उतरे दूल्हे का लोगों ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया। वहीं लड़की पक्ष के लोगों ने फूल माला पहना कर अभिवादन किया। एसडीएम के भाई अल्ताफ खान, नसीम खान, फिरोज खान, जावेद खान, दानिस खान, अयान खान आदि ने हैलीपेड पर दूल्हे का भव्य स्वागत किया। स्वागत के लिए परिसर में हाथी, घोड़े व वाद्ययंत्र का भी इंतजाम था। हेलीपैड से थार गाड़ी से दूल्हे को पुलिस प्रशासन ने अपनी देख रेख में विश्राम स्थल पहुंचाया। लगभग 45 मिनट के पश्चात हेलीकाप्टर वापस चला गया। हेलीकाप्टर जाने के बाद ही भीड़ वहां से हटी। वहीं पांच बजे दूल्हे के आने के निर्धारित समय के तीन घंटे पूर्व यानी दोपहर दो बजे से ही गेंदा खेली मैदान में लोग जुटने शुरू हो गए थे। इसमें महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे आदि प्रमुख रहे। एसडीएम सल्तनत परवीन के पिता शमीम खान ने बताया कि रात आठ बजे के बाद निकाह संपन्न हुआ।

## पत्नी सिमरन का स्टेट्स देख टूटा राज, मौत को लगाया गले
### आत्महत्या मामले में सात लोगों पर एफआईआर

बरेली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के आकांक्षा एनक्लेव निवासी राज आर्य की आत्महत्या के मामले में उसकी पत्नी सिमरन समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मृतक के भाई सुरेश की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में सिमरन के साथ ही उसका सागर, उसके माता-पिता और बहन बहनोई को नामजद किया गया है। सागर बरेली पुलिस का सिपाही है। सुरेश ने बताया कि उनका भाई राज अपने ससुरालवालों के उत्पीड़न से त्रस्त था। इन लोगों ने उसके खिलाफ महिला थाने में झूठी शिकायत कर रखी थी और सिमरन धमकाने वाले स्टेट्स लगाकर परेशान करती थी कि राज और उसके घरवालों को जेल में सड़वा देगी। राज के सामने ही ससुरालवालों ने उनके पिता की बेइज्जती की थी। इससे राज काफी परेशान थे और शादी के एक साल के अंदर ही बुरी तरह टूट चुका थे। भाई सुरेश ने बताया कि राज आर्य की शादी अप्रैल 2024 में शाहजहांपुर की युवती से हुई थी।



युवती का भाई पुलिस विभाग में सिपाही है और उसकी तैनाती बरेली में ही है। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में झगड़ा रहता था। भाई की पत्नी अक्सर मायके वालों को बुला लिया करती थी। उसने राज को जेल भिजवाने की धमकी भरा स्टेट्स भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सभी सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना के आधार पर गिरफ्तारी की जाएगी। बृहस्पतिवार को राज के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## नहीं पहुंच पाया था महाकुंभ
### अब 50 लाख रुपये देने के लिए रेलवे अधिकारियों को नोटिस



मुजफ्फरपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रेलवे की लापवाही एक मामला सामने आया है। रेवले की लापवाही के चलते एक व्यक्ति अपने सास-ससुर के साथ महाकुंभ में स्नान करने के लिए नहीं जा पाया था। दरअसल, मुजफ्फरपुर के गायघाट सुबास केशो निवासी राजन झा अपने सास-ससुर के साथ 27 जनवरी को मुजफ्फरपुर से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वाले थे। उन्होंने महाकुंभ में जाने के ट्रेन की टिकट बुक कराई थी। वो अपने सास-ससुर के साथ ट्रेन पकड़ने स्टेशन गए, लेकिन ट्रेन में चढ़ नहीं पाए। क्योंकि ट्रेन की बोगी का गेट अंदर से बंद थी। उन्होंने इसकी शिकायत रेलवे प्रशासन से की, लेकिन शिकायक के बाद भी रेल प्रशासन ने ट्रेन की बोगी नहीं खुलवाई। इसकी वजह से वो लोग महाकुंभ स्नान के लिए नहीं जा पाए थे। इसके बाद पीड़ित ने मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा के जरिये मुजफ्फरपुर के उपभोक्ता आयोग में रेलवे के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया और 50 लाख रुपयों मुआवजे का दावा किया। अब इसी मामले पर मुजफ्फरपुर के उपभोक्ता आयोग की ओर से रेलवे के स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर, डीआरएम सोनपुर रेल मंडल, जीएम ईस्ट सेंट्रल रेलवे, भारतीय रेल के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है।

**9 जुलाई को होगी मामले की अगली सुनवाई**

वहीं अधिवक्ता ने बताया कि अब इस मामले में अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। आयोग ने इस सुनवाई में सभी पक्षकारों को मौजूद रहने का आदेश दिया है। मुजफ्फरपुर से प्रयागराज तक यात्रियों को समय पर पहुंचाने की पूरी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की थी, लेकिन रेवले ऐसा करने में नाकाम रहा। ये महाकुंभ 144 सालों के बाद लगा था। राजन झा और उनके स्वजनों को मौनी अमावस्या का अमृत स्नान करना था, लेकिन रेलवे की लापरवाही से वो लोग नहीं जा पाए थे।

# 80400 अवैध सिगरेट बेचने की फिराक में था दानिश, सीओटीपीए एक्ट के तहत हुई कार्रवाई



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के हौज काजी इलाके में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 साल के 'इंटीरियर डिजाइनर' मोहम्मद दानिश के फ्लैट से 8.04 लाख रुपये कीमत की प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मोहम्मद दानिश को 8 अप्रैल को उसके फ्लैट पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस को दानिश के बारे में गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी में दानिश के फ्लैट से 5 लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की 80,400 सिगरेट बरामद हुईं। बता दें कि देश में ये सिगरेट प्रतिबंधित हैं क्योंकि इन पर भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनिवार्य वैधानिक स्वास्थ्य चेतावनियां अंकित नहीं थीं। यह सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम यानी कि सीओटीपीए का उल्लंघन है, जिसके तहत इनकी बिक्री अवैध मानी जाती है। पूछताछ में दानिश ने खुलासा किया कि वह पिछले 2 सालों से प्रतिबंधित सिगरेट की तस्करी और सप्लाई के धंधे में शामिल था। उसने बताया कि वह फरमान नाम के शख्स और उसके सहयोगियों से ये सिगरेट खरीदता था और फिर इन्हें मुनाफे पर लोकल दुकानदारों को बेचता था।

**दानिश ने किरोड़ीमल कॉलेज से की है पढ़ाई**

दानिश दिल्ली यूनिवर्सिटी के किरोड़ीमल कॉलेज से बीए (ऑनर्स) की डिग्री लिए हुए है। वह मौजपुर में एक 'फिश एक्वेरियम' से जुड़ी दुकान का मालिक है और साथ ही इंटीरियर डिजाइनर के रूप में भी काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि जल्दी पैसा कमाने के लालच में वह इस धंधे में शामिल हुआ। पुलिस ने बताया कि जब्त सिगरेट की कीमत बाजार में 8.04 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए जांच जारी है। दानिश के खिलाफ सीओटीपीए और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ग्वालियर में धागा कारखाने में लगी भीषण आग, पांच सिलेंडर फटे, दो दमकल कर्मी घायल

ग्वालियर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्वालियर के खासगी बाजार इलाके में एक चार मंजिला इमारत में आग लगने की घटना सामने आई है। आग इतनी भयावह थी कि पूरी बिल्डिंग में लपटें फैल गईं। इस दौरान पांच एलपीजी गैस सिलेंडरों में भी ब्लास्ट हुए, जिसके चलते फायर अमले के दो कर्मचारी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग इतनी भयानक थी कि एयरफोर्स स्टेशन से भी फायर अमले को बुलाया गया था। नगर निगम और एयरफोर्स स्टेशन के फायर अमले ने मिलकर आग पर सुबह तक काबू पाया। घटना में धागा फैक्टरी पूरी तरह जल गई। बिल्डिंग के अन्य फ्लैटों में रहने वाले लोगों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया था।

# एक महिला के लिए बनाए एग्जाम सेंटर

## हाईकोर्ट ने केपीएससी को क्यों दिए निर्देश ?



बेंगलूरू, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य लोक सेवा आयोग (केपीएससी) को राजपत्रित परिवीक्षाधीन (केएएस) के ग्रुप ए और बी पदों की भर्ती के लिए आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा के लिए कलबुर्गी में एक गर्भवती महिला के लिए परीक्षा केंद्र की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। महिला का नाम महालक्ष्मी है। महालक्ष्मी ने राज्य लोक सेवा आयोग को कलबुर्गी में परीक्षा केंद्र स्थापित करने के निर्देश देने की मांग करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले में जस्टिस डॉ। चिलकुरु सुमालता की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये निर्देश दिया। दरअसल, गर्भवती होने के चलते महालक्ष्मी को डॉक्टरों ने कहा कि अगर वो अत्यधिक यात्रा करेंगी तो इससे उनके स्वास्थ्य और भ्रूण पर बुरा असर पड़ेगा। इसके बाद महालक्ष्मी हाईकोर्ट ने एक याचिका दायर कर केपीएससी को कलबुर्गी में ही एक परीक्षा केंद्र स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की थी। वहीं केपीएससी ने इस याचिका पर आपत्ति जताई। केपीएससी के वकील ने हाईकोर्ट में कहा कि मुख्य परीक्षा केंद्र बेंगलुरू और धारवाड़ में हैं। इसलिए इन केंद्रों पर ही याचिकाकर्ता को परीक्षा देनी होगी। केपीएससी कलबुर्गी में अलग से परीक्षा केंद्र की व्यवस्था करने में असमर्थ है। इसलिए ये व्यवस्था नहीं की जा सकती। उम्मीदवार के लिए परीक्षा केंद्र खोलने हेतु विभिन्न व्यवस्थाएं करने पर पैसा खर्च करना संभव नहीं है।

**हाईकोर्ट ने क्या कहा ?**

इस पर कोर्ट ने कहा कि चुनावों और उपचुनावों पर पैसा बर्बाद किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ऐसी जगह पर परीक्षा देने की अनुमति देने का अनुरोध नहीं कर रही है, जहां कोई सार्वजनिक कार्यालय नहीं है। बिजली की आपूर्ति नहीं है या जहां सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था नहीं की जा सकती है। इसलिए, कोर्ट का मानना है कि केपीएससी याचिकाकर्ता को उस शहर में परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी लेने से इनकार नहीं कर सकता, जहां वह रहती है।

## खनन माफिया की रफ्तार का कहर, डेढ़ साल की मासूम को ट्रैक्टर से रौंदा, दर्दनाक मौत

हरिद्वार, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के हरिद्वार में खनन माफिया की बेलगाम रफ्तार ने एक डेढ़ साल के मासूम की जान ले ली। ये अपने घर के बाहर रैंप से उतर रहा था, तभी एक तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ड्राइवर उसे रौंदते हुए निकल गया। इस हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद पूरे गाँव में हाहाकार मच गया। बच्चे के माता-पिता पर तो जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। ये दर्दनाक घटना हरिद्वार के बाहदराबाद थाना क्षेत्र की है, जहां के गांव हलवाहेड़ी में खनन माफिया के ट्रक ने बच्चे को कुचल दिया। बताया जा रहा है कि ये हादसा उस वक्त हुआ जब एक डेढ़ साल का मासूम अपने घर के बाहर बने रैम्प से नीचे उतर रहा था। उसी समय, खनन से लदा ट्रैक्टर गांव के बीचोंबीच तेज रफ्तार से निकल रहा था। इस दौरान ड्राइवर फोन पर बात कर रहा था। वो ट्रैक्टर चलाते हुए बातों में इतना मशगूल था कि उसे बच्चे की मौजूदगी का एहसास तक नहीं हुआ और उसे रौंदते हुए आगे निकल गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में हाहाकार मच गया है। बच्चे की मौत से परिवार सदमे में है। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है,

# शिक्षकों की क्लास लगाने का मामला

## आप विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने मांगी माफी, अपनी ही पार्टी में घिरे थे

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पटियाला जिले में करवाए गए शिक्षा क्रांति समागम के दौरान पूर्व मंत्री व विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा को शिक्षकों की क्लास लगाने का मामला गरमा गया था। अब उन्होंने इसके लिए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे गुरु हैं। अगर मेरी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी चाहता हूं। विपक्ष के साथ ही अपनी ही पार्टी में उनका विरोध हो रहा था। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा था कि शिक्षकों का सम्मान हमारे लिए सबसे ऊपर है और इस तरह की व्यवहार कड़ी निंदा करता हूं। बैंस ने कहा कि सभी को शिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करनी चाहिए। राज्य सरकार शिक्षकों के लिए एक सहयोगी और सुखद वातावरण सृजित करने के लिए समर्पित है, जिसमें वे अपनी सेवाओं को और बेहतर ढंग से निभा सकें। इस तरह की टिप्पणी सही नहीं है। आप विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने हाल ही में एक स्कूल के कार्यक्रम में अपना आपा खो दिया था और शिक्षा क्रांति कार्यक्रमों में सही व्यवस्थाओं न होने पर शिक्षकों की क्लास लगाई थी और सीएम मान से शिकायत करने की धमकी दी थी। जौड़ामाजरा ने इस पर सफाई दी कि स्कूल में अनुशासन होना बहुत जरुरी है। सोमवार को 40 शिक्षकों में से 7 शिक्षक बिना बताए गैर हाजिर थे। इस तरह कार्यक्रम के दौरान ही कुछ शिक्षक अंदर बैठे रहे। स्कूल में बाहरी भी घूम रहे थे, जिसे लेकर मैंने सवाल उठाए थे। सरकार 45 से 46 लाख इन समागमों में लगा रही, इसलिए इस तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं है।

## पेशी के दौरान युवक को आया चक्कर, मौत; परिजन का आरोप- बेटे के होंठ हो गए थे नीले, बह रहा था खून

भोपाल, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भोपाल में कोर्ट में पेशी के दौरान एक आरोपी की मौत से हड़कंप मच गया। वाहन चोरी के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया था। तभी एक आरोपी युवराज केवट गश खाकर नीचे गिर गया। वह अस्पताल पहुंचता, इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान परिजन ने जमकर हंगामा किया। परिजन का आरोप है कि तबीयत बिगड़ने पर पुलिस समय पर अस्पताल नहीं लेकर गई, इस वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मृतक नशे का आदी था और टीबी-दमा जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित था। युवराज के परिजन ने कोर्ट ओर अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। पुलिस पर लापरवाही और मारपीट के आरोप लगाए। परिजन का कहना है कि जब घर से गया था, तब ठीक था। लेकिन जब थाने से कोर्ट लेकर गए तो हालत एकदम खराब थी। मरने जैसी स्थिति में कोर्ट लेकर आए थे। होंठ नीले हो रहे थे खून बह रहा था। आंख के पास भी चोट के निशान थे। परिजन ने न्यायिक जांच की मांग की है। भोपाल के हनुमानगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 9 दोपहिया वाहन जब्त किए थे। इनमें मृतक युवराज केवट भी शामिल था। युवराज पर भोपाल के अलग-अलग थानों में 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। युवराज केवट , महेश बघेल और राजू मंडलोई को हनुमानगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा था। इनसे पूछताछ में कागजात मांगे तो इन्होंने बाइक दूसरे की होना बताया और कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। थाने लाकर सख्ती से पूछताछ में इन्होंने वाहन चोरी का होने कुबूल किया था और गाड़ी भोपाल टॉकीज के पास से चोरी करना बताया। इसके साथ ही आरोपियों ने अलग अलग स्थानों से 8 वाहन चोरी करनाकुबूलकियाथा।

## गर्मी शुरू होते ही धधकने लगे जंगल 9 दिनों में 113 हेक्टेयर वन संपदा राख



बिलासपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी बढ़ने के साथ जंगलों में भी आग की घटनाएं बढ़ना शुरू हो गई हैं। पिछले 9 दिनों में वन विभाग के 7 सर्कलों में जंगलों में आग लगने की 15 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं में 113.85 हेक्टेयर भूमि पर वन संपदा जल कर राख हुई है। वन विभाग के अनुसार 1 से 9 अप्रैल के बीच में बिलासपुर वन सर्कल में जंगलों में आग लगने की तीन घटनाएं दर्ज की गई है। धर्मशाला वन सर्कल में तीन, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में एक, मंडी में एक, नाहन में एक, शिमला में दो और सोलन सर्कल में एक घटना आग लगने की दर्ज की गई है। आग लगने से बिलासपुर सर्कल में 30 हेक्टेयर भूमि में वन संपदा राख हुई है। धर्मशाला सर्कल में 3.5 हेक्टेयर, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में 10 हे क्टेयर, मंडी में 54 हेक्टेयर, नाहन में 8 हेक्टेयर, शिमला में 3.35 हेक्टेयर, सोलन में 5 हेक्टेयर भूमि पर वन संपदा राख हुई है। वनों में आग लगने के लिए अप्रैल से जुलाई तक समय अति संवेदनशील माना जाता हैं। इन्हीं माह में वनों में आग लगने की करीब 70 प्रतिशत घटनाएं दर्ज की जाती हैं। वन विभाग के अनुसार पिछले समर सीजन में वनों में आग लगने की 2,410 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इनमें 30,788 हेक्टेयर भूमि पर वन संपदा राख हुई थी। वन विभाग की ओर से हर साल जंगलों की आग को रोकने के लिए कई दावे किए जाते हैं, लेकिन वन विभाग के आंकड़ों को ही देखा जाए तो पिछले कुछ साल से आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होती जा रही है।

# सपा सांसद को सता रहा जान जाने का डर ! इलाहाबाद हाईकोर्ट से लगाई सुरक्षा की गुहार

प्रयागराज, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राणा सांगा पर विवादित बयानबाजी करने वाले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को अब अपनी सुरक्षा को लेकर डर महसूस होने लगा है। अपने लिए सुरक्षा की पुख्ता मांग को लेकर उन्होंने अब अदालत का दरवाजा खटखटाया है। सांसद रामजी लाल सुमन और उनके बेटे पूर्व विधायक रंजीत सुमन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में आगरा स्थित घर पर हमले और धमकियों के बाद केंद्रीय सुरक्षा मुहैया कराए जाने का आदेश दिए जाने की अपील की गई है। इसके साथ ही आगरा स्थित घर पर हुए हमले और तोड़फोड़ के मामले में उच्च स्तरीय जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की भी अपील की गई है। अपने लिए



केंद्रीय सुरक्षा के साथ ही परिवार के सदस्यों और आवास की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की गई है। आगरा के पुलिस कमिश्नर को इस बात का निर्देश दिए जाने की मांग की गई है कि दोबारा कोई घटना न होने पाए।

**डिवीजन बेंच में सुनवाई होगी!**

इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका में 12 अप्रैल को कुछ संगठनों द्वारा आगरा में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाए जाने की भी मांग की गई है। राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन और बेटे रंजीत सुमन ने साझा तौर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। रामजीलाल सुमन की इस याचिका पर हाईकोर्ट में अगले हफ्ते सुनवाई होने की उम्मीद है। जस्टिस राजीव गुप्ता की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच में सुनवाई होगी। राणा सांगा पर विवादित बयान देने के बाद रामजी लाल सुमन निशाने पर आए थे। सांसद रामजीलाल सुमन लगातार अपने बयान पर कायम हैं। पिछले हफ्ते आगरा स्थित उनके घर पर हमला भी हुआ था। इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल रामजीलाल सुमन की इस याचिका पर अधिवक्ता विनीत विक्रम और सीनियर एडवोकेट इमरान उल्ला दलीलें पेश करेंगे।

## मां ने 2 महीने के जुड़वा मासूमों को टंकी में डुबो कर मार डाला !

पुणे, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे में एक ऐसी वारदात का खुलासा हुआ है, जिसे जानकर किसी की भी रूह कांप जाएगी। पुणे के लोनी कालभोर में एक मां ने दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया है। शादी के 10 साल बाद टेस्ट ट्यूब (वीआईएफ) के जरिए घर पर जन्मे जुड़वा बच्चों को महिला ने डुबा कर मार डाला। मासूम केवल दो महीने के थे। पुलिस को जांच में पता लगा कि छत पर लगी पानी की टंकी में महिला ने दोनों मासूमों को डुबोकर उनकी हत्या कर दी। महिला ने अपने ही बच्चों को इसलिए मार दिया क्योंकि बच्चा बढ़ नहीं रहा था और इलाज का खर्च बढ़ता जा रहा था। बच्चे की हत्या के बाद आरोपी महिला प्रतिभा मोहिते ने सुसाइड की कोशिश भी की। लोनी कालभोर पुलिस फिलहाल मां को गिरफ्तार कर लिया है। महिला के भाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला दीनानाथ अस्पताल का है, जहां पैसे की कमी के कारण समय पर इलाज नहीं हो पा रहा था। जो बच्चे पैदा हुए उनका विकास ठीक से नहीं हो रहा था, इसलिए उनके इलाज पर काफी खर्च हो रहा था। इस खर्च को वहन करने में असमर्थ होने के कारण घर में तनाव बढ़ गया और इसी तनाव के कारण मां ने बच्चों को खत्म करने का कदम उठा लिया। सुबह मां दोनों बच्चों को लेकर घर की छत पर गई। फिर छत पर बने पानी के टैंक में दोनों बच्चों को डुबो दिया और फिर खुद भी उसी पानी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया।

# बेंगलुरू में दूध-दही और बिजली के बाद पानी की कीमत भी बढ़ी

बेंगलुरू, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने राजधानी बेंगलुरू में पानी की कीमतों में भी इजाफा कर दिया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पहले ही इसके संकेत दिए थे। पानी की नई दरें 10 अप्रैल से लागू हो गई हैं और मई में आने वाला बिल नई दरों के आधार पर जारी होगा। यहां पहले ही दूध-दही, बिजली और पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाई जा चुकी हैं। अब सरकार ने 11 साल बाद पानी की कीमतों में इजाफा कर आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बेंगलुरू पहले ही देश के सबसे महंगे शहरों में शामिल है और इस साल लगभग सभी जरूरी सामान/सेवाओं की कीमतें बढ़ने के साथ यहां रहना और महंगा हो चुका है। 10 अप्रैल से बैंगलोर जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) नए स्लैब के आधार पर पानी की खपत के अनुसार बिल जारी करेगा। पानी की कीमतों में बढ़ोतरी ज्यादा खपत को कम करने के उद्देश्य से की गई है। बीडब्ल्यूएसएसबी के अध्यक्ष डॉ। राम प्रसाद मनोहर ने कहा, उन्होंने कहा कि आवश्यक पानी का उपयोग किफायती रहेगा जबकि ज्यादा खपत पर ज्यादा बिल भरना होगा।

**आम घरों पर नहीं होगा ज्यादा असर**

बैंगलोर जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड के अनुसार, अधिकांश घरों में प्रति माह 20-30 रुपये की न्यूनतम वृद्धि होगी, जबकि वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को 50-60 रुपये ज्यादा देने पड़ सकते हैं। मनोहर ने कहा, यह संशोधन लंबे समय से लंबित है, उन्होंने पिछले दशक में बिजली की लागत में 107 प्रतिशत की वृद्धि और परिचालन व्यय में 122.5 प्रतिशत की वृद्धि का हवाला दिया। बीडब्ल्यूएसएसबी को वर्तमान में 80 करोड़ रुपये का मासिक घाटा हो रहा है।

## मेट्रो स्टेशन की भीड़ में लोगों के जेवर चुराती थीं महिलाएं, पुलिस ने तीन को पकड़ा, हुआ चौंकाने वाला खुलासा

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के व्यस्त राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर एक चोरी की वारदात में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर एक बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया गया और उनके गहने चुरा लिए गए थे। अब इस मामले का खुलासा करते हुए मेट्रो पुलिस ने 3 महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रुपये की कीमती सोने की ज्वेलरी बरामद की है। यह कार्रवाई 1 अप्रैल को दर्ज हुई e-एफआईआर संख्या 80034005/2025 के आधार पर की गई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च की दोपहर करीब 4:20 बजे वह अपनी मां, दादी और एक मित्र के साथ येलो लाइन मेट्रो से उतर रहे थे, तभी भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात महिलाओं ने उनकी ज्वेलरी चुरा ली।

# महाराष्ट्र के चेंबूर में व्यापारी की कार पर दिनदहाड़े फायरिंग, बदमाशों का नहीं चला पता, जांच जारी

चेंबूर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई के चेंबूर इलाके के डायमंड गार्डन के पास गुरुवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यापारी की कार पर गोलीबारी कर दी। पीड़ित की पहचान 50 वर्षीय सदरूद्दीन खान के रूप में हुई है। खान अपनी कार में सवार होकर सायन-पनवेल हाइवे से पनवेल जा रहे थे, तभी सुबह करीब 10 बजे डायमंड गार्डन के पास बाइक पर सवार दो हमलावरों ने उनकी कार पर फायरिंग कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सदरूद्दीन खान बेलापुर के निवासी हैं। गोलीबारी के दौरान दो राउंड फायर किए गए, जिसमें एक गोली खान के गाल पर लगी जबकि दूसरी गोली उनकी कार पर जा लगी। घटना के बाद उन्हें तुरंत चेंबूर स्थित जैन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर जॉइंट कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर सत्यनारायण चौधरी, डीसीपी (जोन 6) नवनाथ ढवले और एडिशनल कमिश्नर महेश पाटिल पहुंच गए। इसके अलावा फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और सड़क पर पड़ी खाली गोली के खोखे जब्त कर लिए गए। घटनास्थल का पंचनामा किया गया और सभी साक्ष्यों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है।

**कौन हैं सदरूद्दीन खान ?**

सदरूद्दीन खान उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के मूल निवासी हैं और वर्तमान में मुंबई में बतौर बिल्डर और व्यापारी काम करते हैं। वे हर बुधवार को धारावी के नायक नगर इलाके में 'जनता दरबार' लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सदरूद्दीन खान पर हमले की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग जैन अस्पताल के बाहर जमा हो गए और उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करने लगे। उनकी राजनीतिक और सामाजिक पहुंच काफी अच्छी मानी जाती है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता और मुंबई की सांसद वर्षा गायकवाड़ भी अस्पताल पहुंचीं और खान का हालचाल जाना।

**राज्य की कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल**

इस घटना के बाद राज्य की कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा, मुंबई और महाराष्ट्र की स्थिति अब उत्तर प्रदेश और बिहार जैसी होती जा रही है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग हुई, और अब यह ताजा मामला सामने आया है।

## पहाड़ से गिरा मलबा सैलाब में धंसी गाड़ियां

देवभूमि, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी और चमोली समेत कई जगहों पर भारी बारिश हो रही है। चमोली जिले में तो बादल फटने से भयंकर तबाही मच गई है।

चमोली में बादल फटने के बाद तेज बारिश हुई और कई जगह लैंडस्लाइड भी हुआ। पहाड़ दरके और पहाड़ों से पत्थर टूटकर सड़कों पर आ गए। रोड ब्लॉक हो गई, कई गाड़ियां मलबे में फंसी हैं। प्रशासन ग्राउंड पर उतरकर लोगों के रेस्क्यू ऑपरेशन में लगा है। अचानक पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिरा और जब तक एसयूवी सवार लोग कुछ समझ पाते गाड़ी मलबे के बीच फंस गई।

बादल फटने से सबसे ज्यादा नुकसान पहाड़ों की लाइफलाइन सड़कों को होता है। इस वक्त सड़क पर सैलाब नजर आ रहा है और दूसरी तरफ गाड़ियां नजर आ रहीं हैं जो सड़क टूट जाने के चलते आगे नहीं जा सकती। ऐसे में कई लोग फंसे हैं जिनका प्रशासन रेस्क्यू कर रहा है।

# कर्नाटक में भयानक हादसा, घर की छत पर चढ़ गई बस, कई यात्री घायल



चिक्कमगलूरु, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के चिक्कमगलूरु में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरते हुए एक मकान की छत पर चढ़ गई। बस में कुल 40 यात्री सवार थे। इस घटना में बस ड्रावर और एक यात्री को गंभीर चोटें आई हैं जबकि कई यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, चिक्कमगलुरु जिले के कोप्पा तालुका के जलदुर्गा में एक सड़क हादसा हो गया। चिक्कमगलुरु से श्रृंगेरी की ओर जा रही राज्य परिवहन की केएसआरटीसी बस जयापुरा के पास जलदुर्गा में अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। ये बस ढलान पर बने एक मकान पर चढ़ गई। घटना के वक्त क्षेत्र में हल्की बारिश हो रही थी, जिससे सड़कें फिसलन भरी हो गई थी। इसी के चलते चालक बस पर से नियंत्रण खो बैठा। बस के गिरने से घर की छत को भी नुकसान पहुंचा है। हादसे में बस चालक और एक यात्री को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य यात्रियों को मामूली चोटें लगी हैं। जानकारी के अनुसार, जयपुरा के सरकारी अस्पताल में दस लोगों को भर्ती कराया गया। बस ड्राइवर समेत दो लोगों को कोप्पा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस घर से बस टकराई, उसमें रहने वाली शांता को भी टक्कर से चोटें आईं। स्थानीय निवासियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में तुरंत मदद की। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरस्पीडिंग थी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बस पुरानी थी और उसका रखरखाव ठीक से नहीं किया गया होगा। कई प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के समय बस तेज गति से चल रही थी। घटना की सूचना मिलते ही जयपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। विधायक टी.डी। राजेगौड़ा ने भी घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 11 अप्रैल - 2025

# बिम्सटेक सम्मेलन में भारत के रोडमैप के कायल हुए सदस्य देश



कमलेश पांडेय

थाईलैंड में आयोजित छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत के रोडमैप पर सभी सदस्य देश कायल हुए। इससे सुशासन व विकास को गति मिलने के आसार बढ़ गए हैं। बता दें कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड की अध्यक्षता में बैंकाक में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में गत 4 अप्रैल 2025 शुक्रवार को भाग लिया जिसका विषय था- बिम्सटेकः समृद्ध, लचीला और खुला। इस दौरान सभी सदस्य देशों का ध्यान क्षेत्रीय सहयोग को और अधिक मज़बूत करने और आसन्न प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने पर था। तभी तो इस शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मोदी ने सदस्य देशों, यथा- थाईलैंड, बंगलादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, भूटान के सामने आपसी साझेदारी मजबूत करने के लिए 21 बिंदुओं का एक्शन प्लान पेश किया जिस पर सबने सहमति जताई। वहीं, उन्होंने सभी सदस्य देशों को भारत की भुगतान प्रणाली 'यूपीआई' से जुड़ने का प्रस्ताव दिया ताकि उनके पारस्परिक व्यापार, व्यवसाय, पर्यटन क्षेत्र को एक नए मुकाम पर पहुंचाया जा सके। उन्होंने यहां तक कहा कि सदस्य देश यदि इससे जुड़ते हैं तो सबका भला होगा। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने बंगलादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस से बातचीत करते हुए उनके देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उम्मीद जताई कि माहौल खराब करने वाले किसी भी बयान से बचना सबसे बेहतर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बंगलादेश के लिए भारत का समर्थन जारी रहेगा क्योंकि भारत - बंगलादेश के रिश्ते बहुत पुराने हैं। भारत व्यवहारिकता के आधार पर बंगलादेश से सकारात्मक सम्बन्धों को नए आयाम पर पहुंचाने का पक्षधर है। उन्होंने सीमा पर शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत भी बताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक के सभी सदस्य देशों को आपसी सम्बन्धों को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बिम्सटेक में सबकुछ करने की क्षमता है। इसलिए साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा खतरों, आतंक, मादक पदार्थों और मानव तस्करी पर रोक लगानी होगी। इस दिशा में सदस्य देशों के बीच गृह मंत्री स्तर के तंत्र को मिली मंजूरी भी स्वागत योग्य है। उन्होंने यह भी कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र की क्षमता का इस्तेमाल करते हुए सभी सदस्य देशों को तकनीक के क्षेत्र में खुद को बेहतर साबित करना है। उन्होंने भारत में बिम्सटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फ़ॉर डिजास्टर मैनेजमेंट की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। मोदी ने सदस्य देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बिम्सटेक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के गठन का प्रस्ताव दिया। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में आए म्यांमार सेना के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग हेंग से मुलाकात में कहा कि भारत भूकम्प से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए तैयार है जबकि मेजबान थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने बताया कि सभी सदस्य देश भूकंप के बाद राहत व बचाव कार्य को तेज करने के लिए राजी हुए हैं। छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की मुख्य बातें क्या हैं? जहां तक छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की मुख्य बातों का सवाल है तो इस दौरान कई अहम प्रस्ताव रखे गए, जिनपर मिल जुल कर काम करने का निर्णय लिया गया। इस शिखर सम्मेलन में शिखर सम्मेलन घोषणा और बैंकॉक विज़न 2030 को अपनाया गया, जिसमें आर्थिक एकीकरण, वैश्विक चुनौतियों के प्रति लचीलापन और बुनियादी ढाँचे और प्रौद्योगिकी में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्रीय समृद्धि के लिये एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें भारत द्वारा घोषित प्रमुख पहल इस प्रकार है। पहला, बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र के तहत भारत ने आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की घोषणा की। इसने बिम्सटेक में शासन और सेवा वितरण को बढ़ाने के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) पर एक पायलट अध्ययन का भी प्रस्ताव रखा। वहीं, बिम्सटेक देशों के युवा राजनयिकों की हर साल भारत में प्रशिक्षण देने की बात भी रखी गई। जबकि, सदस्य देशों के छात्रों को भारतीय वन अनुसंधान संस्थान और नालंदा विवि में छात्रवृत्ति प्रदान करने का भी प्रस्ताव दिया। दूसरा, बोधि कार्यक्रम के तहत भारत ने बिम्सटेक देशों के विभिन्न पेशेवरों के लिये कौशल विकास, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और क्षमता निर्माण प्रदान करने के लिये बोधि कार्यक्रम (मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिये बिम्सटेक) की शुरुआत की। तीसरा, कैंसर देखभाल क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत भारत ने बिम्सटेक क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिये क्षमता निर्माण कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा और कहा कि टाटा मेमोरियल कैंसर सेंटर सदस्य देशों में कैंसर उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाएगा। इसके अलावा पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र को एक दूसरे तक पहुंचाने के लिए भी नया शोध केंद्र बनाएंगे। चतुर्थ, वाणिज्य मंडल एवं व्यवसाय शिखर सम्मेलन के तहत सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये बिम्सटेक वाणिज्य मंडल की स्थापना और वार्षिक बिम्सटेक व्यवसाय शिखर सम्मेलन की मेज़बानी का प्रस्ताव किया गया। पंचम, लोगों से लोगों के बीच संबंध की रणनीति के तहत भारत ने सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को मज़बूत करने के लिये एक सकारात्मक पहल की घोषणा की, जिसमें बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट (2025), प्रथम बिम्सटेक खेल (2027), समूह की 30वीं वर्षगाँठ, बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव, युवा नेताओं का शिखर सम्मेलन और युवा जुड़ाव के लिये हैकाथॉन, सांस्कृतिक सहयोग को गहरा करने के लिये युवा पेशेवर आगंतुक कार्यक्रम शामिल हैं। इन नीतिगत निर्णयों से साफ है कि बिम्सटेक में भारत अपना वर्चस्व कायम रखते हुए एक बड़ी भूमिका निभाने को तैयार दिखाई दे रहा है। उसने इस क्षेत्रीय मंच को महत्व देने के साथ ही यहां पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश की है। इस बाबत अंतरराष्ट्रीय मामलों के एशियाई जानकारों का कहना है कि भारत की मौजूदा नीतियों और नजरिए ने इस मंच को उम्मीद से बड़ा आकार प्रदान किया है। इससे सार्क के अप्रासंगिक होने की अटकलों के साथ ही भारत ने बिम्सटेक समूह सहित अन्य क्षेत्रीय मंचों को भी व्यापार और सहयोग के एक बड़े मंच के रूप में चिन्हित करते हुए अपनी भूमिका को मजबूत किया है ताकि चीनी चुनौतियों से वह आसानी पूर्वक निबट सके। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि बिम्सटेक में सभी सहयोगी देश अपने-अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भारत के नेतृत्व पर ही निर्भर हैं। वहीं, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की 'पड़ोस पहले नीति', 'एक्ट ईस्ट नीति', 'महासागर विजन' और इंडो-पैसिफिक के लिए विजन पर स्पष्ट फोकस करने से इस समूह को आशातीत गति मिली है। चूंकि भारत ने ही बिम्सटेक सचिवालय को एक मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए हैं। इसके अलावा भारत के नेतृत्व में बिम्सटेक का एजेंडा भी कई गुना फैला है। बहरहाल, रणनीतिक नीतिगत निर्णयों के लिहाज से बिम्सटेक के कार्य क्षेत्र को सात भागों में बांटा गया है, जिसमें प्रत्येक देश एक भाग का नेतृत्व प्रदान किया गया है ताकि संगठन में सबकी अहमियत स्पष्ट दिखाई दे। इस रणनीति के तहत जहां भारत सुरक्षा क्षेत्र का नेतृत्व करता है। वहीं, अन्य खंड यथा- व्यापार, निवेश और विकास का नेतृत्व बांग्लादेश को, पर्यावरण और जलवायु का नेतृत्व भूटान को, कृषि और खाद्य सुरक्षा का नेतृत्व म्यांमार को, लोगों से लोगों के संपर्क का नेतृत्व नेपाल को, अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार का नेतृत्व श्रीलंका को और कनेक्टिविटी का नेतृत्व थाईलैंड को प्रदान किया गया है जो अपने अपने क्षेत्र में बेहतर परफॉर्मेंस दे रहे हैं।

## मुनाफा नहीं सेवा का क्षेत्र है शिक्षा

लगभग पूरे देश में शिक्षा के नए सत्र के लिए स्कूलों में बच्चों के एडमीशन के लिए माता-पिता स्कूल दर स्कूल भटकने लगे हैं। लगभग सभी स्कूलों की हालत एक जैसी ही है। निजी स्कूलों की मनमानी से मां-बाप भी पस्त दिखाई दे रहे हैं। कहा तो यही जाता है कि शिक्षा एक सेवा का क्षेत्र है। यहां तक कि अधिकतर निजी स्कूल गैर-लाभकारी संस्थाओं के रूप में रजिस्टर्ड हैं और उन्हें उसी भावना से कार्य करना चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि अधिकतर स्कूल सिर्फ फायदे के लिए चलाए जा रहे हैं। समय-समय पर सरकारें एडवाइजरी जारी कर स्कूलों को नसीहतें देती हैं कि शिक्षा को मुनाफे का जरिया बनाने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जाए। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करने का निर्देश भी है ताकि नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाए जा सकें। लेकिन हकीकत में क्या हो रहा है यह भी किसी से छुपा नहीं है। निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए काफी नियम व कानून है। स्कूलों को हर साल यूनिफॉर्म न बदलने, एनसीईआरटी और सीबीएसई की किताबों को सिलेबस में शामिल करने, पैरंट्स पर किसी खास प्रकाशक से महंगी किताबें खरीदने का दबाव न बनाने और स्कूलों में पीने का साफ पानी छात्रों को मुहैया कराने का प्रबंध करने का नियम है। अगर कोई स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करने में नाकाम रहता है तो जिला शिक्षा अधिकारियों को ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अधिकार है। निजी स्कूलों में क्लास के अनुसार स्कूल बैग के वजन के नियम को सख्ती से फॉलो करने का भी नियम है। हर साल यूनिफॉर्म न बदलने समेत कई निर्देश हैं। स्कूल अगर नियमों का पालन नहीं करते हैं तो माता-पिता इस बारे में शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है। इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर शिकायत की जा सकती है। निजी स्कूल ऐसी पुस्तकें रोकें, जो न तो जरूरी हैं और न ही नीति के अनुरूप हैं। पैरंट्स को किसी खास दुकान से ही ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अलावा छात्रों को पुरानी किताबों का उपयोग करने पर भी हतोत्साहित किया जाता है, उस पर भी रोक लगना चाहिए। बता दें कि पुराने किताबों का उपयोग पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी लाभकारी है। कुछ स्कूलों में छात्रों को केवल अपनी बोतल से पानी पीने के लिए मजबूर किया जाता है। जबकि नियम के अनुसार हर स्कूल में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता अनिवार्य है। निजी स्कूल छोटे-छोटे बच्चों पर भारी भरकम बैग लाद देते हैं। बचपन के लिहाज से यह उनकी सेहत के लिए नुकसानदेह है। स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि छात्र निर्धारित सीमा से अधिक वजन के बैग न उठाएं। पहली-दूसरी क्लास के बच्चों के बैग का अधिकतम वजन 1.5 किलो, तीसरी से पांचवी क्लास के बच्चों का बैग 2-3 किलो से ज्यादा न हो। छठी-सातवीं के बच्चों के लिए बैग का वजन 4 किलो, आठवीं नौवीं के छात्रों के लिए 4.5 किलो और दसवीं के छात्रों के लिए बस्ते का वजन 5 किलो होना चाहिए। भारी बैग उठाने से बच्चों के गर्दन और कंधे में दर्द की शिकायत हो जाती है।

## समतावादी समाज के पक्षधर थे महात्मा ज्योतिबा फुले



डा. वीरेन्द्र भाटी मंगल

महात्मा ज्योतिबा फुले भारत के महान व्यक्तित्वों में से एक थे। ये एक समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक, विचारक, क्रान्तिकारी के साथ साथ विविध प्रतिभाओं के धनी थे। इनको महात्मा फुले एवं जोतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। इन्होंने महाराष्ट्र मे सितम्बर 1873 में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं, पिछडे और अछूतो के उत्थान के लिये महात्मा ज्योतिबा फूले ने अनेक कार्य किए। वे समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समथर्क थे। महात्मा फुले का मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करवाने के साथ-साथ बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है। महात्मा फुले समाज की कुप्रथा, अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त कराना चाहते थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन स्त्रियों को शिक्षा प्रदान कराने में, स्त्रियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में व्यतीत किया। देष में 19 वीं सदी में जागरूकता के अभाव में स्त्रियों को शिक्षा लेने का अधिकार नहीं था। फुले स्त्री-पुरुष भेदभाव समाप्त करने के पक्षधर थे। उन्होंने कन्याओं के लिए भारत देश की पहली स्कूल पुना (पुणे) में स्थापित थीं। स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से फुले बहुत व्याकुल और दुखी होते थे इसीलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे। शोषित पीड़ित मानव को ऊँचा उठाना, छुआछुत, अन्धविश्वास मिटाना शिक्षा में क्रान्ति लाना, कृषि क्रान्ति के द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाना, मजदूर वर्ग को संगठित करना, निःशुल्क शिक्षा के द्वार खोलना, नारी शिक्षा प्रारम्भ करना, बाल हत्या, भ्रूण हत्या बन्द करवाना, प्रतिगृह बनवाकर विधवाओं को आश्रय देना, विधवा विवाह शुरू कर, विधवा आश्रम बनवाना, वाचनालय, पुस्तकालय खोलना, सत्यशोधक समाज की स्थापना, सती प्रथा एवं कुरीतियों का विरोध, मजदूरों को अधिकार व रोजगार दिलाना आदि अनेक कार्य कर देश को अपने क्रांतिकारी कार्यों से प्रभावित किया।ज्योतिराव गोविंदराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 ई. को तात्कालिक ब्रिटिश भारत के खानवाडी (पुणे) में हुआ था। इनकी माता का नाम चिमनाबाई और पिता का नाम गोविंदराव था। इनकी मात्र एक वर्ष की अवस्था में ही इनकी माता का स्वर्गवास हो गया। इसके बाद इनके पालन पोषण के लिए सगुणाबाई नामक एक दाई को लगाया गया। फुले ने प्रारंभ में मराठी भाषा में शिक्षा प्राप्त की परन्तु बाद में जाति भेद के कारण बीच में ही इनकी पढ़ाई छूट गयी। बाद में 21 वर्ष की अवस्था में इन्होंने अंग्रेजी भाषा में मात्र 7 वीं कक्षा तक की पढ़ाई सम्पन्न की। महात्मा फुले का परिवार कई पीढ़ी पहले सतारा से आकर खानवाडी (पुणे) बसा था। यहाँ आकर इन्होंने फूलों का काम शुरू किया और उससे गजरा व माला इत्यादि बनाने का काम शुरू किया। इसलिए ये 'फुले' के नाम से जाने गए।

इनका विवाह सन 1840 ई. में सावित्री बाई फुले के साथ हुआ। महात्मा फुले से शिक्षा ग्रहण करने के बाद में सावित्री बाई स्वयं एक प्रसिद्ध स्वयंसेवी महिला के रूप में प्रसिद्ध हुई। स्त्री शिक्षा और दलितों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के अपने उद्देश्य में दोनों पति-पत्नी ने साथ मिलकर कार्य किया। कुछ लोगों ने आरम्भ से ही उनके काम में बाधा डालने का प्रयास किया किंतु जब फुले दम्पति आगे बढ़ते ही गए तो उनके पिता पर दबाव डाल कर पति-पत्नी को घर से निकालवा दिया। इससे कुछ समय के लिए उनका काम रुक गया किंतु शीघ्र ही उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ कर दिया।

## शेयर मार्केट में निवेशक : धोखे से कैसे बचें



पंकज गांधी जायसवाल

डिजिटलीकरण ने मोबाइल सबके हाथ में पकड़ा दिया है और इस यंत्र के सहारे शेयर मार्किट अब देश के आम आदमी की मुट्ठी में आ गया है. एक दशक पूर्व शेयर मार्किट में निवेश करना एक क्लिक बटन दबाने जैसा नहीं था. डिजिटल इंफ़्रा के विकास ने इसे शहरों से लगायत गांव कस्बों के लोगों तक सुलभ बना दिया है. डिजिटल मोबाइल मंच के कारण शेयर मार्किट में रिटेल इन्वेस्टर बढ़ें हैं और इसमें से सबसे अधिक संख्या युवाओं एवं मध्य वर्ग की है. शेयर मार्किट की बहुत सारी अच्छाइयों के बीच दो जोखिम है, पहला यह फंडामेंटल की बजाय शार्ट टर्म में वातावरण और ख़बरों के सेंटीमेंट्स पर रियेक्ट करता है जैसा कि इस समय अमेरिका के टैरिफ वॉर के कारण हो रहा है. दूसरा इसी सेंटीमेंट्स का फायदा उठाने के लिए बाजार में कुछ फ्रॉड लोग भी होते हैं जो ऐसे नव निवेशकों को अपना शिकार बनाते हैं. अगर आप चालाक और जानकार नहीं हैं तो ज्यादा संभावना यही रहती है कि आप इनके झांसे में आकर निवेश कर दें. युवाओं को पहले कंपनी और उसके सेक्टर के बारे में ज्ञान कर लेना चाहिए, फिर निवेश करना चाहिए. शेयर बाजार कोई जुआ नहीं. यह एक विज्ञान और कला है जहाँ आपको कंपनी की मौलिकता, उद्योग की स्थिति, आर्थिक संकेतकों और बाज़ार के ट्रेंड को समझना होता है। सोशल मीडिया में ऐसे जालसाज भरे पड़े हैं जो लोगों को निवेश के लिए उकसाते हैं. इसमें फंसकर ज्यादातर मामलों में लोग या तो फंसे ही रहते हैं या हानि में शेयर बचकर मजबूरी में पैसा खाली करते हैं. इससे बचने के लिए युवाओं को कंपनियों के फंडामेंटल, बैलेंस शीट, प्रॉफिट लॉस अकाउंट, अनुपात विश्लेषण, क्रेडिट रेटिंग रिपोर्ट कैसे पढ़ते हैं, उसका ज्ञान लेना चाहिए. इसको समझने का बेसिक ज्ञान Nifty, Sensex, Investopedia जैसे अन्य प्रामाणिक वेबसाइट पर भी मिल सकता ती है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव सामान्य है, घबड़ाना नहीं चाहिए। शेयर मार्किट में आपका शेयर कितना भी गिर जाए, यह काल्पनिक हानि ही होती है जब तक कि आप उसे बेचते नहीं हैं. अतः गिरने के वक़्त घबरा कर बेचना नहीं चाहिए. ठहर कर अच्छे वक़्त का इन्तजार करना चाहिए और चढ़ते वक़्त उतावला भी नहीं होना चाहिए क्यूंकि इसके पीछे कुछ और फैक्टर भी हो सकते हैं. फालतू टिप्स से भी बचें. यह आपके लिए बिछाया गया जाल भी हो सकता है. शेयर मार्केट में कोई भी निश्चित लाभ नहीं होता। ये दावे करने वाले अक्सर धोखाधड़ी ही करते हैं। और हां, एक या दो कंपनी के शेयर में पैसा लगाने की जगह विभिन्न सेक्टर्स और उसमे भी अच्छी और विभिन्न कंपनियों में अपना निवेश बांट दे. इसे जोखिम का विविधता पूर्वक बंटवारा बोलते हैं। सारी पूंजी एक ही स्टॉक या एक ही सेक्टर में लगाना खतरनाक हो सकता है। अलग-अलग क्षेत्रों और कंपनियों में निवेश करना जोखिम को कम करता है। एक सेक्टर या एक कम्पनी डूबती है तो दूसरी आपको बचा लेती है.यहां शेयर मार्किट में किस तरह के फ्रॉड होने की संभावना रहती है, उसका कुछ उदाहरण दे रहा हूं जिससे आम आदमी को जागरूकता मिल सकती है. मसलन कुछ ग्रुप सस्ते स्टॉक जिसे पेनी स्टॉक कहते हैं, में पैसे लगाते हैं और फिर सोशल मीडिया, यूट्यूब या व्हाट्सएप ग्रुप्स में उस स्टॉक की झूठी तारीफ फैलाते हैं। इनका उद्देश्य लोगों को खरीदने पर मजबूर करना है जिससे कीमत बढ़े तो वे ऊंचे दाम पर बेच कर निकल लें. कुछ यूट्यूब चैनल, टेलीग्राम ग्रुप, या सोशल मीडिया पर लोग फ्री टिप देते हैं लेकिन असल में वो किसी निवेशक ग्रुप, कंपनी या स्टॉक के प्रमोटर से पैसे लेकर प्रचार करते हैं।

वह स्वतंत्र सलाह नहीं होती। कई बार जानबूझकर कोई अफ़वाह फैलाई जाती है जैसे बड़ी कंपनी इस स्टार्टअप को खरीदने जा रही है ताकि लोग उस स्टार्टअप के शेयर खरीदें और कीमत चढ़े और वो अपना पहले से खरीदा शेयर बेच लाभ कमा लें। कुछ ग्रुप आपस में सर्कुलर ट्रेडिंग कर बार-बार शेयर खरीद-बेच कर के ट्रेडिंग वॉल्यूम दिखाता है जिससे लगे कि शेयर में तेजी है। लोग आकर्षित होते हैं और खरीदते हैं. फिर ये ग्रुप अंततः ऊंचे दाम पर शेयर बेच देते हैं। कुछ स्टॉक प्रमोटर्स कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से पार्टनरशिप कर लेते हैं ताकि वे उनकी बातों को फैला सकें। दर्शक उन्हें फॉलो करते हैं और बेवजह उस स्टॉक में निवेश करते हैं। कुछ बड़े प्लेयर्स अल्गोरिदम के जरिए ऑर्डर्स लगाकर गलत सिग्नल भेजते हैं, जैसे खरीदारी दिखाना लेकिन असल में वे बेचने की प्लानिंग में होते हैं। बड़े खिलाड़ी शेयर को पहले बेचते हैं, मतलब शार्ट सेल करते हैं और फिर उसे सस्ते में खरीदकर मुनाफा कमाते हैं। इस बीच वे शेयर को डाउनट्रेंड में लाने की कोशिश करते हैं और लगातार बड़े-बड़े सेल ऑर्डर लगाते हैं। इससे डर फैलता है, छोटे निवेशक घबराकर बेचने लगते हैं। डिमांड कम, सप्लाई ज़्यादा जिससे शेयर का दाम गिरने लगता है। कई बार मीडिया, यूट्यूब चैनल या टेलीग्राम पर झूठी खबरें फैलाते हैं निवेशकों में डर फैलता है और लोग बेच देते हैं. जो लोग पहले से इस स्टॉक को गिराना चाहते थे, वे अब इसे सस्ते दाम में खरीद लेते हैं।

कई बार कुछ बड़े ट्रेडर्स मिलकर किसी स्टॉक को गिराने का प्लान बनाते हैं। ये लोग भारी मात्रा में शॉर्ट सेलिंग करते हैं और मार्केट में डर फैलाते हैं। जानबूझकर लोअर प्राइस पर ऑर्डर लगाते हैं, मीडिया में घबराहट वाली बातें फैलाते हैं, उनका लक्ष्य होता है कि स्टॉक टूटे और वो सस्ते में खरीद सकें। कई बार कुछ बड़े ट्रेडर्स किसी स्टॉक में एक तय समय में अचानक से बड़ी मात्रा में बिकवाली करते हैं जैसे 9:15 पर मार्केट खुलते ही या ठीक 3 बजे बंद होने से पहले। ये देखकर आम निवेशक घबरा जाते हैं और बड़े प्लेयर शेयर को गिराकर, कुछ घंटों/दिनों बाद सस्ते में वापस खरीद लेते हैं। कुछ ऑपरेटर शेयर के ऑर्डर बुक में बहुत सारे सेल आर्डर डालते हैं लेकिन असल में वो ऑर्डर कभी फुलफिल नहीं होते। लोगों को क्या लगता है कि भारी बिकवाली आ रही है, जिससे डर फैलता है और निवेशक अपने शेयर बेचने लगते हैं। फिर ऑपरेटर चुपचाप सस्ते में खरीद लेते हैं। इसलिए लोगों को सलाह है कि घबराकर या अफवाहों पर आधारित ट्रेडिंग ना करें, कंपनी के असली फंडामेंटल देखें, किसी भी टिप पर आंख बंद करके भरोसा ना करें, खुद रिसर्च करें. कंपनी के फाइनेंशियल्स देखें, सेबी रजिस्टर्ड सलाहकार से ही सलाह लें, लालच में जल्दी पैसे कमाने के चक्कर में ना आएं। हर गिरावट धोखा नहीं होती लेकिन हर गिरावट में मौका भी नहीं होता. इस धोखे से बचने का सबसे अच्छा तरीका है धैर्य और रिसर्च।

## मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं



डॉ टी महादेव राव

इन दिनों एक अजीब सी हालत में हैं हमारे छेदी लाल। एक तो उम्र हो रही है दूसरे कुर्सी छिनने के आसार भी कम नहीं हैं। जो बोया वो पायेगा की तर्ज पर देखा जाए तो और भी डर लग रहा है। इससे पहले अपनी मुंहफट और रुबाबी आदत के चलते कई बुजुर्गों को मुख्य पदों से हटा दिया और उन्हें सलाहकार बनने और पूरी तरह निष्क्रिय होने पर विवश किया। बोल तो ऐसे रहे थे कि अपने आप से बनाएं कर रहे हों। यह बड़ा अच्छा है कि उन अलग हुए बुजुर्गों का परिवार उनके साथ है तो वे किसी तरह समय काट लेते हैं लेकिन मेरा क्या होगा? आगे नाथ न पीछे पगहा वाली हालत है। अगर मैंने कुर्सी छोड़ दी और उन्हीं की तरह सलाहकार बना दिया गया तो मेरे लिए बड़ी मुसीबत हो जाएगी। जिस तरह मैंने किसी की नहीं सुनी और की अपनी मनमानी, उसी तरह कोई मेरी भी नहीं सुनेगा। मैं बिल्कुल नकारा, बेकार और फालतू घोषित कर दिया जाऊंगा। अब तक शेर रूपी कुर्सी पर सवार था, उसे बड़ी सावधानी से वश में किया था, भले ही लोग मुझे पूरी तरह नाकामयाब कहते रहें। लेकिन जब मैं इस शेर पर से उतर जाऊंगा तो शेर का पंजा और लोगों के बदले की भावना का शिकार हो जाऊंगा। मुझे लगता है पानी के लिए भी कोई पूछने वाला नहीं होगा। लोग हंसी ठठ्ठा करेंगे, रील्स बनायेंगे, ट्रोल करेंगे और मैं विदूषक कहलाऊंगा। तुर्की में एक कहावत है जब कोई जोकर महल में चला जाता है, तो वह राजा नहीं बन जाता; बल्कि महल एक सर्कस बन जाता है। क्या ऐसा ही होगा? छेदी लाल का यह दर्द उसकी बातों से बयान हो रहा था। जिसने सालों तक किसी के दुख दर्द और तकलीफों की सुध नहीं ली आज अपनी पीड़ा को लेकर परेशान था। मैंने कहा छेदी लाल जी। जो बोए हैं वहीं तो काटेंगे। बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय? आपने परिवार को बनाए रखने में जवानी के दिनों से ही कोई दिलचस्पी अपने अहंकार के कारण नहीं दिखाई। आज देखिए अकेले हैं इस बुढ़ापे में। अब तक तो बड़े खुश थे मोगैंबो की तरह। एक बड़े रिसर्च के बाद पता चला है कि, मोगेम्बो की शादी ही नहीं हुई थी.....इसलिये वो थोड़ी-थोड़ी देर में खुश हुआ करता था। आप भी तो ऐसे ही थे अब तक। भावी समय के दुर्दशा की सोच ने आपको निराश, उदास और हताश कर दिया है। इसका कोई तो उपाय होगा भाई। तरकीब कोई तो बताओ। अब तक आपने कई तीर्थ क्षेत्रों के साथ समुद्र के भीतर भी गए थे। इन्हीं में से किसी जगह को चुन लें और वहां जाकर अपना वानप्रस्थ और संन्यासाश्रमों का मिला जुला आनंद लें। इसी में जीवन की सार्थकता छिपी है। और कोई उपाय नहीं है।

## डिजिटलाइजेशन से शिक्षा को वैश्विक पहचान बनाने की जरूरत



संजीव ठाकुर

विभिन्न विभागो में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है । वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही है। तीन वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद और खुलते आ रहे थे। मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया है। ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैं। इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती है। आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी,डी,एफ आधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है। ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन क्लासेज के प्रोत्साहन से विद्यार्थी नए-नए ज्ञान की प्राप्ति कर सकते हैं, साथ ही शिक्षकों पर सक्षम, अद्यतन न होने और शिक्षकों की कमी के जो आरोप लगते हैं उसे भी दूर किया जा सकता है। वैसे भी भारत जैसे विशाल देश में पर्याप्त स्कूल कॉलेज नहीं है ।ऑनलाइन शिक्षा के विकल्प से स्कूल कॉलेज कम होने का दबाव धीरे-धीरे कम होने लगेगा और स्कूल कॉलेज के दाखिले में अनिवार्यता भी धीरे-धीरे कम होने लगेगी। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, करोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय विद्यालय और शिक्षकों की उपलब्धता भी छात्रों की मदद के लिए सदैव रहती है। दूसरी तरफ ऑनलाइन शिक्षा से कई समस्याएं भी जुड़ी होती हैं। ऑनलाइन शिक्षा नेटवर्क कंप्यूटर पर आधारित होती है इसके लिए कई उपकरणों की जरूरत होती है जो काफी आर्थिक रूप से महंगे होते हैं ।भारत जैसे देश में ऑनलाइन शिक्षा सबके लिए संभव नहीं है। विशाल जनसंख्या वाले देश में हर जगह कंप्यूटर नेटवर्क और मोबाइल की उपलब्धता इतनी आसान नहीं है, जितनी की योजना बनाते समय कल्पना की गई थी। बच्चों की रचनात्मक क्षमता का भी इसमें नुकसान होता है क्योंकि पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारियां किताबों में ना खोजकर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं। उनमें जिज्ञासा का अभाव पैदा होने लगता है एवं रचनात्मकता भी खत्म होती है। ऑनलाइन शिक्षा में छोटे बच्चों को शारीरिक व्यायाम एवं शारीरिक कसरत का अभाव पैदा होने लगता है, छोटे बच्चों को खेलकूद वाली शिक्षा उनकी शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दी जाती है पर ऑनलाइन शिक्षा में ऐसा संभव नहीं है। स्कूल कॉलेजों में नियमित शिक्षा कक्षाओं में बैठकर शिक्षकों के दबाव में अनुशासन में दी जाती है, जिससे एक साम्यता छात्रों में बनी रहती है पर ऑनलाइन शिक्षा में छात्र किसी भी नियम से न बंद कर खुलकर इंटरनेट का दुरुपयोग भी कर सकते हैं।

भारतीय तथा विदेशी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा अत्यंत तनावपूर्ण होती है। एक रिसर्च के अनुसार 15 मिनट के ऑनलाइन अध्ययन के बाद छात्रों की नोट्स लेने में रुचि खत्म हो जाती है एवं व मनोरंजन साइड की तरफ झुकने लगते हैं। ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है सबसे ज्यादा आंखों पर असर पड़ने लगता है बहुत जल्दी ही बच्चों को आंखों में चश्मे और लेंस लगने लगते हैं।



# हनुमान जयंती पर करें ये उपाय, मंगल दोष से लेकर कर्ज तक से मिलेगी मुक्ति

मंगल दोष होगा शांत : हनुमान जयंती के दिन लाल चीजों का दान करने से जीवन में सौभाग्य और सुख समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही सफलता प्राप्त होती है। जिन जातकों की जन्म कुंडली में मंगल दोष है उन लोगों को इस दिन मंगल से संबंधित पूजा पाठ और दान करना चाहिए।

**मंगल दोष की शांति के लिए दान :** मंगल दोष की शांति के लिए हनुमान जयंती पर लाल रंग का कपड़ा, मसूर की दाल, टमाटर, माचिस, तांबे के बर्तन, गेहूं का यथाशक्ति अनुसार दान करना चाहिए। इस दान को करते समय अपनी स्वांस को अंदर की ओर रोक कर रखें एवं संध्या काल में इस दान को करें। इससे आपके मंगल दोष की शांति होगी और जीवन में मंगल ग्रह से आ रही रुकावट दूर होगी।

**मनोकामना पूर्ति के लिए करें यह उपाय :** हनुमान जयंती के 1 दिन पहले यानी 11 अप्रैल को सवा मीटर लाल कपड़े में एक जटा वाला नारियल रखकर थोड़ी उड़द की दाल और चावल रखकर एक पान का पत्ता रख दें। इस सब सामग्री को बांध दें, और अपनी इच्छाएं मन में बोलकर इस सब को सिरहाने रखकर सो जाइए। 12 अप्रैल को नहा धोकर लाल वस्त्र पहनकर किसी भी हनुमान मंदिर में इसे हनुमान जी के समक्ष अर्पित कर दीजिए। आपकी मनोकामनाएं पूरी होंगी। कर्ज या बीमारी जो भी समस्या होगी वह दूर होना शुरू हो जाएगी।

### हनुमान जी का सिंदूर से क्या संबंध है ?

पौराणिक कथा के अनुसार, लंका युद्ध के बाद प्रभु राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ अयोध्या लौट आए और राजा बने। हनुमान जी भी अयोध्या में ही थे। एक दिन उन्होंने देखा कि माता सीता अपनी मांग में सिंदूर लगा रही हैं, तो हनुमान जी के मन में जिज्ञासा हुई कि माता ने क्या लगा रखा है। उन्होंने सीता जी से पूछा कि माता, आपने मांग में ये क्या लगा रखा है? इस पर उन्होंने कहा कि यह सिंदूर है। इसको लगाने से प्रभु राम प्रसन्न होते हैं। यह बात सुनकर हनुमान जी खुश हो गए। उन्होंने अपने पूरे शरीर में सिंदूर लगा लिया और राम जी के दरबार में पहुंच गए। उनको देखकर सभी लोग हंसने लगे। तब राजा रामचंद्र जी ने पूछा कि हनुमान, तुमने पूरे शरीर में सिंदूर क्यों लगा रखा है? इस पर हनुमान जी ने कहा कि माता सीता ने बताया था कि जब वे इसे लगाती हैं तो आप प्रसन्न होते हैं। इसलिए उन्होंने पूरे शरीर में ही सिंदूर पोत लिया, ताकि आप अपने इस भक्त पर भी सदैव प्रसन्न रहें।

इस घटना के बाद से लोग हनुमान जी को पूजा के समय सिंदूर अर्पित करते हैं। सिंदूर में लिपटे हनुमान जी को देखकर प्रभु राम प्रसन्न होते हैं और उनको देखकर हनुमान जी सहज ही प्रसन्न हो जाते हैं। कहा जाता है कि हनुमान जी की कृपा पानी है तो प्रभु राम को प्रसन्न करें।

**हनुमान जी को कौन सा सिंदूर चढ़ाएं ?**

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान जी को पीले रंग का सिंदूर अर्पित करते हैं। पीला सिंदूर सौभाग्य का प्रतीक है, जबकि लाल सिंदूर लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। तीज या सुहाग से जुड़े व्रत और पर्व में अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महिलाएं पीले रंग का सिंदूर लगाती हैं, जबकि अन्य दिनों में लाल रंग का सिंदूर लगाती हैं। हनुमान जी को पीला सिंदूर चढ़ाते हैं, जो हल्के नारंगी रंग का होता है।

**हनुमान जी को चढ़ाएं सिंदूरी चोला**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए सिंदूरी चोला चढ़ाना चाहिए। इसके लिए आपको चमेली के तेल और पीले सिंदूर की जरूरत होगी। पूजा के समय चमेली के तेल में पीला सिंदूर मिला लें। फिर हनुमान जी का स्मरण करके उनको सिंदूर का चोला चढ़ाएं।

**हनुमान जी को चोला चढ़ाने के फायदे**

राम भक्त हनुमान जी को चोला चढ़ाने से मंगल का दोष दूर होता है। व्यक्ति के साहस और पराक्रम में वृद्धि होती है। रोग और दोषों से मुक्ति मिलती है। इस उपाय को करने से कर्ज खत्म होता है। साढ़ेसाती और ढैय्या का दुष्प्रभाव मिटता है।

## साल में 2 बार क्यों मनाया जाता है बजरंगबली का जन्मोत्सव

साल 2025 में चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जयंती 12 अप्रैल शनिवार को होगी। शनिवार के दिन होने से हनुमान जयंती का ओर ज्यादा महत्व बढ़ गया है। क्योंकि शनिवार के दिन बजरंगबली की पूजा पाठ करने से शनि देव जनित कष्टों से भी मुक्ति मिल जाएगी।

लोगों के मन में अक्सर यही सवाल उठता है कि साल में दो बार हनुमान जयंती क्यों मनाई जाती है। इस सवाल को लेकर हम हरिद्वार के विद्वान ज्योतिषी पंडित श्रीधर शास्त्री के पास पहुंचे, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि हनुमान जयंती का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। हनुमान जयंती के दिन यदि व्रत, हनुमान चालीसा का पाठ, बजरंग बाण का पाठ आदि विधि विधान से किया जाए, तो जीवन में चल रहे सभी दुखों से मुक्ति मिल जाती है और सुख समृद्धि का आगमन होता है।

**साल में हनुमान जयंती दो बार क्यों मनाई जाती है ?**

साल में दो बार हनुमान जयंती चैत्र पूर्णिमा और कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। उत्तर भारत में चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जयंती का ज्यादा प्रचलन है, तो वहीं, दक्षिण भारत में हनुमान जयंती का पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार बजरंगबली ने बाल्यावस्था में सूर्य को फल समझकर खा लिया था, जिससे पूरी सृष्टि में अंधकार हो गया था। सभी देवी देवताओं ने बजरंगबली से सूर्य को बाहर निकालने के लिए प्रार्थना की, लेकिन उन्होंने बाल्यावस्था में होने के कारण किसी की बात नहीं सुनी।

इस बात से क्रोधित होकर देवताओं के राजा इंद्र ने अपने वज्र से उन पर वार किया था, जिससे वह मूर्छित होकर गिर गए थे। इसके बाद देवताओं के आग्रह पर ब्रह्मा ने बजरंगबली को नया जीवन दिया और बहुत से वरदान भी दिए थे।

इंद्र ने बजरंगबली की ठोड़ी (हनु) पर वार किया था और नया जीवन मिलने के बाद ब्रह्मा ने बजरंगबली को हनुमान नाम से विख्यात होने का आशीर्वाद दिया था। वह बताते हैं कि साल में दो बार हनुमान जयंती उनके जन्मोत्सव को लेकर मनाई जाती है।

एक बार उनके जन्म को लेकर जयंती मनाने का विधान है, तो दूसरी बार हनुमान जयंती इसलिए मनाई जाती है क्योंकि उस दिन उन्हें ब्रह्मा ने नया जीवन दिया था। चैत्र पूर्णिमा और कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि बेहद ही महत्वपूर्ण होती है। दोनों ही दिन हनुमान जयंती का पर्व मनाने पर हनुमान प्रसन्न होकर सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं, जिससे जीवन में चल रही सभी समस्याएं और बाधाएं खत्म हो जाती हैं।

# इन चार तारीखों पर जन्म लेने वाले लोग होते हैं साहसी और अच्छे लीडर

अंक ज्योतिष में 1 से लेकर 9 तक हर मूलांक की अपनी अलग विशेषताएं बताई गई हैं। आपका मूलांक क्या है यह बात आपके जन्म की तारीख से पता चलती है। इसके बाद उस अंक के स्वामी के जरिए आपके चरित्र, व्यवहार आदि की जानकारी भी पता लग जाता है। अंक शास्त्र में कुछ ऐसी तारीखों का जिक्र भी मिलता है जिनमें जन्म लेने वाले जातकों को अच्छा लीडर, साहसी और ऊर्जावान माना जाता है।



अंक ज्योतिष शास्त्र की मानें तो हर मूलांक की अपनी अलग विशेषता होती है। ऐसे में आज हम आपको उस मूलांक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके जातकों को साहसी और अच्छा लीडर माना जाता है।

अंक ज्योतिष में 1 से लेकर 9 तक हर मूलांक की अपनी अलग विशेषताएं बताई गई हैं। आपका मूलांक क्या है यह बात आपके जन्म की तारीख से पता चलती है। इसके बाद उस अंक के स्वामी के जरिए आपके चरित्र, व्यवहार आदि की जानकारी भी पता लग जाता है। अंक शास्त्र में कुछ ऐसी तारीखों का जिक्र भी मिलता है जिनमें जन्म लेने वाले जातकों को अच्छा लीडर, साहसी और ऊर्जावान माना जाता है।

**इन तारीखों में जन्म लेने वाले होते हैं अच्छे लीडर**

अंक शास्त्र की मानें तो जिन जातकों का जन्म किसी भी महीने की 1, 10, 19 या 28 तारीख को होता है उनमें लीडरशिप का गुण जन्मजात होता है। इन सभी तारीखों में जन्म लेने वालों का मूलांक 1 है और इनका स्वामी ग्रह सूर्य माना जाता है। अंक ज्योतिष के अनुसार नेतृत्व के गुण के साथ ही मूलांक 1 वालों में आत्मविश्वास, स्वाभिमान और जबरदस्त इच्छा शक्ति भी देखने को मिलती है। इन गुणों के साथ ही नीचे दिए गई कुछ विशेषताएं भी इनमें होती हैं।

**मूलांक 1 वालों की विशेषताएं**

महत्वाकांक्षीः मूलांक 1 वाले लोगों के सपने हमेशा बड़े होते हैं। इसके लिए ये हर संभव प्रयास करते हैं। लक्ष्य को पाने के लिए खुद में कुछ बदलाव करना पड़े तो उसके लिए भी हमेशा ये तैयार रहते हैं।

**मेहनतीः** ये बात मूलांक 1 वालों को कम उम्र में ही पता चल जाती है कि बिना मेहनत के इन्हें जीवन में कुछ नहीं मिलेगा। इसलिए कड़ी मेहनत करने के लिए ये हमेशा तैयार रहते हैं। इनकी मेहनत इन्हें ऊंचे पदों तक पहुंचाती है।

**स्वतंत्र विचारः** इस मूलांक वाले लोग स्वतंत्र विचार वाले होते हैं। किसी की नकल करना इनको पसंद नहीं आता। ये चाहते हैं कि जो ये करते हैं लोग उसे फॉलो करें। इनकी अलग सोच लोगों को आकर्षित भी करती है।

**अपनी सोच में मौलिक होते**

प्रेरणा देने वालेः दूसरों को कैसे मोटिवेट करना है ये बात भी मूलांक 1 वाले अच्छी तरह जानते हैं। इनका यही गुण इन्हें अच्छा लीडर भी बनाता है।

**सृजनशीलः** विचारों से स्वतंत्र होने के कारण इनमें रचनात्मकता भी कूटकूटकर भरी होती है। कला आदि क्षेत्रों में भी इस मूलांक वाले अपनी अलग पहचान बनाते हैं।

कमज़ोरियां

कई खुबियों के साथ मूलांक 1 वालों में कुछ कमजोरियां भी देखे को मिलती हैं। इन कमजोरियों को अगर ये दूर कर दें तो जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचने से इन्हें कोई नहीं रोक सकता।

**अहंकार और जिद्दः** इस मूलांक वालों का आत्मविश्वास कई बार घमंड का रूप ले लेता है, जिसकी वजह से सामाजिक स्तर पर ये परेशानियों का सामना कर सकते हैं। इसके साथ ही अपनी बात पर अड़कर ये अपना और लोगों का अहित भी कर सकते हैं। इनकी जिद्द इनके लिए सबसे हानिकारक होती है। इसलिए जिद्द और अहंकार से इन्हें बचना चाहिए।

**अपनी बातें थोपनाः** मूलांक 1 वाले डोमिनेटिंग स्वभाव के माने जाते हैं। ये अपनी बातों को दूसरों पर थोपने का प्रयास कर सकते हैं। हालांकि इसकी वजह से इन्हें लाभ की जगह हमेशा हानि होती है।

**धैर्यहीनः** कई मौकों पर इनमें धैर्य की कमी देखने को भी मिल सकती है। जल्दबाजी में आकर अपने बने बनाए कार्यों को भी ये बिगाड़ सकते हैं।

**तुलना करनाः** इस मूलांक वाले लोग दूसरों के साथ अपनी तुलना करते रहते हैं और इसकी वजह से मानसिक तनाव में भी आ जाते हैं।

इसलिए मूलांक 1 वालों को इन बुरी आदतों को त्यागने की कोशिश करनी चाहिए। इन बुराइयों से दूर रहकर ये जीवन को सफल बना सकते हैं।

# चैत्र पूर्णिमा पर बन रहा खास संयोग, इस दिन भूलकर भी न करें कुछ काम



वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल चैत्र पूर्णिमा की तिथि का प्रारंभ 12 अप्रैल को तड़के 3 बजकर 21 मिनट से होगा। यह पूर्णिमा तिथि 13 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 51 मिनट तक मान्य रहेगी। उदयातिथि तिथि के आधार पर चैत्र पूर्णिमा का व्रत, स्नान और दान 12 अप्रैल को है।

**चैत्र पूर्णिमा का धार्मिक महत्व**

हिन्दू नववर्ष की पहली पूर्णिमा चैत्र पूर्णिमा कहलाती है। इस दिन स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है, पाप मिटता है। स्नान के बाद पितरों के लिए तर्पण, दान, पिंडदान, श्राद्ध आदि करने से पितृ दोष मिटता है, पितरों का आशीर्वाद मिलता है।

**चैत्र पूर्णिमा शुभ योग**

चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इनमें दुर्लभ भद्रावास योग का संयोग शाम 04 बजकर 35 मिनट तक है। इस दौरान भद्रा पाताल लोक में रहेंगी। भद्रा के पाताल में रहने के दौरान पूजा-पाठ करने से सुखों में वृद्धि होती है। इसके साथ ही हस्त और चित्रा नक्षत्र का संयोग है।

**चैत्र पूर्णिमा पर भूल से भी ना करें ये काम**

– चैत्र पूर्णिमा के दिन भूलकर भी तामसिक भोजन जैसे मांस या मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इससे देवी लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं और व्यक्ति को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

– हिन्दू धर्म में काला रंग शुभता का प्रतीक नहीं माना गया है। इसलिए चैत्र पूर्णिमा के दिन काले कपड़े पहनने से बचना चाहिए। इस दिन सफेद कपड़े पहनना बहुत शुभ माना जाता है।

– चैत्र पूर्णिमा के दिन घर में लड़ाई-झगड़े से बचना चाहिए। कहा जाता है कि इससे देवी लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं।

# जिनकी हथेली के बीचोंबीच होता है मिस्टिकल क्रॉस का निशान वे होते हैं बेहद भाग्यशाली

**देर-सवेर धन की प्राप्ति**

इस तरह का क्रॉस दर्शाता है कि व्यक्ति को जीवन में कभी न कभी अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होती है। चाहे वह नौकरी में तरक्की से हो, बिजनस से, या फिर किस्मत से। ऐसे लोगों की लॉटरी भी लगती है और उन्हें ससुराल के साथ पैतृक संपत्ति से भी बड़ा फायदा होता है।

**दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प**

ऐसे लोगों में अंदरूनी शक्ति और दृढ़ संकल्प होता है। ये लोग कई बार खुद भी नहीं जानते कि उनमें कितनी क्षमता है, लेकिन सही समय पर वो उभरकर सामने आती है। ऐसे लोग अपने जीवन में कम प्रयासों में ही बड़ी सफलता हासिल करते हैं और उनका व्यक्तित्व भी बेहद प्रभावशाली होता है।




**कठिनाइयों के बाद सफलता**

ऐसे चिन्ह वाले लोग शुरुआती जीवन में संघर्ष झेलते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनकी किस्मत चमकती है और वे धन, नाम और सम्मान प्राप्त करते हैं। ऐसे लोगों का वैवाहिक जीवन भी बहुत शानदार होता है और वे हर तरह का सुख पाते हैं।

**भाग्यशाली निर्णय**

इनकी जिंदगी में ऐसे फैसले होते हैं जो अचानक बड़े फायदे लेकर आते हैं , जैसे सही समय पर किया गया निवेश या सही जगह नौकरी। ऐसे लोगों का कारोबार भी बड़े ही कम समय में स्थापित हो जाता है और खूब कमाई करते हैं।

ऐसे जानें क्रॉस शुभ है या अशुभ

अगर क्रॉस साफ-सुथरा, गहरा और अकेला है, तो यह शुभ फल देता है।

अगर क्रॉस बहुत सारी रेखाओं से घिरा हो या टूटा-फूटा हो, तो यह संघर्ष या उलझनों का संकेत देता है।

# बाथरूम में नीली बाल्टी रखने के ये फायदे

बाथरूम में नीले रंग की बाल्टी का प्रयोग करना बहुत ही शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र में बताया गया नीले रंग की बाल्टी सकारात्मकता का प्रतीक मानी जाती है। नीला रंग जल तत्व को दर्शाता है और साथ ही यह रंग आकाशीय तत्वों का भी प्रतीक माना जाता है। वास्तु में बताया गया है कि अगर आप अपने बाथरूम में नीले रंग की बाल्टी का प्रयोग करते हैं और आपके बाथरूम से जुड़े वास्तु दोष भी कम होते हैं और साथ ही उनका नकारात्मक प्रभाव कम होता है। तो आइए आपको बताते हैं बाथरूम में नीले रंग की बाल्टी रखने से क्या फायदे होते हैं।



**जल तत्व का संतुलन**

नीले रंग जल तत्व का प्रतीक होता है। बाथरूम वैसे भी जल से जुड़ी जगह होती है, इसलिए वहां नीली बाल्टी रखने से ऊर्जा संतुलित रहती है और मन को शांति मिलती है। माना जाता है कि बाथरूम में नीली बाल्टी रखने से आपको सकारात्मकता का अहसास होता है और आप अपने दिन का शुभारंभ बेहतर ढंग से कर पाते हैं।

**तनाव कम करता है**

नीला रंग मन को शांत करता है। अगर आप थकान या तनाव में रहते हैं तो नीली बाल्टी बाथरूम में रखना मानसिक सुकून देने में मदद कर सकता है। कहा जाता है कि नीले रंग की बाल्टी से स्नान करने से आपकी दिन भर की थकान दूर हो जाती है और आपके मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ता है।

# रूमर्ड गर्लफ्रेंड के लिए ढाल बने शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर, हाथ पकड़कर दिखाया रास्ता

बॉलीवुड एक्टर और सुपरस्टार शाहिद कपूर के सौतेले भाई ईशान खट्टर भी हीरो हैं। हालांकि ईशान खट्टर की फिल्में अभी तक कोई खासा प्रभाव नहीं डाल पाई हैं। इसके बाद भी ईशान अक्सर बॉलीवुड गलियारों में नजर आते रहते हैं। हाल ही में ईशान खट्टर अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड के साथ नजर आए हैं। यहां गर्लफ्रेंड के साथ हाथों में हाथ डाले ईशान खट्टर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें ईशान अपनी गर्लफ्रेंड के लिए भीड़ के बीच ढाल बने दिख रहे हैं। बता दें कि ईशान खट्टर का बीते दिनों से सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर चांदिनी बेंज के साथ रिलेशनशिप की खबरें सामने आ रही हैं। इन खबरों में दावा किया जा रहा है कि ईशान इन दिनों चांदनी के साथ रिलेशनशिप में है। दोनों कई बार पब्लिक प्लेस पर भी एक साथ नजर आ चुके हैं। दोनों ने हाथों में हाथ डालकर अपने रिश्ते को भी पुख्ता किया है।

### गर्लफ्रेंड के लिए ढाल बने ईशान खट्टर

हाल ही में ईशान खट्टर अपनी



रूमर्ड गर्लफ्रेंड चांदनी बेंज के साथ स्पॉट हुए हैं। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि ईशान अपनी गर्लफ्रेंड चांदनी के हाथों में हाथ डालकर एक रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे हैं। यहां ईशान को देख पैपराजी की भी लंबी लाइन लगी है।

जब ईशान और चांदनी अपनी कार की तरफ बढ़ते हैं तो पैपराजी की भीड़ उन्हें घेर लेती है। ऐसे में ईशान खुद ही अपनी गर्लफ्रेंड के लिए ढाल बनते हैं और उन्हें भीड़ से बचाकर कार का



रास्ता दिखाते हैं। इसका वीडियो वायरल होते ही फैन्स भी अपनी प्रतिक्रिया देना शुरू कर देते हैं।

### कौन हैं चांदनी बेंज?

बता दें कि चांदनी की नाम पहली बार सुर्खियों में तभी आया जब उनके अफेयर की खबरें ईशान खट्टर के साथ जोड़ी जाने लगीं। दोनों को पहली बार साल 2023 में साथ में देखा गया था। इसके बाद से दोनों अक्सर ही पब्लिक प्लेसेस में साथ देखे जाने लगे। चांदनी एक मॉडल हैं और इस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं।

चांदनी अपनी तस्वीरें भी फैन्स के साथ शेयर करती रहती हैं। चांदनी को इंस्टाग्राम पर 2.5 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। चांदनी ने अब तक किसी फिल्म या सीरीज में काम नहीं किया है। लेकिन चांदनी बॉलीवुड सिंगर दर्शन रावल के एक म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। अब चांदनी अक्सर ही अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड ईशान खट्टर के साथ नजर आती रहती हैं।

# कैटरीना कैफ ने बांधे शाहरुख खान की तारीफों के पुल, बोलीं- हम इस बात से सहमत हैं



फिल्म 'जब तक है जान' के अलावा कई फिल्मों में एक साथ काम कर चुके कैटरीना कैफ और शाहरुख खान की जोड़ी को फैंस ने हमेशा प्यार दिया है। उनकी फिल्मों की कहानी से लेकर फिल्मों के गाने आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। एक इवेंट के दौरान कैटरीना ने शाहरुख की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर आप भी जरूर सहमत होंगे।

### कैटरीना ने की शाहरुख की तारीफ

एक खबर के मुताबिक, एक पुराने इंटरव्यू में कैटरीना ने शाहरुख खान की प्रशंसा करते हुए कहा था कि 'शाहरुख खान बेहद बुद्धिमान हैं और साथ ही उनकी नॉलेज काफी अच्छी है।' एक खबर के मुताबिक, एक इंटरव्यू के दौरान रैपिड फायर राउंड के दौरान कैटरीना ने शाहरुख की जमकर तारीफ की थी। कैटरीना ने कहा, 'शाहरुख खान को हर चीज की जानकारी रहती है। वह हमेशा की तरह बुद्धिमान हैं। एक दूसरे के साथ बाते करना हमारे लिए हमेशा फायदेमंद और जानकारी वाला रहता है।' कैटरीना ने आगे कहा, 'शाहरुख से बात करना हमेशा से ही ऐसा लगता है कि आप किसी बुद्धिमान व्यक्ति से बात कर रहे हों।'

# 10 फिल्में करने पर भी नसीब नहीं हुई सिंगल हिट उर्वशी रौतेला

**एक मिनट की फीस है 1 करोड़?**



बॉलीवुड में तमाम संघर्ष की यात्रा कर हीरोइन बनना किसी कोई आसान काम नहीं है। लेकिन इससे भी मुश्किल है हीरोइन बनकर बॉक्स ऑफिस पर अपने स्टारडम की चमक दिखाना और फिल्म को हिट कराना। बॉलीवुड की एक ऐसी हीरोइन हैं जिन्होंने 10 से ज्यादा फिल्मों में काम किया लेकिन अभी तक 1 सिंगल हिट नहीं दे पाईं। खास बात ये है कि ये हीरोइन कोई छोटी-मोटी एक्ट्रेस नहीं बल्कि सनी देओल के साथ डेब्यू कर चुकी है। इतना ही नहीं ऋतिक रोशन की भी ऑनस्क्रीन हीरोइन रह चुकी हैं। इसके बाद भी अभी तक 1 भी हिट फिल्म नहीं दे पाई हैं। लेकिन इन सब बातों से भी ज्यादा खास ये है कि फ्लॉप होने के बाद भी इस हीरोइन की डिमांड कम नहीं हुई। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ये हीरोइन 1 मिनट परफोर्म करने के लिए 1 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की।

### 11 साल में नसीब नहीं हुई सिंगल हिट

25 फरवरी 1994 को उत्तराखंड के हरिद्वार शहर में जन्मी उर्वशी बचपन से ही ग्लैमर की दुनिया की तरफ आकर्षित रही हैं। बॉलीवुड में करियर शुरू करने से पहले उर्वशी ने कई मॉडलिंग और ब्यूटी पेजेंट्स में भी हिस्सा लिया था। साल 2013 में आई फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' में उर्वशी ने सनी देओल के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही थी। इसके बाद साल 2014 में उर्वशी को फेम मिला हनी सिंह के गाने 'लव डोज' से। ये गाना सुपरहिट रहा और उर्वशी को भी पहचान दिला गया। इसके बाद 2015 में उर्वशी ने 'भाग जॉनी' नाम की फिल्म में काम किया। ये फिल्म भी बुरी तरह पिट गई। इसी साल उर्वशी ने 2015 में मिस यूनिवर्स में भी हिस्सा लिया। हालांकि उर्वशी इस प्रतियोगिता में जीत नहीं पाईं। इसके बाद भी उर्वशी बॉलीवुड फिल्मों में काम करती रहीं। अब तक 10 से ज्यादा फिल्में कर चुकीं उर्वशी को एक भी बॉक्स ऑफिस हिट नहीं मिली है।

### 1 मिनट की फीस है 1 करोड़?

साल 2017 में आई ऋतिक रोशन की फिल्म 'काबिल' में भी उर्वशी नजर आई थीं। हालांकि ये फिल्म भी कमाई के मामले में फिसड्डी रही थी। अब तक 30 से ज्यादा पोजेक्ट्स कर चुकीं उर्वशी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिल्मों के साथ आइटम सॉन्ग्स और ईवेंट्स में भी उर्वशी शामिल होती रहती हैं। बीते 2 साल पहले हुए क्रिकेट के वर्ल्डकप में भी उर्वशी को इन्वाइट किया गया था। उर्वशी ने यहां अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीता था। बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद भी उर्वशी करियर में हिट हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उर्वशी 1 मिनट परफोर्म करने के लिए 1 करोड़ रुपयों की फीस चार्ज करती हैं। अब इस साल भी उर्वशी 5 फिल्मों में नजर आने वाली हैं। अब देखना होगा कि ये साल उर्वशी की किस्मत में बॉक्स ऑफिस पर कितनी सफलता दिलाता है।

# रजनीकांत ने दी अजित कुमार को बधाई 'गुड बैड अग्ली' के बारे में दिया खास संदेश



अजित कुमार की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 10 अप्रैल सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को प्रशंसकों की ओर से साकारत्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फैंस के अलावा रजनीकांत ने भी फिल्म की रिलीज को लेकर अजित कुमार की फिल्म के बारे में खास बात कही है।

### रजनीकांत ने अजीत को दी बधाई

जेलर 2 की शूटिंग फिर से शुरू करने के लिए चेन्नई रवाना होने से पहले रजनीकांत ने मीडिया से बातचीत की और कहा, गुड बैड अग्ली आज रिलीज हो गई है। अजित कुमार को बधाई।

हाल ही में, निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने भी अजीत कुमार को उनकी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने इस फिल्म के अभिनेता अजित और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, एक मजेदार, मसाला एंटरटेनर है। सभी अजीत कुमार सर के प्रशंसकों के लिए एक उपहार। टीम को बधाई और एक बड़े ब्लॉकबस्टर के लिए शुभकामनाएं।

गुड बैड अग्ली के संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार ने फिल्म का म्यूजिक पसंद करने के लिए फैंस का धन्यवाद देते हुए एक्स पर लिखा, ''गुड बैड अग्ली और बीजीएम और संगीत के लिए शानदार प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद... ब्लॉकबस्टर, आप सभी का धन्यवाद।

### फिल्म गुड बैड अग्ली

गुड बैड अग्ली आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह एक तमिल मसाला फिल्म है। फिल्म का निर्देशन आदिक रविचंद्रन और इसका निर्माण मैथ्री मूवी मेकर्स ने किया है। इस फिल्म में अजित कुमार के अलावा तृषा कृष्णन ने भी मुख्य किरदार निभाया है। यह एक अपराधी की कहानी है, जो अपने जीवन में कुछ घटनाओं के बाद बदल जाता है।

# रेड 2 फिल्म के सेट से लीक हुआ तमन्ना का डांस वीडियो

अजय देवगन रेड 2 में अमय पटनायक के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं औरनिर्माताओं ने इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। फिल्म में रितेश देशमुख और वाणी कपूर भी हैं। इस बीच मन्ना भाटिया का एक वीडियो ऑनलाइन लीक हो गया है। इस वीडियो में तमन्ना भाटिया फिल्म के सेट पर अपने डांस की शूटिंग कर रही थी। लीक हुए फुटेज में तमन्ना हाई-एनर्जी डांस मूव्स करती नजर आ रही हैं जो सुपरहिट सीक्वल में नजर आने वाला है। वायरल भयानी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में हम तमन्ना को आइटम गर्ल की ड्रेस पहने और डांस सीक्वेंस के लिए तैयार होते हुए देख सकते हैं। ट्रेलर में भी उनके आइटम नंबर की झलक दिखाई गई थी। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'तमन्ना ने आधिकारिक तौर पर रेड 2 में हाई-एनर्जी डांस नंबर के लिए फिल्मांकन शुरू कर दिया है और सेट पर हलचल बहुत ज्यादा है। 'कवाला' और 'आज की रात' की अपार सफलता के बाद इस बार वह स्क्रीन पर क्या लेकर आएंगी, इसे लेकर काफी उत्सुकता है।'

### रितेश देशमुख की हुई फिल्म में एंट्री

रेड की सफलता पर आधारित ये सीक्वल भ्रष्टाचार, शक्ति और गहरी नाटकीय कहानी को और आगे बढ़ाता है। अजय देवगन आयकर अधिकारी अमय पटनायक के रूप में लौटते हैं जो अपने प्रतिद्वंद्वी दादाभाई का सामना करते हैं। जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है। रेड 2 को पहले 15 नवंबर 2024 को रिलीज़ किया जाना था। हालांकि, इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। ट्रेलर में दो अभिनेताओं के बीच तनावपूर्ण कहानी पेश की गई है जो सस्पेंस से भरी है जो दर्शकों को रोमांचित करती है। यह अजय देवगन की जानी-पहचानी तीव्रता और रितेश देशमुख की एक राजनेता के रूप में नई भूमिका को दर्शाता है। एक सत्ता के भूखे विरोधी के रूप में देशमुख आकर्षण और क्रूरता को संतुलित करता है जिससे वह देवगन के दृढ़ निश्चयी कानूनविद के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बन जाता है।

### 2018 में आया था पहला पार्ट और की थी खूब कमाई

डायरेक्टर राज कुमार गुप्ता की फिल्म रेड 2 को इस साल की बड़ी फिल्मों में माना जा रहा है। फिल्म का पहला भाग 2018 में सिनेमाघरों में आया था। यह 1980 के दशक में भारतीय राजस्व सेवा कार्यालय के तहत आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए वास्तविक जीवन के आयकर छापे से प्रेरित था। फिल्म में अजय एक ईमानदार आयकर अधिकारी की भूमिका निभाते हैं जो लखनऊ में एक प्रभावशाली व्यक्ति पर छापा मारता है।

फिल्म को आलोचकों से सकारात्मक समीक्षा मिली और यह बॉक्स-ऑफिस पर सफल भी रही। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ द्वारा



प्रस्तुत किया गया है और यह पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित है।

# फिर सुर्खियों में आए दर्शन थुगुदीपा, कोर्ट में गैरहाजिर होकर फिल्म स्क्रीनिंग में दिखे अभिनेता



कर्नाटक के मशहूर अभिनेता दर्शन थुगुदीपा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। पिछले साल जून में रेणुका स्वामी के अपहरण, हमले और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी दर्शन मंगलवार शाम को अपनी नई फिल्म 'वामन' की खास स्क्रीनिंग में बेंगलुरु में नजर आए। हैरानी की बात यह है कि उसी दिन सुबह उन्होंने पीठ दर्द का हवाला देकर कोर्ट की सुनवाई से दूरी बना ली थी।

### मेडिकल के आधार पर मिली थी जमानत

दर्शन के वकीलों ने दावा किया कि अभिनेता को पिछले साल बेल्लारी जेल में रहते हुए पीठ दर्द की शिकायत हुई थी, जो अब फिर से उभर आई है। उस वक्त दर्शन ने स्थानीय अस्पताल में इलाज से इनकार कर दिया था और बेंगलुरु ले जाने की मांग की थी। कुछ दिनों बाद उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिली और शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कोर्ट ने दी सख्त चेतावनी

वहीं, दर्शन की कोर्ट में गैरहाजिरी जज शख्त नजर आए। कोर्ट ने कहा कि भविष्य में किसी भी बहाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभिनेता को हर सुनवाई में मौजूद रहना होगा। इस सुनवाई में दर्शन ने अपने घर से जब्त 75 लाख रुपये की नकदी वापस मांगने की अपील भी की थी। बाकी सभी आरोपी कोर्ट में मौजूद थे। पिछले साल सभी आरोपियों को नियमित जमानत मिली थी, लेकिन शर्त थी कि वे हर सुनवाई में हाजिर होंगे।

### जेल की तस्वीर हुई थी वायरल

दर्शन को पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था और दिसंबर में कर्नाटक हाई कोर्ट से नियमित जमानत मिली। हालांकि, जमानत से पहले जेल से उनकी तस्वीरें वायरल हो गई थीं। बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में ली गई एक फोटो में दर्शन सिगरेट पीते और लॉन पर आराम करते दिखे थे। इस खुलासे के बाद जांच शुरू हुई और उन्हें दूसरी जेल में शिफ्ट किया गया था।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपूर्वा मुखीजा का किया समर्थन, ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

बीते दिन सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा ने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद के बाद एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने लोगों द्वारा दी गई धमकियों के स्क्रीनशॉट्स शेयर किए थे। अब इस पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर ने उनका बचाव किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा।

### हानिया आमिर ने शेयर किया पोस्ट

पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस स्टोरी में उन्होंने अपूर्वा मुखीजा के करीबी दोस्त सूफी मोतीवाला का एक वीडियो पोस्ट साझा किया है। इस वीडियो में सूफी ने अपूर्वा पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर निशाना साधा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए हानिया ने स्टोरी पर ट्रोलर्स को करारा जवाब देते हुए लिखा कि इन लोगों के लिए नरक में खास जगह होगी।





### किस बात पर हानिया आमिर ने किया अपूर्वा का समर्थन?

'द रिबेल किड' नाम से मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद बीते दिन मंगलवार को अपूर्वा ने दो पोस्ट शेयर किए, जिसमें उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट में उन पर एसिड अटैक, जान से मारने जैसी धमकियां मिली थीं। इसी से संबंधित हानिया आमिर ने अपूर्वा का समर्थन किया है।

### क्या था पूरा विवाद?

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद से पूरे देश में उनका विरोध होने लगा, फिर समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया पर कठोर कार्यवाई हुई। हालांकि, इस विवाद को लेकर रणवीर इलाहाबादिया माफी भी मांग चुके हैं। इसी शो के दौरान अपूर्वा मुखीजा पर भी शो में अश्लील टिप्पणी करने के लिए उन्हें भारी विरोध करने का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से सारी पोस्ट हटा थी।

### हार्दिक-जैस्मिन की खबरों के बीच नताशा का पोस्ट

# नताशा स्टैनकोविक ने 'फिर से प्यार में पड़ना अच्छा लगता है' लिखकर फैंस को किया हैरान



एक्ट्रेस और मॉडल नताशा स्टैनकोविक अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट की वजह से फिर से चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा - यानी 'फिर से प्यार में पड़ना'। उनकी इस पोस्ट के बाद लोग पूछने लगे कि क्या उनकी जिंदगी में कोई नया इंसान आ गया है?

ये सब ऐसे वक्त में हुआ है जब नताशा के एक्स-हसबैंड और क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का नाम ब्रिटिश गायिका जैस्मिन वालिया के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को लेकर बीते कुछ दिनों से काफी चर्चा है।

इसी बीच नताशा ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो आने वाले समय को लेकर क्या सोचती हैं। उन्होंने 'टाइम्स ऑफ इंडिया' को दिए इंटरव्यू में कहा, 'जैसे-जैसे नया साल शुरू हुआ है, मैं नई चीजों के लिए तैयार हूं - चाहे वो कोई मौका हो, नया अनुभव हो या शायद फिर से प्यार। मैं प्यार से दूर नहीं हूं। जो कुछ भी जिंदगी में आएगा, मैं उसे अपनाना चाहती हूं।

मुझे लगता है कि जब सही वक्त होता है, तब खुद-ब-खुद जुड़ाव बनता है। मैं उन रिश्तों को अहम मानती हूं जो भरोसे और समझ पर टिके होते हैं। मेरा मानना है कि प्यार मेरी जिंदगी का हिस्सा बने, ना कि मेरी जिंदगी को ही बदल दे।'

नताशा ने ये भी कहा कि पिछला साल उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने बताया, 'पिछला साल मेरे लिए काफी मुश्किलों भरा था, लेकिन मैं उस समय के लिए शुक्रगुजार हूं। मैंने कई तरह के अनुभव किए- कुछ अच्छे, कुछ बुरे; पर मेरा मानना है कि इंसान उम्र से नहीं, अनुभवों से समझदार बनता है।'

**नताशा का कामकाज और करियर**

नताशा सर्बिया से हैं और साल 2012 में भारत आई थीं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 'जॉनसन एंड जॉनसन' जैसे ब्रांड के लिए मॉडलिंग से की थी। साल 2013 में उन्होंने प्रकाश झा की फिल्म 'सत्याग्रह' से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने 'ऐयो जी' गाने में अजय देवगन के साथ डांस किया था।

2014 में वो 'बिग बॉस 8' का हिस्सा बनीं और एक महीने तक शो में रहीं। इसके बाद उन्होंने मशहूर गाने 'डीजे वाले बाबू' में डांस किया, जिससे उन्हें बड़ी पहचान मिली। 2016 में वो '7 आवर्स टू गो' नाम की फिल्म में पुलिस अफसर के किरदार में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक्शन सीन भी किए थे। 2017 में उन्होंने 'फुकरे रिटर्न्स' के गाने 'मेहबूबा' में डांस किया, जिसे काफी पसंद किया गया। 2018 में वो फिल्म 'जीरो' में शाहरुख खान, अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ के साथ एक छोटे रोल में दिखीं। 2019 में उन्होंने वेब सीरीज 'द हॉलीडे' से डिजिटल दुनिया में कदम रखा और बाद में 'नच बलिए 9' में अली गोनी के साथ नजर आईं।

## कपिल शर्मा के ट्रांसफॉर्मेशन पर हैरान हुए फैंस, अभिनेता का दुबला-पतला लुक देखकर पूछे कई सवाल



मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह पहले से काफी पतले और फिट नजर आ रहे हैं। कपिल ने अपना वजन कम करके सबको चौंका दिया है। उनका यह नया लुक देखकर फैंस हैरानी जता रहे हैं और जमकर तारीफ कर रहे हैं।

**कपिल का वायरल वीडियो**

कपिल शर्मा अपनी कॉमिक टाइमिंग और मजेदार अंदाज के लिए जाने जाते हैं। अब उन्होंने इस बार अपने शारीरिक बदलाव से लोगों का ध्यान खींचा है। वीडियो में वह स्लिम और ट्रिम अवतार में दिख रहे हैं, जो उनके पुराने लुक से बिल्कुल अलग है। अब कपिल के इस नए लुक पर फैंस मजेदार टिप्पणियां कर रहे हैं।

**फैंस ने की जमकर तारीफ**

सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो के बाद फैंस अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, '20 साल का कपिल शर्मा वापस आ गया है।' वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप कड़ी मेहनत मेहनत करने के लिए एक उदाहरण बन चुके हो।' अन्य यूजर ने लिखा, 'आप तो बिलकुल फिट नजर आ रहे हो।' एक यूजर ने लिखा, 'कपिल कितने पतले हो गए हैं, कोई नई फिल्म कर रहे हैं क्या?' एक ने लिखा, 'कपिल तो दुबले नजर आ रहे हैं, लेकिन अच्छे लग रहे हैं।'

**कुछ यूजर्स ने पूछे सवाल**

हालांकि, कुछ यूजर्स ने कपिल के नए लुक पर हैरानी जताते हुए उनसे कई सवाल भी पूछे। एक यूजर ने कहा कि आप पहले ही अच्छे लगते थे, आपने इतना वजन कम क्यों किया है? वहीं, एक यूजर ने कहा, 'कुछ ज्यादा ही वजन कम हो गया है।' एक यूजर ने कहा कि गजब का ट्रांसफॉर्मेशन है, लेकिन आपने यह क्यों किया है?

## 'रेड 2' में इलियाना की जगह वाणी कपूर को लेने के सवाल पर अजय देवगन बोले- कास्टिंग में बदलाव फिल्मों में आम बात है



अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' में अभिनेत्री के चुनाव को लेकर नेटिजेंस सवाल उठा रहे हैं कि आखिरकार, 'रेड 2' में फिल्म मेकर्स ने इलियाना डिक्रूज की जगह वाणी कपूर को क्यों लिया गया है। नेटिजेंस के इस सवाल पर अजय देवगन ने जवाब दिया है।

अजय देवगन अपनी आगामी फिल्म 'रेड 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म से सभी का दमदार लुक सामने आ चुका है। लेकिन नेटिजेंस अब फिल्म में अभिनेत्री को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं कि आखिर उन्होंने इलियाना डिक्रूज की जगह वाणी कपूर को क्यों लिया है।

फिल्म रेड 2 में अजय देवगन अपना किरदार अमय पटनायक के रूप में फिर से वापसी कर रहे हैं, लेकिन इस बार, इलियाना डिक्रूज की जगह वाणी कपूर अजय देवगन की पत्नी के रोल में दिखाई देंगी।

फिल्म का ट्रेलर 8 अप्रैल को रिलीज हुआ, जिसके बाद नेटिजेंस लगातार सोशल मीडिया पर इलियाना की जगह वाणी को लेने की बात पर फिल्म मेकर्स से लगातार सवाल कर रहे हैं कि आखिरकार, उन्होंने इलियाना की जगह वाणी को क्यों लिया है।

रेड 2 को राज कुमार गुप्ता ने डायरेक्ट किया है और यह 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है।

फिल्म में अजय देवगन और सौरभ शुक्ला अपनी पुरानी भूमिकाओं में लौट रहे हैं, जबकि रितेश देशमुख और वाणी कपूर नए कलाकारों के रूप में जुड़े हैं। एक खबर के मुताबिक, फैंस ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया है कि इलियाना की जगह क्यों बदली गई। उनकी और अजय की केमिस्ट्री (रेड) अच्छी थी।

कुछ ने कहा कि शायद इलियाना प्रेग्नेंट थीं, इसलिए उन्हें रिप्लेस किया गया।

वहीं, अजय देवगन ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि कास्टिंग में बदलाव फिल्मों में आम बात है, जैसे हॉलीवुड में भी कई बार एक ही किरदार को अलग-अलग एक्टर निभाते हैं। वाणी ने भी साफ किया कि इलियाना के साथ कोई ईर्ष्या नहीं है और वे दोनों ऑफ-स्क्रीन अच्छे दोस्त हैं। वाणी ने कहा कि वह इस फिल्म में अपने किरदार को अपने अंदाज में निभाना चाहती हैं।

# अब क्या कर रही हैं आयशा टाकिया? 72 करोड की नेटवर्थ



बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कई सारी ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जो कुछ समय के लिए बड़े पर्दे पर आईं और फिर गायब हो गईं। लाइमलाइट और फिल्मों से दूर वह अपनी निजी जिंदगी जीने लगीं। उनमें से एक अभिनेत्री आयशा टाकिया भी हैं। आयशा ने साल 2004 से फिल्म 'टॉर्जन द वंडर कार' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा और साल 2011 तक बॉलीवुड में बनी रहीं। इसके बाद उन्होंने इस दुनिया से किनारा कर लिया।

अभिनेत्री अपना 39वां जन्मदिन (10 अप्रैल 1986) हैं। हालांकि, उनका करियर बहुत लंबा नहीं रहा है, लेकिन इस मौके पर हम जानते हैं कि उन्होंने अपने फिल्मी सफर के दौरान किस-किस तरह के किरदार निभाए।

**अबू आजमी के बेटे से निकाह**

आयशा ने नेता अबू आजमी के बेटे फरहान आजमी से साल 2009 में निकाह किया। निकाह के बाद उन्होंने अपना धर्म भी बदल लिया। फरहान से शादी से पहले दोनों ने तीन साल तक एक दूसरे को डेट भी किया। आयशा ने महज 23 साल की उम्र में फरहान से शादी की थी। फरहान के बारे में बात करें तो वह एक बिजनेसमैन हैं, जिनके कई होटल हैं। इनकी कुल संपत्ति 72 करोंड के आस-पास है।

**आयशा का करियर**

अभिनेत्री आयशा टाकिया ने अपने करियर की शुरुआत बतौर मॉडल किया। वह कुछ म्यूजिक एल्बम में भी नजर आईं। इसके बाद उन्होंने साल 2004 में 'टार्जन द वंडर कार' से डेब्यू किया। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्म फेयर का बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला। इसी साल उन्होंने 'दिल मांगे मोर' किया। आयशा ने अपने करियर में लगभग 22 फिल्में की हैं। यह फिल्में उन्होंने अपने आठ साल के करियर में की। उनकी सबसे सफल फिल्म सलमान खान के साथ 'वॉन्टेड' थी।

**कितने तरह के किरदार निभाए?**

आयशा टाकिया ने अपने करियर में कई तरह के किरदार निभाए हैं। आइए जानते हैं वह किरदार कौन-कौन से हैं। रोमांटिक" अपनी डेब्यू फिल्म 'टार्जन द वंडर कार' में अभिनेत्री ने रोमांटिक किरदार निभाया है। फिल्म 'दिल मांगे मोर' में भी उनका किरदार इसी तरह का है।

कॉमिक : साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'शादी नंबर 1' में अभिनेत्री कॉमिक और ग्लैमरस टाइप के किरदार में नजर आई हैं।सशक्त : साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म 'डोर' में उन्होंने एक सशक्त राजस्थानी महिला का किरदार निभाया। कन्फ्यूज्ड:फिल्म 'सलाम-ए-इश्क' में वह एक 'कन्फ्यूज्ड' लड़की के किरदार में नजर आईं। ग्लैमरस और जिद्दी : सलमान खान की वांटेड में अभिनेत्री ने ग्लैमरस और जिद्दी लड़की का किरदार निभाया है।

**अब क्या करती हैं अभिनेत्री?**

आयशा ने फिल्मी दुनिया से भले ही खुद को दूर कर लिया हो, लेकिन वह सोशल मीडिया के माध्यम से अब भी अपने फैंस से जुड़ी हुई हैं। वह अपनी हर अपडेट इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मौजूदा समय में अभिनेत्री विदेश में पति और बेटे संग जिंदगी जी रही हैं। साथ ही वह वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन के लिए मुखर होकर आवाज उठाती हैं।

## 'खुद को समझने के लिए लड़की को किया था किस' पौलोमी दास का खुलासा, बोलीं- ये सेल्फ एक्सप्लोरेशन का हिस्सा था



'बिग बॉस ओटीटी 3' में नजर आ चुकी एक्ट्रेस पौलोमी पोला दास ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है।उन्होंने बताया कि जब वो यंग थीं, तब उन्होंने सिर्फ ये समझने के लिए एक लड़की को किस किया था कि कहीं वो लेसबियन तो नहीं हैं। एक बातचीत में पौलोमी ने कहा,'मैंने एक लड़की को किस किया था। बस ये जानने के लिए कि मैं लेसबियन हूं या नहीं। आपको खुद को जानना चाहिए। तभी आप समझ पाते हो कि आप कौन हो।'

उन्होंने ये भी बताया कि वो लड़की भी लेसबियन नहीं थी। दोनों ही उस वक्त अपनी फीलिंग्स को समझने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि पौलोमी ने उस लड़की का नाम नहीं बताया। पौलोमी का मानना है कि ऐसी चीजें इंसान की सेल्फ एक्सप्लोरेशन यानी खुद को जानने की जर्नी का हिस्सा होती हैं।

**वेब शो में भी निभाया बायसेक्शुअल किरदार**

पौलोमी दास ने एक वेब शो 'हाय तौबा 3' में बायसेक्शुअल लड़की का रोल किया था। शो में उनका किरदार एक लड़के के साथ रिलेशनशिप में रहता है, लेकिन उसे एक लड़की से प्यार हो जाता है। इस बारे में पौलोमी ने कहा, 'ये किरदार एक लड़की से प्यार करता है। लेकिन एक लड़के के साथ रिलेशनशिप में है। ये एक जर्नी है, जहां वो खुद को समझने की कोशिश कर रही है। और चीजें उसके लिए काफी कॉम्प्लिकेटेड हो जाती हैं।'

**टीवी शोज में भी दिख चुकी हैं**

पौलोमी ने 'सुहानी सी एक लड़की', 'कार्तिक पूर्णिमा', और 'नागिन 6' जैसे टीवी शोज में काम किया है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' में उन्होंने हिस्सा लिया था।

## सैफ अली खान ने खरीदे 'ब्लैक रिवर' नॉवेल के राइट्स

**: हंसल मेहता के निर्देशन में बनेगी मर्डर मिस्ट्री, सैफ निभाएंगे पुलिस इंस्पेक्टर का रोल**



डायरेक्टर हंसल मेहता और एक्टर सैफ अली खान जल्द ही एक थ्रिलर फिल्म में साथ नजर आएंगे। ये फिल्म नीलांजना एस रॉय के चर्चित नावेल 'ब्लैक रिवर' पर आधारित होगी। खबरों के मुताबिक, इस मर्डर मिस्ट्री की एडेप्टेशन राइट्स खुद सैफ अली खान ने हासिल की हैं। वह इस फिल्म में एक्टिंग करेंगे और हंसल मेहता की प्रोडक्शन कंपनी टू स्टोरी फिल्म्स के साथ इसे को-प्रोड्यूस भी करेंगे।फिल्म की स्क्रिप्ट पर फिलहाल काम चल रहा है। इसकी शूटिंग 2026 के मिड तक शुरू होने की उम्मीद है। तब तक सैफ और हंसल अपने बाकी कमिटमेंट्स पूरे कर लेंगे।

**क्या है कहानी?**

'ब्लैक रिवर' एक छोटे से गांव की कहानी है, जो दिल्ली के आउटर इलाके में है। वहां एक आठ साल की बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। इस मर्डर की तह तक जाने का जिम्मा सब-इंस्पेक्टर ओमबीर सिंह को मिलता है। यही रोल निभाएंगे सैफ अली खान। जांच के दौरान समाज में फैली कई सच्चाइयां सामने आती हैं। धार्मिक खटास, वर्गभेद और महिलाओं के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दे फिल्म का अहम हिस्सा होंगे। ये फिल्म सिर्फ एक मर्डर मिस्ट्री नहीं होगी। ये आज के भारत की सच्चाइयों पर भी कमेंट करेगी।

**दोनों के पास पहले से हैं कई प्रोजेक्ट्स**

इस फिल्म से पहले सैफ और हंसल दोनों के पास कई कमिटमेंट्स हैं। सैफ इस वक्त नेटफ्लिक्स की एक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जो भारत के पहले जनरल इलेक्शन पर आधारित है। 25 अप्रैल को उनकी फिल्म 'ज्वेल थीफ' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। इसके अलावा 'रेस 4' की तैयारी भी कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग 2025 के एंड में शुरू होगी। वहीं हंसल मेहता नेटफ्लिक्स के लिए एक बिजनेस ड्रामा की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इसमें अनिल कपूर और विजय वर्मा नजर आएंगे।

इसके अलावा गांधी जी की लाइफ पर आधारित एक मल्टी-सीजन बायोग्राफिकल सीरीज पर भी वह काम कर रहे हैं। इसकी पहली सीजन की शूटिंग पूरी हो चुकी है और दूसरी जल्द शुरू होने वाली है।

## आखिर क्यों सबा आजाद ने ऋतिक को बताया 'बेस्ट फूल', इन दिनों यूएस में टूर पर हैं

ऋतिक रोशन और सबा आजाद बी-टाउन के चर्चित कपल हैं। दोनों अक्सर एक-दूसरे को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं और प्यार जताते रहते हैं। इन दिनों कपल अमेरिका में है। जहां ऋतिक रोशन अपने टूर पर भी हैं, साथ में कपल छुट्टियों का भी मजा ले रहा है। इस दौरान सबा आजाद ने ऋतिक के साथ कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। तस्वीरों में कपल साथ में छुट्टियां एंजॉय करते दिख रहा है।

**ठंड से ठिठुर रहे ऋतिक-सबा**

सबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो तस्वीरें साझा की हैं। पहली तस्वीर में सबा और ऋतिक एक साथ खड़े दिख रहे हैं। एक-दूसरे को बाहों में समेटे हुए सबा ने ये मिरर सेल्फी ली है। तस्वीर किसी शॉपिंग मॉल में ली गई प्रतीत होती है। दोनों ठंड के हिसाब से कपड़े पहने हुए हैं। ऋतिक ब्लैक जींस के साथ ब्लैक जैकेट डाले हुए हैं और गले में ब्राउन कलर का मफलर और सिर पर एक कैप भी लगाए हुए हैं। दोनों अपने कानों को भी ढके हुए हैं। वहीं सबा ब्लू जींस के साथ ऊपर ब्लैक लॉन्ग जैकेट के साथ ब्लैक स्वेटर पहने हुए हैं। इस मिरर सेल्फी को शेयर करते हुए कैप्शन में सबा ने लिखा, "यहां देखने के लिए कुछ भी नहीं, बस कुछ आवारा लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं।"



**सबा ने ऋतिक को बताया मूर्ख**

इसके अलावा सबा ने एक और तस्वीर भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाई है। इसमें ऋतिक बैठे हैं और आंखें फाड़कर कैमरे की ओर देख रहे हैं। आंखों में चश्मा और सिर पर ठंड से बचने के लिए टोपी लगाए ऋतिक के पास कॉफी रखी हुई है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सबा ने ऋतिक को सबसे बड़ा फूल (मूर्ख) बताया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'बेल्ट फूल'।

**इन दिनों यूएस में टूर पर हैं ऋतिक**

ऋतिक इन दिनों यूएस में अपने टूर पर हैं। जहां पिछले दिनों वो डलास में एक इवेंट में शामिल हुए। जिसको लेकर फैंस ने बदइंतजामी के आरोप लगाए थे और ऋतिक से मदद की अपील की थी।

**'वॉर 2' में नजर आएंगे ऋतिक**

वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' में नजर आएंगे। इस फिल्म की अभी कुछ शूटिंग बाकी है। फिल्म को इसी साल 14 अगस्त को रिलीज होना है। फिल्म में ऋतिक के साथ जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# अडानी को मिला दुनिया के सबसे ताकतवर शख्स का साथ, खरीद लिए एक तिहाई बॉन्ड, रॉकेट बनेंगे शेयर!



नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक ने अडानी ग्रुप पर बड़ा दांव लगाया है। अडानी ग्रुप की कंपनी रिन्यू एग्जिम डीएमसीसी की बॉन्ड बिक्री में ब्लैकरॉक ने करीब एक तिहाई हिस्सा खरीदा है। यह पहला मौका है जब ब्लैकरॉक ने अडानी ग्रुप की किसी कंपनी में निवेश किया है। सूत्रों के मुताबिक रिन्यू डीएमसीसी ने 750 मिलियन डॉलर के बॉन्ड जारी किए थे जिसमें से ब्लैकरॉक ने 250 मिलियन के बॉन्ड खरीदे हैं। इस इश्यू में ब्लैकरॉक के अलावा कम से कम 5 और इंटरनेशनल इनवेस्टर्स ने भी खरीदारी की। यह बॉन्ड इश्यू 3 से 5 साल के टेन्योर के लिए है और इससे मिलने वाली रकम का इस्तेमाल आईटीडी सीमेंटेशन के अधिग्रहण को फाइनेंस करने के लिए किया जाएगा। अडानी समूह ने एक बयान में कहा कि रिन्यू एक्जिम द्वारा आईटीडी सीमेंटेशन के अधिग्रहण को सपोर्ट देने के लिए ब्लैकरॉक सहित कई अंतरराष्ट्रीय निवेशकों ने एक नए बॉन्ड इश्यूएंस में हिस्सा लिया है। कंपनी ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। अमेरिका की कंपनी ब्लैकरॉक का इस बॉन्ड में भाग लेना बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नवंबर के अंत में गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और ग्रुप के कुछ अधिकारियों पर अमेरिकी न्याय विभाग ने कुछ आरोप लगाए थे।

**किस कंपनी को खरीदा**

रिन्यू एक्जिम ने आईटीडी सीमेंटेशन में 20.81% अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदी है। यह हिस्सेदारी उन्होंने ओपन ऑफर के जरिए खरीदी। अब आईटीडी सीमेंटेशन में कंपनी की हिस्सेदारी बढ़कर 67.45% हो गई है। रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी ने पहले आईटीडी सीमेंटेशन के प्रमोटर, इटैलियन थाई डेवलपमेंट पब्लिक कंपनी के साथ एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत गौतम अडानी की कंपनी ने 46.64% हिस्सेदारी (80.1 मिलियन शेयर) 400 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 3,204 करोड़ रुपये में खरीदी थी। इसके बाद कंपनी ने छोटे शेयरधारकों से 26% अतिरिक्त हिस्सेदारी (44.7 मिलियन शेयर) 571.68 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से खरीदने के लिए एक ओपन ऑफर दिया। आईटीडी सीमेंटेशन ने जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट के साथ-साथ तूतीकोरिन, हल्दिया, मुंद्रा और विझिंजम के बंदरगाहों पर काम किया है। इसके अलावा, कंपनी ने दिल्ली और कोलकाता मेट्रो परियोजनाओं में भी योगदान दिया है। यह अडानी ग्रुप के लिए यह कंपनी बहुत उपयोगी साबित हो सकती है। अडानी ग्रुप बंदरगाहों, इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिजली और रियल एस्टेट के क्षेत्र में अपना कारोबार बढ़ा रहा है। आईटीडी सीमेंटेशन पहले से ही अडानी ग्रुप के साथ जलविद्युत और समुद्री परियोजनाओं में काम कर रही है। इसके अलावा वह यूपी में बन रहे 504 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे में भी साथ है। आईटीडी सीमेंटेशन को खरीदने की दौड़ में अडानी ग्रुप ने अबू धाबी की एक बड़ी ड्रेजिंग कंपनी और आरपीजी ग्रुप की केईसी इंटरनेशनल जैसी कंपनियों को भी पीछे छोड़ा था।

**ब्लैकरॉक की हैसियत**

ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे ताकतवर शख्स माना जा रहा है। ब्लैकरॉक की हैसियत का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि दुनिया के कुल शेयरों और बॉन्ड्स का 10 फीसदी यही कंपनी संभालती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा शेडो बैंक है। अगर हम यह कहें कि पूरी दुनिया इस कंपनी के कब्जे में है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। दुनिया के हर बड़े सेक्टर की बड़ी कंपनी में इसका हिस्सा है। साथ ही भारत की कई कंपनियों में भी ब्लैकरॉक की हिस्सेदारी है। पिछले साल के अंत में इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट 11.60 ट्रिलियन डॉलर था।

## एफवाई25 की चौथी तिमाही में टीसीएस को 12,293 करोड़ मुनाफा

### सालाना आधार पर 1.67% कम हुआ, रेवेन्यू 5% बढ़ा; 30 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देगी कंपनी

मुंबई,10 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी यानी, चौथी तिमाही में टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को 12,293 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 1.67% की कमी आई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 12,502 करोड़ का मुनाफा हुआ था। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने 61,237 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया। सालाना आधार पर यह 5.3% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2023-24 में कंपनी ने 61,237 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाली राशि को राजस्व या रेवेन्यू कहा जाता है। इसमें टैक्स शामिल नहीं होता है। कंपनी ने 10 अप्रैल को क्यू4 के नतीजे जारी किए।

**30 रुपए प्रति शेयर लाभांश देगी**

कंपनी ने अपने शेयरधारकों को प्रति शेयर पर 30 रुपए का लाभांश यानी डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा शेयर होल्डर्स को भी देती हैं, इसे ही लाभांश कहा जाता है।

**एफवाई24 की तुलना में रेवेन्यू 6% ज्यादा रहा**

पिछले वित्त वर्ष यानी 2024 की तुलना में टीसीएस का रेवेन्यू वित्त वर्ष 2025 में 6% बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रहा। टोटल इनकम में 5.70% का इजाफा रहा, पूरे वित्त वर्ष में कंपनी ने 2.59 लाख करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। रिजल्ट की घोषणा के बाद टीसीएस के शेयरों पर कल के कारोबारी सत्र में दबाव की उम्मीद है, क्योंकि कंपनी का रेवेन्यू और प्रॉफिट अनुमानों से कम रहा है। चौथी तिमाही के नतीजों से एक दिन पहले यानी बुधवार (9 अप्रैल) को टीसीएस का शेयर 1.64% गिरकर 3,239 के स्तर पर बंद हुआ।

ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद से ग्लोबल मार्केट में गिरावट के ट्रेंड के बीच कंपनी का शेयर बीते 5 दिन में 6.38%, एक महीने में 9.77%, 6 महीने में 23.38% और एक साल में 18.71% गिरा है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक टीसीएस का शेयर 21.24% गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 11.74 लाख करोड़ रुपए है।

## ट्रेड वॉर के बीच आई एक गुड न्यूज! भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात लगभग तय



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच ही भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर 90 परसेंट सहमति बन चुकी है. ब्रिटेन की सरकार इसी साल के भीतर 1.4 बिलियन की आबादी वाले देश भारत के साथ इस ट्रेड पार्टनरशिप को अंतिम रूप देने को लेकर आशावादी हैं. द गार्जियन ने एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, एग्रीमेंट पर बात लगभग बन गई है. हम पहले से कहीं ज्यादा करीब हैं और राजनीतिक स्तर पर दोनों देशों के बीच बात हो रही है.

**फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध**

बता दें कि लंदन में आयोजित '13वें इकोनॉमिक एंड फाइनेंशियल डायलॉग' में दोनों देशों ने अपने बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर आगे बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स ने की. सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, वीजा से जुड़ा विवादास्पद मुद्दा काफी हद तक हल हो चुका है. अब व्हिस्की, कारों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ पर बात होनी है. अगर इन पर भी बात बन जाती है तो भारत से ब्रिटेन में निर्यात होने वाले स्कॉच व्हिस्की और कारों के लिए टैरिफ खासतौर पर कम हो सकता है.

**इसलिए बीटीए को आगे बढ़ा रहा भारत**

इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण भारत अधिक द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को आगे बढ़ा रहा है, जो दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं. इस दौरान ब्रिटेन के साथ 128 मिलियन पाउंड का नया एक्सपोर्ट डील भी हुआ और निवेश की भी घोषणा हुई. कार्यक्रम में चांसलर रेचेल रीव्स ने भारत जैसे देशों के साथ व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला ताकि आर्थिक विकास को गति मिल सके.

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**





| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मीन | मे | मीन.... | 04-40 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | मे | मेष--- | 06-15 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | वृष--- | 08-00 | बजे |
| बुध- | मीन | मे | मिथुन.. | 10-01 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कर्क.... | 12-13 | बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | सिंह--- | 14-25 | बजे |
| शनि- | मीन | मे | कन्या--- | 16-32 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | तुला---- | 18-37 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | वृश्चिक... | 20-48 | बजे |
| | | | धनु...... | 23-00 | बजे |
| | | | मकर... | 01-07 | बजे |
| | | | कुंभ.... | 02-57 | बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- **2082**
शक संवत् **-1947,**सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् **-2551**
कलियुग अवधि-**432000** सूर्योदय - 06-06 सूर्यास्त - 18-27
भोग्य कलि वर्ष-**426874**
कलियुग संवत् **-5126** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् **-1972949126**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885126**
दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी **03-21**तक उपरान्त पूर्णिमा
मास - चैत्र शुक्ल , शुक्रवार **11 April**
नक्षत्र - उ.फाल्गुनी **15-10** तक उपरान्त हस्त
योग - धुव्र **19-44** तक उप व्याघात
करण- गर **14-09** तक उप वणिज
विशेष:- श्री नृसिंह दोलोत्सव
व्रत -त्योहार - शिव दमनक चतुर्दशी

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:44 से 12:17 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:06 - 07:37 | शुभ | रोग | 18:27 - 19:57 | अशुभ |
| लाभ | 07:37 - 09:11 | शुभ | काल | 19:57 - 21:23 | अशुभ |
| अमृत | 09:11 - 10:44 | शुभ | लाभ | 21:23 - 22:50 | शुभ |
| काल | 10:44 - 12:17 | अशुभ | उत्पात | 22:50 - 00:17 | अशुभ |
| शुभ | 12:17 - 13:50 | शुभ | शुभ. | 00:17 - 01:43 | शुभ |
| रोग | 13:50 - 15:24 | अशुभ | अमृत | 01:43 - 03:10 | शुभ |
| उत्पात | 15:24 - 16:57 | अशुभ | चंचल | 03:10 - 04:36 | शुभ |
| चंचल | 16:57 - 18:27 | शुभ | रोग | 04:37 - 06:06 | अशुभ |

## डोनाल्ड ट्रंप की कृपा से एलन मस्क ने बना दिया कमाई का रेकॉर्ड, टॉप 10 अमीरों ने कमाए 140 अरब



नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी शेयर मार्केट में बुधवार को रेकॉर्ड तेजी आई। इससे टेक्नोलॉजी शेयरों वाला नैस्डैक 12.16% उछल गया। इस तेजी से अमेरिकी रईसों की नेटवर्थ में रेकॉर्डतोड़ तेजी देखने को मिली। टॉप 10 रईसों की नेटवर्थ में करीब 140 अरब डॉलर की तेजी रही। इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला के शेयरों में 22.69% की तेजी आई। इससे कंपनी के सीईओ और दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में 35.9 अरब डॉलर की रेकॉर्ड तेजी आई। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 326 अरब डॉलर पहुंच गई है। वैसे इस साल उनकी नेटवर्थ में 107 अरब डॉलर की गिरावट आई है। ऐमजॉन के शेयरों में 11.98% तेजी से कंपनी के को-फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में 18.5 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 210 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर मौजूद फेसबुक के मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में 25.8 अरब डॉलर की तेजी आई। इस तेजी के साथ ही उनकी नेटवर्थ 207 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। वॉरेन बफे की नेटवर्थ में 8.12 अरब डॉलर, लैरी एलिसन की नेटवर्थ में 15.5 अरब डॉलर, बिल गेट्स की नेटवर्थ में 4.81 अरब डॉलर, लैरी पेज की नेटवर्थ में 11.0 अरब डॉलर, स्टीव बालमर की नेटवर्थ में 11.2 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में 10.2 अरब डॉलर की तेजी आई।

**अंबानी-अडानी की नेटवर्थ**

एआई चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया में 18.72% की तेजी आई और इसके सीईओ जेंसन हुआंग की नेटवर्थ 15.5 अरब डॉलर की तेजी आई। माइकल डेल की नेटवर्थ में 10 अरब डॉलर और जिम, रॉब और एलिस वॉल्टन की नेटवर्थ में 7 अरब डॉलर की तेजी आई। इस बीच घरेलू शेयर मार्केट में गिरावट के कारण मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में गिरावट आई। अंबानी 84.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर हैं जबकि अडानी (69.9 अरब डॉलर) 21वें नंबर पर हैं। इस साल दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 17 की नेटवर्थ में गिरावट आई है। सबसे ज्यादा कमाई वॉरेन बफे (20 अरब डॉलर) ने की है।

## उधार के विमानों से बनी इंडिगो ने हासिल की आसमानी उपलब्धि, आखिर कैसे किया दुनिया को फतह?

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। शेयर बाजारों में पिछले कुछ दिनों से जारी उथलपुथल के बीच भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो चुपचाप एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इंडिगो बुधवार को मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से दुनिया की सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन बनी। इंडिगो ने अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया। कारोबार के दौरान इंडिगो का शेयर 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया था। इसके साथ ही उसका मार्केट कैप 2.01 लाख करोड़ रुपये यानी करीब पहुंच गया $23.24 बिलियन हो गया और यह डेल्टा एयरलाइन ($23.18 बिलियन) से आगे निकल गई। लेकिन यह तमगा उसके पास करीब एक घंटे रहा। कंपनी का शेयर बीएसई पर 0.68% की तेजी के साथ 5,189.40 रुपये के स्तर बंद हुआ और मार्केट कैप $23.16 बिलियन रह गया। इस बीच बुधवार को डेल्टा एयरलाइन के शेयरों में 23.38% तेजी आई और उसका मार्केट कैप 28.60 अरब डॉलर पहुंच गया। इंडिगो की यह उपलब्धि इसलिए भी अहम



है कि उसकी कमर्शियल शुरुआत अगस्त 2006 में हुई थी जबकि डेल्टा एयरलाइन 1929 से वजूद में है। महज 6 साल पहले इंडिगो की मार्केट वैल्यू महज 7.72 अरब डॉलर था जबकि डेल्टा का मार्केट कैप 36.67 अरब डॉलर था। इंडिगो हर हफ्ते 15,768 फ्लाइट ऑपरेट करती है जबकि डेल्टा की साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 35,144 है। 2024 के अंत में इंडिगो के पास 437 विमान थे। जून, 2023 में इंडिगो ने एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया जो एविएशन इतिहास का सबसे बड़ा ऑर्डर है। कंपनी को अगले दशक में करीब 1000 विमान मिलने हैं। भारत में एविएशन मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। एयर इंडिया की टाटा ग्रुप में वापसी से इंडिगो को इससे कड़ी चुनौती मिल सकती है।

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपको खुद पर बहुत यकीन है लेकिन अति आत्मविश्वास और अधिकार जताने की प्रवृति से बचें । दूसरों पर अपनी राय थोपने की आदत से आज आपको नुक्सान उठाना पड़ सकता है । केवल सही होना ही काफी नही है,आपको इसक अभी ध्यान रखना होगा कि आप दूसरों को नाराज न करें ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी तिच्क्त खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं । आपका भाग्य आपके साथ है ,इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा । स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है । आपकी चुप्पी को गलत समझा जाएगा और उसपर सवाल खड़े किये जायेंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं । आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं ।इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे । ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है । थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आप घर और ऑफिस दोनों स्थानों पर शान्तिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे । आपका यह अनुभव मजेदार रहेगा और आप इससे प्रेरित भी होंगे । हालंकि अपनी निजी बातें किसी के साथ भी ना बाँटें ,और कोई भी कडवा पाठ सीखने के लिए भी खुद को तैयार रखें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज का दिन नई शुरुआत के लिए बिलकुल सही है । आप अपने आपको पीछे धकेलने वाली चीजों से आज मुक्त महसूस करेंगे । किसी नए अवसर में जिंदगी बदलने की क्षमता है लेकिन आपको उसे समय रहते पकड़ना होगा । समय रहते लिया गया निर्णयात्मक फैसला आपके लिए काफी महत्वपूरण एवं लाभकारी बदलाव ला सकता है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
पिछले कुछ समय से आप आवेग के प्रभाव में आकर फैसले ले रहें हैं ,लेकिन आज आपको योजना बनाकर सही ढंग से काम करने की महता का पता चलेगा । इसी से आपकी प्रवृति बदल जायेगी और आपके काम का ढंग नियोजित होता जाएगा । योजना बनाने के लिए कभी देर नही होती,जब जागो तभी सवेरा।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपका व्यक्तित्व प्रतिभाशाली और प्रभावी है ,जो आज आपके हितेषियों तथा विरोधियों सहित सबके सामने आएगा । अपने शुभचिन्तकों की बातों पर ध्यान दें और बाकी सब बातों की उपेक्षा कर दें । आपके बड़े आपका साथ देंगे और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान फोकस करने में आपकी मदद करेंगे ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज अपने अपने ही भीतर शक्ति का नया-अद्वितीय श्रोत ढूँढ लेंगे और आपको यह अनुभव होने लगेगा कि आप अपने जीवन में जिन समस्याओं से अब जूझ रहे हैं ,उनसे निपटने के लिए आपको किसी भी बाह्य मदद की जरुरत नही है । आप आसानी से खुद ही सब कर सकते हैं,इस बात का अनुभव आपको आज हो जाएगा ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
एक ऐसा व्यक्ति जो काफी लम्बे समय से आपके आस पास है लेकिन उस पर आप अधिक ध्यान नही दे रहे थे,आज से आप उसके बारे में गंभीरता से सोचना शुरू करेंगे । यह महज एक उभरता हुआ रोमांस नही है,बल्कि मन और आत्मा का मिलन है जिससे आप खासे प्रभावित होंगे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज पैसे को संभलकर खर्च करें । सितारों के अनुसार आज आप बिना किसी बात के काफी खर्च कर सकते हैं । अगर आप ध्यान नही देंगे तो काफी बड़ी रकम आज आपसे खर्च हो सकती है । आज विवादो और टकराव से बचना ही बेहतर होगा । स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी नही होगी और आप बाहर घुमने का आनंद ले सकते हैं ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप व्यावहारिकता की अपेक्षा रखने वाले कई मुद्दों में भावनात्मक व्यवहार करेंगे । स्पष्ट सोच रखते हुए यह समझने की कोशिश करें की आपकी इच्छाएं क्या हैं और आपके लिए अच्छा क्या हैं । आपके भीतर कुछ ऐसी भावनाए पैदा हो सकती हैं जो आपको कुछ सीमायें लांघने के लिए उकसा सकती हैं ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
पुरानी और बेकार चीजों को जीवन से हटा देने का समय है । आप किसी पिछली स्थिति से महज किसी अहसान की भावना या मजबूरी के चलते चिपके हुए हैं जो अब आपको कतई पसंद नही है । आपको इसमें से बाहर आ पाना मुश्किल लग रहा था ,लेकिन आज आप इस स्थिति से बाहर आने के लायक मानसिक शक्ति जुटा पायेंगे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

## हिट हो गया अंबानी का जियो वाला दांव, कोका-कोला पेप्सी को पछाड़कर 1000 करोड़ का बना डाला रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एशिया के सबसे रईस शख्स मुकेश अंबानी ने कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक मार्केट में बड़ा दांव खेलकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है. 50 साल पुरानी ठंडी कैंपा कोला को मार्केट में बड़ा खिलाड़ी बनाने के लिए मुकेश अंबानी ने एक बार फिर जियो वाला दांव खेला, जो सफल भी साबित होता दिख रहा है. उनके इस फैसले से इस सेक्टर में खलबली मच गई है, क्योंकि कैंपा कोला की रीलॉन्चिंग ने उनकी आरसीपीएल ने मात्र 18 महीनों में 1,000 करोड़ से अधिक का राजस्व हासिल किया है, जिससे कोका-कोला और पेप्सी जैसी स्थापित कंपनियों को कड़ी चुनौती मिली है. दरअसल, दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी के काम करने का तरीका बाकियों से अलग है. वो जिस कारोबार में उतरते हैं वहां प्राइस वॉर शुरू हो जाता है और वो किंग



बनकर उभर जाते हैं. जियो की लॉन्चिंग के वक्त भी ऐसा ही हुआ था. रिलायंस जियो की वजह से दूसरी कंपनियों को अपने प्रोडक्ट की कीमत में कटौती करनी पड़ी थी और अब कैम्पा के साथ बेवरेज मार्केट में यही हो रहा है. 1970 और 1980 के दशक में लोकप्रिय रहे कैंपा कोला ब्रांड को रिलायंस रिटेल ने 2022 में अधिग्रहित किया और मार्च 2023 में इसे री-लॉन्च किया. कंपनी ने 200 मिलीलीटर की पेट बोतल की कीमत मात्र 10 रखी, जो प्रतिस्पर्धी ब्रांडों की तुलना में लगभग आधी थी. यह मूल्य निर्धारण रणनीति मूल्य-संवेदनशील भारतीय उपभोक्ताओं के बीच तुरंत हिट हो गई.

**डिस्ट्रीब्यूशन और व्होलसेल स्ट्रैटेजी**

रिलायंस ने अपने व्यापक खुदरा नेटवर्क, जैसे रिलायंस फ्रेश, स्मार्ट स्टोर्स, और जियोमार्ट का उपयोग करके कैंपा कोला की पहुंच को देशभर में विस्तारित किया. इसके अलावा, खुदरा विक्रेताओं को 6-8% का मार्जिन प्रदान किया गया, जो अन्य वैश्विक ब्रांडों की तुलना में अधिक था. इससे खुदरा विक्रेताओं ने कैंपा कोला को प्रमुखता से प्रदर्शित किया, जिससे इसकी बाजार उपस्थिति मजबूत हुई.कैंपा कोला ने कई भारतीय राज्यों में 10% से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल की है. इस तेजी से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के जवाब में, कोका-कोला और पेप्सिको ने भी अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की और नए पैकेजिंग विकल्प पेश किए. हालांकि, कैंपा कोला की आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरण रणनीति ने इसे बाजार में एक मजबूत प्रतिस्पर्धी बना दिया है. बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 500-700 करोड़ का निवेश करने की योजना बनाई है. यह निवेश उत्पादन क्षमता बढ़ाने और स्थानीय बाजारों में उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है.मुकेश अंबानी की 10 मूल्य रणनीति ने भारतीय पेय पदार्थ बाजार में एक नया अध्याय लिखा है. कैंपा कोला की पुनर्प्रस्तुति न केवल एक ब्रांड की वापसी है, बल्कि यह दिखाता है कि कैसे सटीक मूल्य निर्धारण, मजबूत वितरण नेटवर्क और उपभोक्ता-केंद्रित रणनीति के माध्यम से स्थापित प्रतिस्पर्धियों को चुनौती दी जा सकती है.

## ट्रंप की चाल से बदला क्रिप्टोकरेंसीज का हाल

### 45% तक उछाल, $100,000 तक जाएगी बिटकॉइन!



नई दिल्ली,10 अप्रैल (एजेंसियां)। क्रिप्टो मार्केट में आज काफी तेजी देखी जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ पर 90 दिनों के लिए रोक लगा दी है। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। साथ ही अमेरिकी सीनेट ने पॉल एटकिंस को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है। इससे भी सकारात्मक माहौल बना है। एसईसी अमेरिका में वही काम करता है जो भारत में सेबी करता है। यानी यह अमेरिका में शेयर बाजार और दूसरी वित्तीय गतिविधियों पर नजर रखने वाली संस्था है। यही कारण है कि आज क्रिप्टोकरेंसीज की कीमत में भारी तेजी देखी जा रही है। पिछले 24 घंटे में इनकी कीमत में 45 फीसदी तक तेजी आई है। दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत में गुरुवार को जबरदस्त उछाल आया। 24 घंटे के दौरान इसकी कीमत $75,754.06 के निचले स्तर से 10% से ज्यादा बढ़कर $83,541 तक पहुंच गया। जानकारों का कहना है कि अगर यही रफ्तार बनी रही तो बिटकॉइन की कीमत $100,000 तक पहुंच सकती है। इस तेजी के साथ ही बिटकॉइन का कुल मार्केट कैप $1.7 ट्रिलियन तक पहुंच गया। पिछले 24 घंटों में $77.65 अरब से ज्यादा के बिटकॉइन का कारोबार हुआ। जानकारों का कहना है कि ट्रंप के फैसले से क्रिप्टो मार्केट में निवेशकों की मजबूत वापसी हुई है। गुरुवार को एथेरियम, एक्सआरपी, बीएनबी, सोलाना, डॉगकॉइन, ट्रॉन, कार्डानो जैसे दूसरे बड़े क्रिप्टो टोकन भी 6-10% तक बढ़े।

## रेपो रेट घटने के बाद लोन लेना हुआ सस्ता

### किन-किन बैंकों ने कम कर दी अपनी इंटरेस्ट रेट

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को रेपो रेट में 25 बेसिस प्वॉइंट्स की कटौती की है। इसी के साथ अब रेपो रेट घटकर 6 परसेंट हो गया है। इसके चलते कई बैंकों ने भी अपने लेंडिंग रेट्स को कम कर दिया है यानी कि वह ब्याज दर जिस पर बैंक लोन या उधार देती है। ऐसे में अब कार, होम या पर्सनल लोन पर ईएमआई भी कम हो जाएगी। आइए देखते हैं कि ब्याज दर कम करने का फैसला किन बड़े सरकारी बैंकों ने ले लिया है। रेपो रेट कम होने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा की ओवरनाइट मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट रातोरात 8.15 परसेंट हो गई है. जबकि एक साल की एमसीएलआर 9 परसेंट पर आ गई है. बैंक ने रिटेल और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के लिए ब्याज दरों में कटौती का ऐलान गुरुवार को किया. एमसीएलआर का मतलब वह न्यूनतम ब्याज दर है जिस पर बैंक आपको कर्ज देता है. इस कदम का मकसद व्यक्तियों और व्यवसायों को सस्ते दर पर लोन उपलब्ध कराना है ताकि आर्थिक विकास को बढ़ाने मिलने के साथ ही वित्तीय समावेशन को भी समर्थन मिल सके.पंजाब नेशनल बैंक ने भी अपनी रेपो-लिंक्ड ब्याज को 9.10 परसेंट से 8.85 परसेंट कर दिया है. यूको बैंक ने भी अपने रेपो-लिंक्ड ब्याज को घटाकर 8.8 परसेंट कर दिया है, जो कि 10 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगे. बैंक ऑफ इंडिया की नई आरपीएलआर 8.85 परसेंट है, जो पहले 9.10 परसेंट थी. बैंक ने इसके बुधवार से प्रभावी होने की जानकारी दी है.

# अपोलो प्रबंधन ने दबाया केस इसलिए दमोह में कांड

## 18 साल पहले आईएमए की जांच में दार्जिलिंग और लंदन की डिग्री फर्जी निकली, डॉ-नरेंद्र करता रहा सर्जरी



डॉक्टर नरेंद




बिलासपुर, 10 अप्रैल (एक्सक्लूसिव डेस्क)। दमोह के मिशन अस्पताल में 7 मरीजों की मौत का आरोपी फर्जी डॉक्टर नरेंद्र जॉन केम के कारनामों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। अपोलो अस्पताल में उसे फर्जी डिग्री से नौकरी मिली, तब उसे देश का प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट बताया गया। उसके इलाज के दौरान जब हार्ट पेशेंट की लगातार मौतें हुई, तब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम ने उसकी डिग्री की जांच की, जिसमें दार्जिलिंग-लंदन की डिग्री फर्जी पाई गई।

इसके बावजूद अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने आरोपी डॉक्टर के कारनामों को दबा दिया। यही वजह है कि 18 साल तक फर्जी डॉक्टर के इलाज से हार्ट पेशेंट्स की मौतें हुई। कैसे फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट को अपोलो अस्पताल में ज्वॉइनिंग मिली और उसके कारनामें इस इनसाइड स्टोरी में पढ़िए

**बिलासपुर अपोलो ने बतौर कार्डियोलॉजिस्ट जॉइन कराया**

साल 2005- 06 में डॉक्टर नरेंद्र जॉन केम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भी प्रैक्टिस कर चुका है। यहां अपोलो अस्पताल में बतौर कार्डियोलॉजिस्ट उसको जॉइन कराया गया। इस दौरान अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने उसे लंदन रिटर्न अनुभवी और स्पेशलिस्ट बताकर जमकर पैसे कमाए।

तब डॉक्टर नरेंद्र हार्ट के मरीजों का एंजियोप्लास्टी सर्जरी से लेकर जटिल ऑपरेशन करते रहे। तत्कालीन समय में हार्ट के मरीजों ने इलाज कराया। जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिवंगत राजेंद्र प्रसाद शुक्ल भी शामिल रहे।

**प्रबंधन ने बनाई जांच कमेटी कथित डॉक्टर की डिग्री फर्जी**

इस दौरान अपोलो में हार्ट मरीजों की मौत के आंकड़ों में तेजी से इजाफा हुआ तब प्रबंधन मौत के बढ़ते आंकड़ों से डरा हुआ था। लिहाजा, हार्ट मरीजों की मौत और डॉक्टर नरेंद्र की डिग्री की जांच कराने का निर्णय लिया गया और आईएमए के तत्कालीन स्टेट चेयरमैन डॉ. किरण एस देवरस, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वाय एस दुबे सहित अन्य डॉक्टरों की टीम बनाई गई।

कमेटी ने जांच के दौरान डॉ नरेंद्र से डिग्री मांगे, तब वो कोई दस्तावेज पेश नहीं किया। उसकी भूमिका विवादित मिली। पूछताछ में डॉक्टर नरेंद्र जॉन ने पहले दार्जिलिंग फिर लंदन से अपनी डिग्री और स्पेशियलिटी होने की जानकारी दी।

लेकिन, वेरिफिकेशन में दोनों जगहों पर उनके डिग्री से संबंधित प्रमाण नहीं मिले। इस तरह जांच में उनकी डिग्री और कार्डियोलॉजिस्ट से संबंधित दस्तावेज फर्जी पाए गए थे। बावजूद अपोलो प्रबंधन ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की।

**अपोलो प्रबंधन कार्रवाई करता तो लोगों की नहीं जाती जान**

दमोह में भी मरीजों की मौत के बाद अब कहा जा रहा है कि अपोलो अस्पताल प्रबंधन उस समय आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करता और स्वास्थ्य विभाग को जानकारी देता तो कई बेकसूर लोगों की जान बच जाती।

फर्जी डॉक्टर मामले में कांग्रेसी नेताओं ने कलेक्टर के जरिए सीएम विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन देकर उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, अपोलो प्रबंधन और तत्कालीन सीएमएचओ के खिलाफ तत्काल जुर्म दर्ज कराया जाए।

नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि अपोलो प्रबंधन ने ऑपरेशन थिएटर(ओटी) को मौत की प्रयोगशाला बना रखा था। एक दिन पहले कांग्रेसी नेता अपोलो अस्पताल भी गए थे और बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी समेत अन्य नेता कलेक्टर से मिले।

उन्होंने कहा कि आखिर अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टर को नौकरी पर रखते समय उसकी डिग्री और पूर्व के अनुभव संबंधी दस्तावेजों की जांच क्यों नहीं की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अपोलो अस्पताल प्रबंधन के कारण राजेंद्र प्रसाद शुक्ल सहित कई लोगों की मौत हुई। शुक्ल की मृत्यु के बाद उनके बेटे प्रो. प्रदीप शुक्ला ने शिकायत की थी। लेकिन, उसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

**हत्या के आरोप में एफआईआर और मुकदमा चलाने की मांग**

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस पूरे मामले में अपोलो अस्पताल ने तत्कालीन आईएमए अध्यक्ष की रिपोर्ट को दबा कर लीपापोती की थी। कांग्रेसियों ने मांग की है कि, ऐसा करने वाले तत्कालीन सीएमएचओ, अपोलो के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी, एक्जीक्यूटिव चेयरमैन प्रथा रेड्डी, रीजनल हेड मनीष मट्टू, यूनिट हेड अर्णव राहा और फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मुकदमा चलाया जाए।

**डॉक्टरों के पंजीयन और डिग्री की जानकारी मांगी**

दमोह के मिशन अस्पताल के कथित कार्डियोलाजिस्ट डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य के फर्जी डिग्री का मामला उजागर होने के बाद सीएमएचओ ने जिले के 147 निजी अस्पताल के प्रबंधकों को पत्र जारी किया है, जिसमें उन्होंने इन अस्पतालों में सेवा दे रहे डाक्टरों के पंजीयन, डिग्री के दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ ने कहा है अगर किसी अस्पताल प्रबंधन द्वारा जानकारी गलत दी जाएगी तो उसके लिए, वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा निजी अस्पताल में काम करने वाले वार्ड ब्वाय, नर्स, लैब टेक्नीशियनों की डिग्री की भी जांच करने का निर्देश दिए हैं।

# साइबर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## मास्टरमाइंड ने पत्नी को भी शामिल कर रखा था, अश्लील चैट कर करते थे ठगी, 4 गिरफ्तार



धनबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। धनबाद में साइबर पुलिस ने एक बड़े सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन महिला समेत एक पुरुष को गिरफ्तार किया है।

मास्टरमाइंड ने इस काम में अपनी दूसरी पत्नी को भी शामिल कर रखा था। मुख्य आरोपी मनीष कुमार उर्फ मोंटी भइया है। वह पुराना बाजार दरी मोहल्ला का रहने वाला है। आरोपी एक कॉल सेंटर चलाता था। यहां व्हाट्सएप पर अश्लील चैट और सेक्स वीडियो बनाकर लोगों से पैसे ऐंठे जाते थे।

साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर राजेंद्र मार्केट में छापेमारी की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 मोबाइल और 18 सिम कार्ड बरामद किए हैं। इनमें एक प्रतिबंधित प्लेटेड सिम भी शामिल है।

जांच में पता चला है कि इस धंधे से जुड़ी मनीष की दूसरी पत्नी अभी फरार है। उसका काम था सिम कार्ड उपलब्ध कराना, पैसों का हिसाब रखना और नई लड़कियों को इस काम में शामिल करना।

इस रैकेट में काम करने वाली लड़कियों को कमाई का 50% हिस्सा मिलता था। बाकी 50% मनीष रख लेता था। पुलिस ने बताया कि एक प्लेटेड नंबर से पंजाब के एक व्यक्ति से 40 हजार रुपए की ठगी की गई थी।

# एसीबी-ईओडब्ल्यू ने 6 जगह मारा छापा

## पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के रिश्तेदार के घर दबिश, 5 तेंदूपत्ता प्रबंधकों के घर भी कार्रवाई

सुकमा/जगदलपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 6 जगह छापेमार कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि पूर्व एमएलए और सीपीआई नेता मनीष कुंजाम के रिश्तेदार और अन्य 5 तेंदूपत्ता प्रबंधकों के घर आज (गुरुवार) तड़के टीम पहुंची है। सुकमा और कोंटा में 2 जगहों पर कार्रवाई चल रही है।

जानकारी के मुताबिक छापे की कार्रवाई तेंदूपत्ता बोनस फर्जीवाड़े से जुड़ी है। इसी मामले में डीएफओ अशोक पटेल निलंबित किए गए थे। एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने कुछ दिनों पहले ही रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा समेत 14 ठिकानों पर कार्रवाई की थी। सुकमा में निलंबित डीएफओ अशोक पटेल सहित छिंदगढ़ और कोंटा के 2 शिक्षकों के घर जांच की गई।

बीजापुर के सहायक आयुक्त के जगदलपुर स्थित मकान में भी दबिश दी थी। रायपुर से पहुंची एसीबी और ईओडब्ल्यू की 13 अफसरों की टीम ने जांच की थी।

# भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने कॉलेज में की मारपीट

## केस खत्म करने पिता बोले-रूलिंग पार्टी का अध्यक्ष हूं, चढ़ेंगे तो कोई शांत नहीं बैठेगा

भिलाई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने अपने बेटे के खिलाफ एफआईआर वापस लेने के लिए पीड़ित पक्ष को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि, रूलिंग पार्टी का अध्यक्ष हूं। यह ऑडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, भिलाई में कुरुद कोहका रोड स्थित रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर-1) में 7 अप्रैल की शाम कॉलेज फेस्ट के दौरान छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें भाजपा भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का बेटा भी शामिल था। उसने लड़कों को न सिर्फ मारा बल्कि उनकी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

जिस पर जामुल पुलिस ने पुरुषोत्तम के बेटे वैभव और उसके दोस्त सोमू के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद पुरुषोत्तम देवांगन ने जामुल पुलिस दबाव बनाया और शिकायतकर्ता ऋषि कादयान और अन्य के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कराया। जिससे समझौता कराकर केस खारिज कराया जा सके। जब शिकायतकर्ता इसके बाद भी नहीं माने और मीडिया के सामने आ गए, तो बीजेपी जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन गुस्से से तमतमा गए। उन्होंने पीड़ित पक्ष के एक व्यक्ति को फोन कर चेतावनी दे डाली। भाजपा जिलाध्यक्ष के वायरल ऑडियो में सुनाई दे रहा है कि, वो जिस तरह से मामले को हाईलाइट कर रहा है, वो बच जाएगा क्या? छोटा सा मामला है आपस में बैठकर सॉल्व कर लेते। इस तरह मीडिया में मामले को लेकर चढ़ेंगे तो कोई शांत बैठा रहेगा क्या। मेरी भी शहर में रेपोटेशन है। आज में रूलिंग पार्टी का जिलाध्यक्ष हूं। बार-बार मीडिया वालों का फोन आ रहा है। भइया क्या विषय है क्या बात है। उनको बोलिए वो लोग थाने गए हैं आपस में जाकर बात कर लें। इसके बाद शिकायतकर्ता पक्ष ने कहा कि, मैं जा रहा हूं आपके बेटे से बात करता हूं। इस बारे में भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन से कहा कि, उनके बेटे का जिस पार्टी से झगड़ा हुआ उसे वो जानते तक नहीं। फोन करना तो दूर की बात है। अगर वो अपनी पहुंच का इस्तेमाल करते तो उनके बेटे के खिलाफ एफआईआर ही नहीं हो पाती। यदि धमकी वाली ऑडियो क्लिप वायरल हो रही है, तो वो उसकी जांच करवा लेंगे। उस ऑडियो से उनका कोई लेना देना नहीं है। दरअसल, रूंगटा कॉलेज आर-1 में सोमवार को वार्षिक व्योम फेस्ट का आयोजन किया गया था। इस दौरान बीबीए सेकेंड ईयर के छात्र ऋषि कादयान (18), निवासी सेक्टर-5 का एक लड़की से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

# बैंक मैनेजर बनकर ऑनलाइन ठगी

## आधार-पैन अपडेट कराने के बहाने 5.90 लाख की ठगी, व्हाट्सएप पर भेजी थी फाइल

रायपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। रायपुर में एक व्यक्ति से बैंक मैनेजर बनकर ऑनलाइन ठगी की गई है। ठग ने व्यक्ति से आधार-पैन अपडेट कराने के बहाने 5.90 लाख की ठगी की। इस मामले में पीड़ित ने तेलीबांधा में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने ठगी के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित दौलत राम वर्मा के अनुसार, 11 जनवरी 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को एक्सिस बैंक का ब्रांच मैनेजर बताकर फोन किया और आधार-पैन कार्ड अपडेट कराने की बात कही। इसके बाद उस व्यक्ति ने वॉट्सऐप पर एक फाइल भेजी और उसे डाउनलोड करने को कहा। डाउनलोड करते ही दौलत राम के एक्सिस बैंक खाते से कई किश्तों में रुपए ट्रांसफर हो गए। ठग ने 5 किश्तों में 5.90 लाख रुपए निकाल लिए। इस मामले में दौलत राम को इसकी जानकारी तब हुई जब वे 27 फरवरी को बैंक जाकर पासबुक एंट्री कराए। तब उन्हें पैसे निकलने की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने तेलीबांधा थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और साइबर सेल की मदद से ठग की पहचान की जा रही है।

# बसों की हड़ताल, यात्री परेशान

## बासुकीनाथ के श्रद्धालुओं को दोगुना किराया चुकाना पड़ रहा, पुराना बस स्टैंड बंद



देवघर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। देवघर में पुराना मीना बाजार स्थित प्राइवेट बस स्टैंड को बाघमारा आईएसबीटी में स्थानांतरित करने के विरोध में गुरुवार से बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई है। हड़ताल के कारण करीब 200 बसों का परिचालन रुक गया है। इससे लगभग सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए हैं।

बासुकीनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को बस सेवा न मिलने से टेंपो और ई-रिक्शा में दोगुना किराया देकर यात्रा करनी पड़ रही है। देवघर से बाबा बासुकीनाथ तक बस का किराया प्रति व्यक्ति 80 रुपए है। जबकि आज ऑटो और ई रिक्शा चालक प्रति व्यक्ति 150 से 200 रुपए ले रहे हैं।

देवघर जिला बस ऑनर एसोसिएशन का कहना है कि बाघमारा आईएसबीटी शहर से दूर है। इससे यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। दुमका, गोड्डा, भागलपुर, मधुपुर, गिरिडीह, रांची और पटना से देवघर के लिए चलने वाली डेली बस सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। वहीं, यात्री आरती देवी ने बताया कि वो सुबह 7 बजे से बौसी जाने के लिए परेशान हैं। बस के नहीं चलने से वो अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रही है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेशानंद झा ने बताया कि बस स्टैंड स्थानांतरण के विरोध में हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की गई है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली है। उनका कहना है कि हाईकोर्ट के निर्णय तक प्रशासन को यथास्थिति बनाए रखनी चाहिए। यात्रियों की असुविधा के लिए वे प्रशासन को जिम्मेदार मान रहे हैं। इधर, नए बस पड़ाव में यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट काउंटर, वाईफाई एरिया, शौचालय बोर्ड, डिजिटल सूचना बोर्ड की व्यवस्था की गई है।

नए बस पड़ाव से ही झारखंड के अलग-अलग हिस्सों के अलावा बिहार व पश्चिम बंगाल के क्षेत्र के लिए, यहां से बसों का परिचालन होगा। यहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# तालाब में हाथी और शावकों की अठखेलियां

## गोमर्डा अभयारण्य में भीषण गर्मी से बचने नहाते दिखे, 13 जिलों में बारिश का अलर्ट

रायपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भीषण गर्मी से इंसानों के साथ वन्य प्राणी भी बेहाल हैं। सारंगढ़ के गोमर्डा अभयारण्य में हाथियों का दल तालाब में पानी पीते और नहाते नजर आया। ठंडे पानी से अपने शरीर का तापमान कम करने हाथियों ने तालाब में खूब नहाया। इस झुंड में 27 हाथी मौजूद हैं। इस बीच हाथी एक दूसरे पर सूंड से पानी के फव्वारे छोड़ रहे थे। पेट्रोलिंग कर रही वन कर्मियों की टीम ने इस नजारे को देखकर अपने कैमरे में कैद कर लिया।

बता दें कि, मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में बारिश के आसार जताए हैं। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिन बारिश के आसार हैं। इससे पहले बुधवार शाम को रायपुर, दुर्ग के अलावा राज्य के कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली। सरगुजा संभाग के जिलों में घंटे भर बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) और ट्रफ एक्टिव है। इस वजह से आंधी-बारिश की स्थिति बन रही है। इससे बस्तर संभाग के जिलों में तापमान गिर सकता है। वहीं बुधवार को 41.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राजनांदगांव सबसे गर्म रहा। प्रदेश में अगले तीन दिन अधिकतम तापमान बढ़ेगा।

बुधवार को दिन में गर्मी ने लोगों को परेशान किया लेकिन शाम होते ही अंधड़ और गरज-चमक के साथ अलग-अलग इलाकों में बौछारें पड़ीं। जिससे रात को मौसम ठंडा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज रायपुर में बादल छाए रहेंगे।

# 2 बच्चों की मां को दिल दे बैठा शादीशुदा युवक

## दोनों थाने पहुंचकर बोले-शादी करवा दो, महिला की पहले लव मैरिज हुई है



कोरबा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक शादीशुदा युवक दो बच्चों की मां को दिल दे बैठा। सोशल मीडिया पर दोनों की दोस्ती हुई, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। अब दोनों अपने बच्चे और परिवार को छोड़कर एक साथ रहना चाहते हैं। गुरुवार को प्रेमी प्रेमिका मानिकपुरी चौकी पहुंचे। चौकी प्रभारी से कहा कि हमारी शादी करवा दो। बताया जा रहा है कि महिला ने 4 साल पहले लव मैरिज की थी। अब दूसरी शादी की जिद कर रही है।

जिला बरपाली क्षेत्र की रहने वाली 27 साल की शादीशुदा महिला को उत्तरप्रदेश के रहने वाले युवक (28 साल) से प्यार हो गया। महिला दो बच्चों की मां है और युवक भी शादीशुदा है उसके भी दो बच्चे हैं। महिला के पति ने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई तो ये दोनों भी थाने पहुंचे गए। अब दोनों एक दूसरे के साथ रहने के लिए अपने वर्तमान परिवार को छोड़ने के लिए तैयार है। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते हैं। महिला के मुताबिक, दोनों की मुलाकात 1 साल पहले सोशल मीडिया पर हुई। महिला ने ये भी बताया कि उसे अपने पति बच्चे से कोई प्रॉब्लम नहीं है फिर भी वह दूसरी शादी करना चाहती है। मिली जानकारी के मुताबिक, महिला ने 4 साल पहले कोरबा के रहने वाले युवक से लव मैरिज की थी। अब 1 साल से उसका अफेयर यूपी के युवक से चल रहा था। युवक व्यवसाय करता है और कोरबा में ही किराए के मकान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता है।

महिला के पति ने उससे पूछा कि क्या मैं प्रताड़ित करता हूं या शराब पीकर परेशान करता हूं? महिला ने इन सभी बातों से इनकार किया लेकिन दूसरे युवक से शादी करने की जिद पर अड़ी रही।

# कोडरमा घाटी में कार-ट्रक की टक्कर

## एक ही परिवार के 6 लोग घायल 3 की हालत गंभीर, रिम्स रेफर

कोडरमा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कोडरमा जिले के ताराघाटी में गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। बिहार के नवादा जिले से धनबाद जा रहे एक परिवार की कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार सभी 6 लोग घायल हो गए।

घायलों में श्रीकांत कुमार, उनके माता-पिता चंद्रदेव पासवान और सविता देवी, पत्नी संजू देवी तथा दो बेटियां मुस्कान कुमारी और आयुषी कुमारी शामिल हैं। श्रीकांत अपने परिवार के साथ नारदीगंज से धनबाद जा रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने सभी घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचाया।

# झारखंड में ओलावृष्टि और तेज आंधी की चेतावनी

## 14 अप्रैल तक येलो और ऑरेंज अलर्ट



रांची, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने झारखंड के कई हिस्सों में ओलावृष्टि, बिजली गिरने और तेज आंधी की चेतावनी जारी की और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की भी संभावना जताई है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, गरज के साथ बारिश और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में भी बादलों की गरज और बिजली की चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राज्य के तीन क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। आनंद ने बताया कि मौसम में इस बदलाव की प्रमुख वजह बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवाह है, जो झारखंड के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण हो रहा है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक 14 मिलीमीटर बारिश गुमला जिले के घाघरा में हुई। वहीं सबसे अधिक उच्चतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज में दर्ज किया गया। जबकि गढ़वा में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग की ओर से राज्य के विभिन्न हिस्सों में 14 अप्रैल तक बारिश के साथ ओलावृष्टि और वज्रपात की आशंका को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 10 और 11 अप्रैल को उत्तर पूर्वी और पश्चिमी भागों में बारिश-ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है।

# सास ने बहू की प्रेमी से कराई शादी

## दोनों को कमरे में पकड़ा था, 2 साल की बेटी के साथ विदा किया, कहा-बहू बदल गई



बेगूसराय, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बेगूसराय में एक सास ने रात में अपनी बहू को उसके प्रेमी के साथ कमरे में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। महिला ने शोर मचाकर गांव के लोगों को बुलाया। रातभर बहू और उसके प्रेमी को बंधक बनाकर रखा गया।

फिर बुधवार दोपहर बहू की उसकी प्रेमी से शादी करा दी गई। गांव के लोगों की मौजूदगी में सास ने अपनी बहू की मांग में प्रेमी से सिंदूर डलवाया और दोनों को विदा कर दिया। अपनी 2 साल की पोती को भी बहू के साथ भेज दिया।

घटना लाखो थाना क्षेत्र की है। चंदन साह और विभा की 3 साल पहले शादी हुई थी। चंदन परदेस में रहकर मजदूरी करता है। घर पर चंदन की पत्नी विभा देवी, सास रेखा और 2 साल की बेटी के साथ रहती थी।

लाखो थाना क्षेत्र के राजा डुमरी का रहनेवाला अमिताभ पासवान सूजा गांव में मजदूरी करने जाता था। जहां उसकी विभा से पहचान हुई। 6 महीना पहले दोनों की मुलाकात राशन की दुकान पर हुई थी। दोनों अक्सर राशन लेने के बहाने सुबह या शाम को दुकान पर एक-दूसरे को देख जाते थे।

इसी बीच अमिताभ ने एक दिन विभा से उसका नंबर मांगा और फिर दोनों के बीच बातें होने लगीं। करीब छह महीने की बातचीत के बाद दोनों ने एक दूसरे से प्यार का इजहार किया।

दरअसल, चंदन के परदेश में होने, ससुर के गुजर जाने और सास के बुजुर्ग होने के चलते विभा अक्सर रात को अपने प्रेमी अमिताभ को अपने घर बुलाने लगी। सुबह सभी लोगों के जागने से पहले अमिताभ, विभा के घर से निकल जाता था। हालांकि, इसी बीच कभी किसी ने अमिताभ को विभा के घर से निकलते देखा। फिर इस बात की चर्चा पूरे गांव में होने लगी।

शादी से ठीक पहले पूरे मामले की जानकारी विभा के पति चंदन साह को भी दी गई। जब उसने पूरी घटना सुनी तो विभा को रखने से इनकार कर दिया।

# 7 दिन में ही बैकफुट पर ट्रम्प

## 90 दिनों के लिए टैरिफ रोका, चीन पर बढ़ाकर 125% किया

वॉशिंगटन, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104% से बढ़ाकर 125% कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84% टैरिफ के बाद की।

चीन पर 125% टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस टैरिफ बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन जल्द यह समझेगा कि अमेरिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन चले गए हैं।



ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पॉज) को स्वीकार किया है। टैरिफ पर इस रोक से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा।

वहीं, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10% हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा और मेक्सिको के कुछ सामानों पर 25% टैरिफ लगता था। अब उन्हें भी बेसलाइन टैरिफ में शामिल कर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यूरोपीय यूनियन इस बेसलाइन टैरिफ में शामिल है या नहीं।

ट्रम्प टैरिफ के चलते अमेरिका समेत ग्लोबल मार्केट में 10 लाख करोड़ डॉलर की गिरावट आई थी। हालांकि, टैरिफ रोकने के फैसले के कुछ घंटों के अंदर ही अमेरिकी शेयर बाजार की वैल्यू 3.1 लाख करोड़ डॉलर बढ़ गई।

ट्रम्प के कई करीबी सलाहकारों और खुद इलॉन मस्क भी टैरिफ वॉर रोकने की सलाह दे चुके थे। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता भी टैरिफ के खिलाफ थे। मिच मैककोनल, रैंड पॉल, सुसन कोलिन्स व लिसा मुर्कोव्स्की ने टैरिफ को 'असंवैधानिक, अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक और कूटनीतिक रूप से खतरनाक' बताया था।

टैरिफ के चलते अप्रत्याशित तौर पर अमेरिकी बॉन्ड्स की बिकवाली शुरू हो गई थी। क्रूड की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई, यह कोरोना काल जैसी स्थिति बन रही थी। वॉल स्ट्रीट के बैंकों ने टैरिफ के चलते अमेरिका में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ने और मंदी आने की चेतावनी दी थी।

अमेरिका चीन से 440 अरब डॉलर का आयात करता है। इस पर उसने 124% टैरिफ लगाया है। चीन से प्रोडक्ट्स मंगवाने वाली अमेरिकी कंपनियों के लिए अब इसका विकल्प खोजना बड़ी चुनौती बन रहा था।

# जेलेंस्की का दावा- रूस के लिए चीनी जंग लड़ रहे

## यूक्रेन में 155 की पहचान हुई, 2 गिरफ्तारी भी जारी किया

कीव, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि उनकी खुफिया एजेंसी ने 155 चीनी नागरिकों की पहचान की है जो रूस की तरफ से जंग लड़ रहे हैं। यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहचान में आए सभी लोगों के नाम और पासपोर्ट की जानकारी उनके पास है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस सोशल मीडिया के जरिए चीनी नागरिकों की भर्ती कर रहा है। चीन को भी इस बात की जानकारी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि भर्ती करने वालों को बीजिंग की तरफ से निर्देश मिल रहे हैं या नहीं। इससे पहले जेलेंस्की ने मंगलवार को दावा किया था कि यूक्रेनी सेना ने रूस की तरफ से जंग लड़ रहे 2 चीनी नागरिकों को पकड़ा है। उन्होंने इससे जुड़ा वीडियो भी जड़ा किया जिसमें पकड़े गए लोगों के हाथ जिप-टाई से बंधे थे। यह पहली बार था जब यूक्रेन ने चीनी लड़ाकों को लेकर ऐसा दावा किया।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस, चीन को इस जंग में खींच रहा है। यह पुतिन के प्लान का हिस्सा है। पुतिन चाहते हैं कि यूरोप में जंग फैले।





रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी सेना डोनेट्स्क में 6 चीनी नागरिकों से लड़ाई लड़ रही थी। इस दौरान 2 लोगों को जिंदा पकड़ लिया गया। बाकी के चार चीनी नागरिक मारे गए या भाग गए, अभी साफ नहीं है।

जेलेंस्की ने दावा किया कि पकड़े गए चीनी नागरिकों के पास से उनके पहचान पत्र, बैंक कार्ड और व्यक्तिगत डेटा मिला है। उन्होंने ये भी बताया कि चीनी नागरिक अब यूक्रेन की सुरक्षा सेवा की हिरासत में हैं। जेलेंस्की ने पकड़े गए चीनी नागरिकों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

जेलेंस्की ने अगले दिन बुधवार को दावा किया था कि वे रूस में बंदी बनाए गए यूक्रेनी सैनिकों के बदले दो युद्धबंदियों को देने को तैयार हैं। जेलेंस्की के दावे को चीन ने खारिज कर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा कि इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है। चीनी सरकार ने हमेशा अपने नागरिकों को जंग वाले इलाके से दूर रहने और किसी भी तरह से ऐसी लड़ाई में शामिल होने से बचने को कहा है। लिन जियान ने कहा कि चीन, यूक्रेन के साथ बातचीत करके इस मामले से जुड़ी पूरी जानकारी हासिल कर रहा है। चीन खुद को युद्ध में तटस्थ बताता है और कहता है कि वह न तो हथियार देता है और न ही सैनिक भेजता है। रूस ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, अमेरिका ने कहा कि यह जानकारी चौंका देने वाली है।

यूएस स्टेट डिपार्मेंट की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि चीन, रूस का मददगार देश है जो जंग को बढ़ावा दे रहा है। रूस पहले भी चीन को ड्रोन पार्ट्स और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स देता रहा है, लेकिन सैनिकों की मौजूदगी हैरान करने वाली है।

रूस-यूक्रेन जंग में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी के दावे पहले भी किए जाते रहे हैं। इससे पहले दक्षिण कोरिया ने दावा किया था कि उत्तर कोरिया के 10 हजार सैनिक रूस की तरफ से यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं।

# अमेरिका-रूस में कैदियों की अदला-बदली

## राजद्रोह के आरोप में सजा काट रही महिला कैरेलिना रिहा

मॉस्को, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका और रूस के बीच कैदियों की अदला-बदली हुई है। दोनों देशों के बीच हुए समझौते के बाद रूस ने राजद्रोह के आरोप में सजा काट रही अमेरिकी-रूसी दोहरी नागरिकता वाली महिला केसिया कैरेलिना को रिहा किया। जबकि अमेरिका ने भी एक रूसी नागरिक को रिहा किया।

महिला के वकील और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि केसिया कैरेलिना अमेरिका वापसी के लिए विमान में सवार हैं। महिला को फरवरी 2024 में रूस के येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूक्रेन की सहायता करने वाली एक चैरिटी को लगभग 52 डॉलर का दान देने के आरोप में देशद्रोह का दोषी ठहराया गया था। हालांकिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसके खिलाफ मामले को हास्यास्पद बताया।

बताया जाता है कि कैरेलिना एक पूर्व बैले डांसर हैं। उन्होंने एक अमेरिकी से शादी की और लॉस एंजिलिस जाने के बाद अमेरिकी नागरिकता प्राप्त की। वह पिछले साल अपने परिवार से मिलने के लिए रूस लौटीं तो उनको गिरफ्तार किया गया था। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने उन पर एक यूक्रेनी संगठन के लिए धन इकट्ठा करने का आरोप लगाया था। कैरेलिना के वकील मिखाइल मुशैलोव ने कहा कि वह अबू धाबी संयुक्त अरब अमीरात से अमेरिका के लिए उड़ान भर रही हैं। सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने कहा कि आज राष्ट्रपति ट्रंप रूस से एक और गलत तरीके से हिरासत में लिए गए अमेरिकी को घर ले आए। मुझे सीआईए अधिकारियों पर गर्व है जिन्होंने इस प्रयास का समर्थन करने के लिए प्रयास किया। हम इस आदान-प्रदान को सक्षम करने के लिए यूएई सरकार की सराहना करते हैं। वहीं अमेरिका ने बदले में एक जर्मन-रूसी नागरिक आर्थर पेट्रोव को रिहा कर दिया। उसे 2023 में साइप्रस में संवेदनशील माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यात के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# विपक्षी नेता म्यांग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति चुनाव में ठोका दावा

सियोल, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में तीन जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे म्यांग भी दम दिखाएंगे। उन्होंने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा की। म्यांग ने कहा कि वे आर्थिक विकास के माध्यम से देश की स्थिति को ठीक करेंगे।

दक्षिण कोरिया में अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल को दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के मामले में पद से हटा दिया गया है। देश के कार्यवाहक नेता हान डक-सू ने मंगलवार को घोषणा की कि हाल ही में अपदस्थ राष्ट्रपति यून की जगह लेने के लिए 3 जून को समयपूर्व राष्ट्रपति चुनाव होंगे। विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे म्यांग ने भी राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का एलान किया है। ली 2022 में यून से मामूली अंतर से चुनाव हार गए थे। उन्होंने मार्शल लॉ की घोषणा के बाद पूर्व राष्ट्रपति को हटाने के लिए अभियान चलाया था। म्यांग ने चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है।

### जनता से किया यह बड़ा वादा



एक वीडियो संदेश में ली ने कहा कि यून के मार्शल लॉ की कहानी ने देश के गहरे विभाजन और सामाजिक संघर्षों को उजागर किया है। इसका मूल कारण अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई है। उन्होंने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और आय ध्रुवीकरण को कम करने के लिए आक्रामक सरकारी खर्च का वादा किया। हमारे पास पहले से कहीं ज़्यादा है, लेकिन धन कुछ क्षेत्रों में बहुत ज़्यादा केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में आर्थिक विकास दर में गिरावट के साथ, केवल निजी क्षेत्र की ताकत पर अर्थव्यवस्था को बनाए रखना और विकसित करना मुश्किल हो गया है। हालांकि, सरकार के नेतृत्व में प्रतिभा विकास और तकनीकी अनुसंधान और विकास में व्यापक निवेश के साथ, हम अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित कर सकते हैं। ली ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक मजबूत गठबंधन बनाए रखना और जापान के साथ तीन-तरफा सहयोग करना महत्वपूर्ण था, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय हित को हर निर्णय में पहले आना चाहिए।

वहीं ग्योंगगी प्रांत के डेमोक्रेटिक गवर्नर और लंबे समय से वित्तीय नीति निर्माता किम डोंग-योन ने भी कहा कि वह राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। इसके अलावा पीपुल पावर पार्टी के फ्लोर लीडर और यून के कट्टर वफादार क्वेऑन सेओंग-डोंग ने कहा कि अगर ली राष्ट्रपति बनते हैं, तो वे क्रूरता से हठधर्मिता और प्रतिशोध की तलवार चलाएंगे और देश के विभाजन को और गहरा करेंगे। ली के खिलाफ भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक आरोपों के पांच मामले चल रहे हैं।

# बांग्लादेश के आर्मी चीफ के रूस जाते ही ढाका में बड़ा खेल

## 5 बड़े सैन्य अफसर हाउस अरेस्ट शेख हसीना के एडीसी भी शामिल

ढाका, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश से बड़ी खबर आ रही है। बांग्लादेश आर्मी के पांच अफसरों को पिछले साल जुलाई में छात्र विद्रोह के दौरान उनकी भूमिका के लिए हाउस अरेस्ट किया गया है। नॉर्थ ईस्ट न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में ये जानकारी दी है। जुलाई छात्र विद्रोह के बाद बीते साल अगस्त में शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। इसके बाद वह ढाका से भागकर भारत आ गई थी। सैन्य अफसरों का हाउस अरेस्ट ऐसे समय में हुआ है, जब बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान रूस के दौरे पर पहुंचे हुए हैं। इस घटनाक्रम ने ढाका को लेकर दिलचस्पी बढ़ा दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश सेना के जिन पांच वरिष्ठ अधिकारियों को ढाका छावनी में नजरबंद किया गया है, उनमें दो ब्रिगेडियर, एक कर्नल, एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर शामिल है। सैन्य अधिकारियों को 5 अप्रैल को उनके आधिकारिक आवासों तक सीमित कर दिया गया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार



ने सार्वजनिक रूप से पांच अधिकारियों की पहचान जाहिर नहीं की है। हालांकि, भारतीय एजेंसियों ने इन पांचों की पहचान की है। इनमें ब्रिगेडियर जनरल एस एम जकारिया हुसैन (इंजीनियर्स ब्रिगेड), ब्रिगेडियर जनरल इमरान हामिद (इन्फैंट्री ब्रिगेड) शामिल हैं। जनरल हामिद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के एडीसी भी थी। इसके अलावा रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) से कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) से लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर मोहम्मद नोमान अल फारुक के रूप में की है। एजेंसियों की रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी अधिकारी 24 घंटे निगरानी में हैं और उन्हें सभी दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। उनकी गतिविधियों पर प्रतिबंध है और देश छोड़ने से रोक दिया गया है। सूत्रों ने पुष्टि की है कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने अधिकारियों के खिलाफ आरोप दायर किए थे, जिसके बाद जनरल वकार उज-जमान ने इस कदम को मंजूरी दी थी।

# अमेरिकी परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर पर बम बरसाने वाली थी वायुसेना

## जगुआर ने ले ली थी पोजिशन, भारत ने यूं तोड़ा था सुपरपावर का घमंड

वॉशिंगटन, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। शीतयुद्ध खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका था। एक तरफ अमेरिका दहाड़ रहा था तो रूस उसे ललकार रहा था। दुनिया दो ध्रुवों में बंट चुकी थी। लेकिन इन सबके बीच एशिया में भी नई राजनीतिक बिसातें बिछ रही थी। भारत उस दौरान एक ऐसे रास्ते पर पहुंच चुका था, जहां से एक नये इतिहास को लिखा जा सकता था। साल 1988 में अरब सागर में भारत तेजी से अपने प्रभुत्व का विस्तार कर रहा था। ये कहानी उस घमंड को तोड़ने की है, जिसे कई साल बीतने के बाद भी आज तक ना तो आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया गया और ना ही दुनिया को उस घटना का कभी सच बताया गया। हम आपको उसी घटना की बेहद दिलचस्प कहानी बताने जा रहे हैं जब भारतीय वायुसेना ने अमेरिकी एयरक्राफ्ट



कैरियर यूएसएस निमिट्ज पर करीब करीब 'हमला' कर ही दिया था। भारत के लिए काफी कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की क्षमता रखने वाले नंबर 6 जगुआर स्क्वाड्रन, जिन्हें 'शिप सिंकर्स' कहा जाता है, वो भारतीय वायु सेना के एकमात्र समुद्री स्ट्राइक स्क्वाड्रन का गठन करते हैं। इस स्क्वाड्रन को खास तौर पर युद्धपोतों और एयरक्राफ्ट कैरियर्स पर हमला करने के लिए डिजाइन किया गया है। नंबर 6 स्क्वाड्रन 'ड्रैगन्स' को साल 1951 में फिर से गठन किया गया था, जब चार इंजन वाले बी-24 लिबरेटर्स को भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। इस भारी बमवर्षक ने स्क्वाड्रन को सौंपी गई भूमिका को पूरा किया। समुद्र में 500 फीट से ज्यादा ऊपर उड़ान भरने के दौरान टोही मिशन चलाना या निगरानी करना काफी मुश्किल हो जाता है। समुद्री मिशन काफी लंबे वक्त चल चलती हैं और इस दौरान नेविगेशनल चुनौतियां काफी ज्यादा होती हैं। भारतीय वायुसेना में टोही मिशन के लिए नंबर 6 स्क्वाड्रन यानि'द ड्रैगन्स' को मार्च 1987 में शामिल किया गया।

इसमें सभी विमान जगुआर फाइटर जेट थे। इसने बाद में कैनबरा स्क्वाड्रन की जगह ली। इस स्क्वाड्रन में सबसे पहले 4 जगुआर को शामिल किया गया था। उस समय की एक स्क्वाड्रन डायरी में लिखा है कि जब जगुआर विमानों ने काफी कम ऊंचाई पर दो कैनबरा विमानों के साथ फ्लाईपास्ट किया तो सिर्फ 15 मिनट में ही सिर्फ वायुसेना स्टेशन ही नहीं, बल्कि पूरे शहर को अपनी ताकत का अहसास करवा दिया।

# सिराजुद्दीन हक्कानी ने तालिबान सरगना अखुंदजादा को दी खुली धमकी

## कंधार में मुलाकात, अफगानिस्तान में बदलेगी सत्ता?

काबुल, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में राज कर रहे तालिबान के अंदर खिंची तलवारें थमती नहीं दिख रही हैं। हक्कानी नेटवर्क के सरगना और अफगानिस्तान के गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने तालिबान के चीफ हैबतुल्ला अंखुदजादा से मुलाकात की है। इस दौरान हक्कानी ने खुलकर तालिबान चीफ को चेतावनी दी। इससे पहले खबरें आई थीं कि हक्कानी को गृहमंत्री के पद से हटा दिया गया है। हालांकि बाद में तालिबान ने इसका खंडन किया था। हक्कानी और तालिबान चीफ के बीच तनाव की खबरें तब ज्यादा बढ़ गई थी जब सिराजुद्दीन यूएई और सऊदी अरब के दौरे पर गया और कई दिनों तक लौटा ही नहीं। बताया जा रहा है कि ताजा मुलाकात में तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे और



अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब और अफगानिस्तान की खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्दुल हक वासिक ने अहम भूमिका निभाई।

अफगान इंटरनैशनल की रिपोर्ट के मुताबिक कंधार में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में हैबतुल्ला और हक्कानी के बीच मुलाकात हुई। इससे पहले हक्कानी ने हैबतुल्ला की नीतियों की कट्टरपंथी नीतियों की कड़ी आलोचना की थी। हक्कानी ने यह भी कहा था कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो तालिबान के कई सीनियर लीडर उससे अलग हो सकते हैं। तालिबान सरगना को दी गई इस धमकी को काफी दुर्लभ माना जा रहा है। कई रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया था कि हक्कानी को हैबतुल्ला के खिलाफ तालिबान का चीफ बनने के लिए अमेरिका का भी समर्थन मिल गया है। हालांकि अमेरिका ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हक्कानी कभी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का प्यादा रह चुका है।

हक्कानी ने तालिबान सरगना से यह भी कहा कि वह सत्ता को कुछ लोगों में केंद्रित कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। साल 2021 में सत्ता में आने के बाद अब तालिबान के अंदर विरोध तेज होता जा रहा है। तालिबान सरगना की नीतियां हक्कानी को पसंद नहीं आ रही हैं और वह खुद अफगानिस्तान पर राज करने का सपना देख रहा है। हक्कानी ने कहा कि हैबतुल्ला की नीतियों की वजह से आम अफगानी जनता उनसे दूर जा रही है और तालिबान का सपोर्ट कम हो रहा है।

# शेख हसीना और उनकी बेटी की बढ़ीं मुश्किलें

## अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में जारी किया एक और वारंट

ढाका, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। बांग्लादेश की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसमें उन पर धोखाधड़ी से आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर चार्जशीट को ढाका मेट्रोपॉलिटन सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन गालिब ने स्वीकार कर लिया।



कोर्ट ने कहा कि आरोपी फरार हैं, इसलिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अभियोजक मीर अहमद सलाम ने बताया कि मेट्रोपॉलिटन सीनियर स्पेशल जज मोहम्मद जाकिर हुसैन गालिब ने वारंट जारी किया है। न्यायाधीश ने आयोग को पुरबाचल इलाके में राजुक द्वारा पट्टे पर दी गई जमीन से जुड़े आरोप की सुनवाई के लिए चार मई को अपनी जांच रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा।

भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ 12 जनवरी, 2025 को मामला दर्ज किया था। चार्जशीट के मुताबिक साइमा वाजेद पुतुल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री और अपनी मां हसीना को प्लॉट पाने और राजुक के बजाय उनके लिए आवेदन करने के लिए अवैध रूप से प्रभावित किया था। यह नियमों का उल्लंघन था।

# ड्रग्स कार्टेल का काल बने भारतवंशी काश पटेल

वॉशिंगटन, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के कोस्ट गार्ड और संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने ड्रग माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ड्रग कार्टेल को बड़ा झटका देते हुए 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की ड्रग्स की खेप पकड़ी गई है। एफबीआई के भारतीय मूल के पहले निदेशक काश पटेल ने इस ऑपरेशन की जानकारी दी है। उन्होंने इसे अमेरिकी इतिहास में नशीली दवाओं के खिलाफ सबसे सफल ऑपरेशन में से एक बताया है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने बुधवार सुबह फोर्ट लॉडरडेल के पोर्ट एवरग्लेड्स में 48000 पाउंड से अधिक की जब्त की गई अवैध ड्रग्स को उतारा। इस ड्रग्स की कीमत 50 करोड़ डॉलर से अधिक आंकी गई है। संघीय अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी कोस्ट गार्ड के कटर जेम्स और मोहॉक के चालक दल ने पूर्वी प्रशांत महासागर में 13 रेड में जब्त किया गया। ड्रग्स को अमेरिकी पोर्ट पर उतारे जाने के समय एफबीआई के निदेशक काश पटेल, अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पॉम बॉन्डी और अमेरिकी कोस्ट गार्ड अटलांटिक क्षेत्र के कमांडर वाइस एडमिरल नाथन मूर मौजूद थे।

# चीन ने तैयार किया दुनिया का सबसे ऊंचा पुल

## अपना ही रेकॉर्ड तोड़ने को तैयार बादल से ऊपर गुजरेंगी गाड़ियां

बीजिंग, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन ने एक बार फिर इंजीनियरिंग का कमाल दिखाया है। चीन के इंजीनियरों ने दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बनाने का कारनामा किया है। चीन के हुआजियांग में दुनिया के सबसे ऊंचे पुल की हैरान करने वाली ड्रोन फुटेज सामने आई है, जिसमें इसे बनते हुए दिखाया गया है। पुल को इस साल खोला जाना है। हुआजियांग ग्रैंड कैनियन ब्रिज लंदन के गोल्डेन गेट ब्रिज से 9 गुना ऊंचा है। वहीं पेरिस के एफिल टॉवर की ऊंचाई से यह दोगुना है। हैरतअंगेज फुटेज में पुल के निर्माण कार्य में जुटे इंजीनियर काम को अंतिम रूप देते दिखाई दे रहे हैं।

चीन में बन रहा यह पुल इतना ऊंचा है कि निर्माण कार्य के दौरान बादलों को पुल के साथ गुजरते देखा जा सकता है। यह पुल बेइपन नदी के ऊपर बना हुआ है। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द सन की रिपोर्ट के अनुसार, हुआजियांग ग्रैंड कैनियन पुल 2.9 किलोमीटर लंबा और नदी से 2050 फीट ऊपर है। पुल का केंद्रीय भाग 93 खंडों से बना है और इसका कुल वजन 22,000 टन है। यह एफिल टॉवर के कुल वजन का तीन गुना है। यह पुल अपने उद्घाटन के साथ ही विश्व रेकॉर्ड को तोड़ने के लिए तैयार है। हालांकि, वर्तमान में दुनिया के सबसे ऊंचे पुल का खिताब चीन के पास ही है। यह गुइझोऊ प्रांत में बेइपानजियांग पुल के नाम है, जो हुआजियांग ग्रैंड कैनियन ब्रिज से लगभग 320 किमी उत्तर में है। चार लेन के यातायात वाले इस पुल का निर्माण 2016 में पूरा हुआ था और यह बेइपान नदी पर 1788 फीट ऊंचा है। हुआजियांग पुल खुलने के बाद स्थानीय लोगों को कनेक्टिविटी में बड़ी राहत मिलने वाली है।



# एक और भ्रष्ट अधिकारी का खुला काला चिट्ठा

## एसीबी ने हरिप्रसाद मीणा के जयपुर और दौसा सहित 5 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की

जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हरिप्रसाद मीणा के जयपुर और दौसा सहित 5 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। मीणा पर आय से लगभग 200 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

**5 ठिकानों पर ताबड़तोड़ रेड**

एसीबी की टीमों ने इन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

यूनिक एम्पोरिया, वीआईटी रोड, जगतपुरा, जयपुर

यूनिक न्यू टाउन, महिमा पनोरमा के पीछे, जगतपुरा, जयपुर

गांव बगड़ी, तहसील लालसोट, जिला दौसा स्थित फार्म हाउस

पीडब्ल्यूडी कार्यालय, ब्लॉक






दूदू, जयपुर

किराये का मकान, फ्रेंड्स कॉलोनी, नरैना रोड, दूदू, जयपुर

लग्ज़री जीवनशैली की खुलीं परतें

बताते चलें कि एसीबी की प्रारंभिक जांच में हरिप्रसाद मीणा के पास कई बेनामी संपत्तियां और लग्जरी सुविधाएं सामने आई हैं। दो ऑडी कारें, एक स्कॉर्पियो, फोर्ड एंडेवर एसयूवी और रॉयल एनफील्ड बाइक, यूनिक एम्पोरिया और यूनिक न्यू टाउन अपार्टमेंट्स में तीन महंगे फ्लैट, दौसा के बगड़ी गांव में एक फार्म हाउस, विदेश यात्राओं और लग्जरी होटलों में ठहरने का भी ब्यौरा मिला है।

वहीं, 19 बैंकों में खाते हैं, जिनमें करोड़ों के लेनदेन की जानकारी भी सामने आई है। साथ ही बैंकों से लिए भारी लोन को भी कम समय में चुकाने की जानकारी सामने आई है।

एसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हरिप्रसाद मीणा की आय, पद और उनके द्वारा अर्जित संपत्तियों के बीच बड़ा असंतुलन है। सभी दस्तावेजों की जांच जारी है। बहुत जल्द आय से अधिक संपत्ति का पूरा मूल्यांकन कर केस दर्ज किया जाएगा।

**कुछ दिन में हो सकती है गिरफ्तारी**

सूत्रों की मानें तो यदि जांच में संपत्तियों की पुष्टि होती है और स्रोतों का संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, तो एसीबी जल्द ही मीणा की गिरफ्तारी कर सकती है। टीम ने कई दस्तावेज, पासबुक, प्रॉपर्टी डील, डिजिटल डेटा आदि को जब्त किया है।

# सामाजिक पेंशन रोकने की तैयारी में सरकार

## निर्धारित योग्यता से ज्यादा कमा रहे लोगों पर होगा एक्शन, बिजली बिलों के आधार पर निर्णय किया

जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान सामाजिक पेंशन (एकल नारी, बुजुर्ग, विशेष योग्यजन) लेने वाले लाखों लाभार्थियों की पेंशन रोकने की तैयारी की जा रही है। ये पेंशनधारी वो हैं, जो सरकार की निर्धारित योग्यता से ज्यादा इनकम कमा रहे हैं। इसे देखते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने हाल ही में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिसमें बिजली के बिलों के आधार पर पेंशन को रोकने का निर्णय किया है। इसे मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय भिजवाया है। अगर मुख्यमंत्री कार्यालय से मंजूरी मिलती है तो लाखों लाभार्थियों की पेंशन रुक सकती है।

दरअसल, राज्य सरकार अभी मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकलनारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना के तहत लाभर्थियों को 1150 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक पेंशन हर माह देती है। इन तीनों कैटेगरी में पेंशन पाने वाले लाभार्थियों की संख्या 91




लाख 85 हजार से अधिक है। सरकार की एक सर्वे रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें पता चला है कि कई लाखों लाभार्थी जो पेंशन ले रहे है, सच्चाई में उनकी वार्षिक आय इस पेंशन के लिए निर्धारित योग्यता से ज्यादा है।

**48 हजार से ज्यादा बिजली का बिल देने वालों की पेंशन रोकने का सुझाव**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जो प्रस्ताव तैयार किया है, उसमें अगर कोई लाभार्थी 48 हजार रुपए या उससे ज्यादा का बिजली का बिल सालाना भुगतान कर रहा है। उसकी पेंशन को रोकने का निर्णय किया है। इसके अलावा जिन लाभार्थियों के यहां सालाना बिजली का बिल 24 हजार रुपए या उससे ज्यादा है। उस पर भी मुख्यमंत्री स्तर पर सुझाव मांगा है।

**सर्वे में 3 लाख से ज्यादा पेंशनधारियों की रिपोर्ट तैयार**

दरअसल, विभाग ने पिछले कुछ माह में एक सर्वे रिपोर्ट तैयार करवाई। सूत्रों का कहना है कि इस सर्वे रिपोर्ट में बिजली कंपनियों से पेंशन लेने वाले लाभार्थियों के बिजली बिल की रिपोर्ट मांगी गई तो इसका पता चला। 3 लाख से ज्यादा ऐसे लाभार्थी हैं, जो 48 हजार रुपए या उससे ज्यादा का बिजली का बिल सालाना भर रहे हैं।

वहीं, राज्य सरकार ने पेंशन के लिए वार्षिक आय की योग्यता 48 हजार रुपए निर्धारित की है। ऐसे में विभाग का मानना है कि जो लाभार्थी 48 हजार रुपए का बिजली का बिल दे सकता है। उसकी या उससे जुड़े परिवार की सालाना आय बहुत ज्यादा होगी।

# 'मुस्लिम समाज के दबे-कुचले और शोषित वर्ग के लिए न्याय का मार्ग'

## वक्फ कानून पर बोले विधायक बाबा बालकनाथ

बीकानेर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ ने वक्फ बोर्ड को लेकर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह देश का सबसे बड़ा भूमाफिया संगठन बन गया था, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के आम लोगों की जमीनों पर कब्जा करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड के सदस्य गरीब मुस्लिमों की जमीनें औने-पौने दामों में खरीदकर करोड़ों में बेचते थे।

बीकानेर दौरे पर पहुंचे बाबा बालक नाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड पर लाया गया



नया कानून मुस्लिम समाज के दबे-कुचले और शोषित वर्ग के लिए न्याय का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे इस कानून को समझें और इसका स्वागत करें। बाबा बालक नाथ ने स्पष्ट किया कि इस कानून से न तो देश को और न ही एनडीए गठबंधन को कोई नुकसान होगा। उल्टे, इससे आम जनता को तानाशाही और मनमानी से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि संसद द्वारा पारित कानून देश के 140 करोड़ लोगों के हित में हैं, और जो संगठन जनहित में कार्य करेगा, वही आगे बढ़ेगा।

ज्ञानदेव आहूजा के हालिया बयान का बचाव करते हुए बाबा बालक नाथ ने कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आहूजा ने कांग्रेस की मानसिकता को लेकर टिप्पणी की थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बाबा बालक नाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन संस्कृति को अपमानित किया है, चाहे वह प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाना हो, राम मंदिर का मुद्दा हो या महाकुंभ का आयोजन।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सनातन परंपराओं पर बार-बार प्रहार किया है। इससे पहले, बीकानेर भाजपा कार्यालय पहुंचने पर बाबा बालक नाथ का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़, देहात जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर पंचारिया, विधायक जेठानंद व्यास, पूर्व विधायक सिद्धि कुमारी सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे और उन्होंने बाबा बालक नाथ का अभिनंदन किया।

# एमपी-एमएलए के खिलाफ 51 मुकदमे

## लंबित केसों की होगी तेजी से सुनवाई, सरकार ने दी हाईकोर्ट को जानकारी

जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने सांसद और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों में जल्द सुनवाई पूरी कराने के लिए लोक अभियोजकों को बेवजह तारीख नहीं लेने की हिदायत दी है। सरकार की ओर से हाईकोर्ट में यह जानकारी दी गई, जिस पर कोर्ट ने इससे संबंधित आदेश पेश करने के लिए सरकार को समय देते हुए सुनवाई 12 मई तक टाल दी। प्रदेश में सांसद-विधायकों के खिलाफ लंबित मुकदमों की संख्या 51 बताई जा रही है।

सभी लोक अभियोजकों को दिशा निर्देश जारी

मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव व न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई की। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों में सुनवाई में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने सभी लोक अभियोजकों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी लोक अभियोजकों को इन मामलों में संबंधित न्यायालयों को पूर्ण सहयोग करने और बेवजह सुनवाई टालने का आग्रह नहीं करने की हिदायत दी गई है।

**लंबित मामलों की जानकारी दी**

उधर, हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल की ओर से भी सांसद-विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश कर दिए जाने की जानकारी कोर्ट को दी गई, लेकिन रिपोर्ट अभी तक सरकार को नहीं मिली है। इस पर कोर्ट ने सरकार को उसकी ओर से जारी आदेश पेश करने का आदेश देते हुए सुनवाई टाल दी।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हो रही निगरानी**

हाईकोर्ट ने 2023 में एमपी-एमएलए से जुड़े आपराधिक प्रकरणों के निस्तारण पर निगरानी के लिए स्वप्रेरणा से यह याचिका दर्ज की। सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट मुख्य न्यायाधीशों से कहा था कि वे इन केसों के संबंध में याचिका दर्ज कर ट्रायल की स्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करें। हाईकोर्ट इन केसों के मामले में संबंधित न्यायालयों से समय-समय पर ट्रायल की रिपोर्ट ले और जरूरत होने पर सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट बनाएं।

# पाकिस्तान सीमा के पास से जीआरपी ने बदमाश को दबोचकर बरामद किया 26 लाख का माल

जैसलमेर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। रेलवे पुलिस ने राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान सीमा के पास से एक शातिर बदमाश को दबोचकर उसके पास से करीब 26 लाख रुपये का माल बरामद करने में सफलता हासिल की है। बदमाश मूकबधिर है और अपनी दिव्यांगता का फायदा उठाते हुए वह चलती ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। साथ ही पुलिस को चकमा देने में सफल भी रहता था।

52 वर्षीय संदीप मधुकर अलीबाग रायगढ़ के रहने वाले हैं। गत 19 मार्च को वे कोयंबतूर जबलपुर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में पनवेल से जबलपुर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वे इटारसी रेलवे स्टेशन पर दो मिनट के लिए बाथरूम चले गए थे। वापस लौटे तो उनका एक पिट्ठू बैग गायब था। चोरी गए बैग में मोबाइल फोन और जेवरात समेत करीब 24 लाख 52 हजार रुपये कीमत का सामान रखा हुआ था। फरियादी ने इस मामले की रिपोर्ट जीआरपी जबलपुर में दर्ज कराई थी। केस डायरी आने के बाद जीआरपी इटारसी ने असल कायमी कर जांच शुरू की थी।

**देश भर में भेजी गई थी जानकारी**

मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी इटारसी थाना प्रभारी रामस्नेह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। टीम ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और संदेही व्यक्ति का हुलिया और घटना की जानकारी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश पुलिस के ग्रुपों पर भेजी। साथ ही सभी कंट्रोल रूम्स को जानकारी नोट कराई गई थी।

जीआरपी बाड़मेर को मिला था संदिग्ध

जांच के दौरान जीआरपी बाड़मेर राजस्थान को एक मूक-बधिर व्यक्ति मिला, जो उक्त मामले में संदेही था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची इटारसी जीआरपी ने जोधपुर कोर्ट की मदद से संदेही व्यक्ति को हिरासत में लिया। जीआरपी ने बताया कि आरोपी अपने हस्ताक्षर देवीचंद लिखकर करता है। पुलिस ने आरोपी के बायोमेट्रिक डाटा एवं फिंगर प्रिंट की मदद से निकटवर्ती आधार केंद्रों एवं फिंगरप्रिंट शाखा भोपाल तथा एससीआरबी डाटा से मिलान करवाया, लेकिन उसके पता तथा अन्य जानकारी नहीं मिल पाई। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी के कब्जे से चलती ट्रेन में चोरी किया गया माल बरामद कर लिया गया। जब्त हुए माल की कुल कीमत 25.92 लाख रुपये बताई गई है।

# नष्ट करने के लिए खोले डोडा पोस्त के कट्टों में निकले अरंडी के छिलके

## दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

जोधपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। जोधपुर ग्रामीण पुलिस के पीपाड़ थाने में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। यहां 6 कट्टों में मादक पदार्थ डोडा पोस्त भरा था, जिन्हें नष्ट करने के लिए खोला गया तो पुलिस भी देख कर दंग रह गई। इन कट्टों में डोडा पोस्त की जगह अरंडी के छिलके भरे हुए थे। जैसे ही मामला SP के पास पहुंचा तो उन्होंने पूरे मामले की जांच कराई। जांच में एसपी ऑफिस में लगे ASI और पीपाड़ थाने के हेड कांस्टेबल कि करतूत सामने आई। जांच के दौरान प्रमाणित पाए जाने पर एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभाग जांच शुरू की। साथ ही पीपाड़ थाने में दोनों के खिलाफ मामला भी दर्ज करवाया। जोधपुर ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि फरवरी महीने में अवैध मादक पदार्थों को नष्ट करने का काम शुरू किया गया था। कोर्ट से आदेश और एसपी ऑफिस से आदेश करवाने के बाद अवैध मार्ग पदार्थों को नष्ट कर दिया जाता है। पीपाड़ थाने में जब्त करीब 36 किलो अवैध डोडा पोस्त को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन जब कट्टों को खोला गया तो उनमें अरंडी के छिकले भरे पाए गए। इस मामले की जांच डिवाएसपी शंकर लाल को सौंपी गई। जांच में एसपी ऑफिस में लगे मादक पदार्थों के निस्तारण का काम देखने वाले एएसआई श्रवण राम और पीपाड़ थाने के माल थाने के एचएम हेड कांस्टेबल लियाकत अली की भूमिका सामने आई। दोनों पर 36 किलो अवैध मध्य पदार्थ डोडा पोस्त गबन के मामले में दोष प्रमाणित होने पर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ पीपड़ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

# सांचौर में 13.647 किलोग्राम डोडा पोस्त के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार



जालौर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। जालोर जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान जारी है। इसी कड़ी में सांचौर थाना पुलिस ने ऑपरेशन भौकाल के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 13.647 किलोग्राम डोडा पोस्त, 94,310 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है।

एसपी ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में थाना अधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर सूचना पर सांचौर कस्बे के एलआईसी चौराहे पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार राजुराम और उसकी पत्नी बाबुदेवी, निवासी बलाना, को रोका गया। तलाशी में उनके पास से 2.009 किलोग्राम डोडा पोस्त और अवैध मादक पदार्थ की बिक्री से अर्जित 94,310 रुपये नकद बरामद किए गए।

इसके बाद पुलिस टीम ने बलाना गांव में राजुराम के घर दबिश दी, जहां से 11.638 किलोग्राम डोडा पोस्त और पीसने और नापतौल में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मिक्सी और प्लास्टिक थैलियां बरामद की गईं। इस तरह कुल 13.647 किलोग्राम डोडा पोस्त, नकदी और एक मोटरसाइकिल जब्त कर पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

एसपी ज्ञानचंद यादव ने बताया कि सांचौर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए 13.647 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से अर्जित 94,310 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं।

# अचानक धधक उठी खाटूश्यामजी दर्शन को जा रहे श्यामभक्त की कार, समय रहते निकले बाहर

सीकर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। राजस्थान के सीकर जिले के रानोली थाना क्षेत्र में एक चलती कार अचानक आग की चपेट में आ गई। गनीमत रही कि कार में सवार युवक ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली।

घटना नेशनल हाईवे-52 पर गौरिया पुलिया के पास की है। हरियाणा के सिरसा जिले का रहने वाला सुरेंद्र कुमार अपनी निजी कार से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकला था। रानोली क्षेत्र से गुजरते वक्त अचानक उसकी कार के बोनट से धुआं और फिर आग निकलने लगी। इसी दौरान पास से गुजर रहे एक बाइक सवार ने सुरेंद्र को आग की जानकारी दी। सुरेंद्र ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए कार को साइड में खड़ा किया और खुद बाहर निकल आया। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर रानोली पुलिस और सीकर से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। साथ ही आशंका जताई जा रही है कि तेज गर्मी और वाहन के अधिक तापमान के चलते इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही हैं।

इससे एक दिन पहले ही सीकर जिला मुख्यालय पर तापमान के कारण एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। मौसम विभाग ने पहले ही जिले के लिए तीन दिन का येलो अलर्ट जारी कर रखा है और अलर्ट के दूसरे दिन यह दूसरा हादसा सामने आया है।

## शादी की शहनाई बजने से पहले मच गई चीख-पुकार

# सोते समय घर पर टूटकर गिरा विद्युत पोल दुल्हन के पिता की हुई दर्दनाक मौत

सवाई माधोपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सवाईमाधोपुर के नायपुर उपखंड गांव में विद्युत एलटी लाइन के तारों में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के उलझने से विद्युत पोल टूटकर एक मकान पर गिर गया। इस दौरान घर के आंगन में सो रहे एक व्यक्ति की पोल गिरने से मौत हो गई।

ग्रामीण रूपसिंह ने बताया कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक गांव में आया। इस दौरान प्रेशर से उसकी ट्रॉली ऊंचा हो गई। इसके चलते वह एलटी लाइनों से उलझ गई और तार खिंचने से एक विद्युत पोल नीचे आ गिरा।

इसके गिरने से यहां बने घर की दीवार ढह गई। साथ ही घर में सो रहा रामसिंह गुर्जर (42) पुत्र गोपाल गुर्जर विद्युत पोल के नीचे दबने से गंभीर घायल हो गया। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वहां से भाग छूटा। पोल टूटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए।

परिजन घायल को उपचार के लिए खंडार अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। हालांकि परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गए, जहां युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गनीमत रही कि उस वक्त उसके पास और कोई परिवार के सदस्य नहीं सो रहे थे। अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी।

कस्बा निवासी भाजपा नेता गंगाशंकर गौतम ने बताया कि रामसिंह गुर्जर की बेटी की 25 अप्रेल को बारात आने वाली थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। हादसे ने हंसी-खुशी वाले घर में अचानक कोहराम मचा दिया। रामसिंह अपने पीछे एक बेटी पिंकी और एक बेटा दिलखुश छोड़कर गया। घर में दोनों भाई-बहन का बुजुर्ग दादा ही सहारा है।

हादसे की जानकारी लगते ही स्थानीय विधायक जितेंद्र कुमार गोठवाल भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया। साथ ही मृतक के परिजनों को सरकारी नियम अनुसार लाभ दिलाने व सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन दिया।

# दो बच्चों के साथ मालगाड़ी के आगे कूदी महिला

## धड़ से अलग हुआ मां-बेटे का सिर, सुसाइड नोट भी मिला

नागौर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के नागौर जिले में मां ने अपने दो बच्चों के साथ मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। इससे तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

नागौर जिले के डेगाना कस्बे में डेगाना-मकराना रेलवे ट्रैक पर चांदारुण रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर एक महिला ने बेटा और बेटी के साथ मालगाड़ी के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली है। दर्दनाक हादसे में मां और बेटे का सिर धड़ से अलग हो गए। वहीं, बेटी की भी दर्दनाक मौत हो गई।

देर रात को हुई घटना के बाद सूचना पर डेगाना जीआरपी रेलवे पुलिस प्रभारी पुनाराम नायक मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरपीएफ पुलिस व डेगाना पुलिस थाने को सूचना दी गई। सिविल पुलिस का मामला होने पर डेगाना पुलिस ने तीनों के शव को रेलवे ट्रैक से उप जिला अस्पताल में लाकर मोर्चरी में रखा गया। साथ ही आधार कार्ड और सुसाइड नोट को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

**इनकी हुई मौत**

हादसे में पहचान शारदा पत्नी विजयपाल बुडानिया उम्र 43 वर्ष, बेटा निखिल बुडानिया पुत्र विजयपाल उम्र 22 वर्ष व अंशु पुत्री विजयपाल जाट उम्र 16 वर्ष निवासी थिरपाली छोटी, जिला चूरू हाल निवासी जयपुर की मौत हो गई। पुलिस ने महिला के पति और उनके परिजनों को सूचना भिजवाई।

**महिला ने सुसाइड नोट में लगाए कई लोगों पर गंभीर आरोप**

सुसाइड नोट में महिला ने अपने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए है।

सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। सुसाइड नोट में परिवार सहित कई लोगों से कर्ज लेने-चुकाने, ब्याज बहुत ज्यादा भरने का उल्लेख है। साथ ही पति, पति के भाई और अन्य परिजनों पर भी कई आरोप लगाए गए हैं।

# कांचा गच्चीबावलीः सुप्रीम कोर्ट की अधिकार प्राप्त समिति ने हैदराबाद में निरीक्षण शुरू किया



हैदराबाद, 10 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने बड़े पैमाने पर पर्यावरण उल्लंघनों पर बढ़ती चिंताओं के बीच गुरुवार को विवादास्पद कांचा गचीबोवली भूमि का दो दिवसीय निरीक्षण शुरू किया। वे अपने दौरे के दौरान अधिकारियों, छात्र समूहों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। बुधवार शाम को हैदराबाद पहुँचकर, सीईसी ने, जिसके अध्यक्ष सिद्धांत दास हैं और सदस्य सीपी गोयल, सुनील लिमये और जेआर भट्ट हैं, गुरुवार को हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास 400 एकड़ की साइट का अपना क्षेत्रीय निरीक्षण शुरू किया। क्षेत्रीय दौरे के दौरान समिति के सदस्यों के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। यह निरीक्षण विकास के नाम पर पेड़ों की कथित अनधिकृत कटाई और विशाल हरित क्षेत्र के विनाश पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई कड़ी टिप्पणियों के बाद किया गया है।सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया रिपोर्टों के बाद कांग्रेस सरकार की कार्रवाई का स्वतः संज्ञान लिया और सीईसी को जमीनी स्थिति का आकलन करने और एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ताज कृष्णा होटल में ठहरी यह समिति सीधे सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में काम कर रही है।बाद में, पैनल दोपहर 2 बजे मुख्य सचिव ए शांति कुमारी सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मिलने वाला है। शुक्रवार को, यह एनजीओ, छात्र समूहों और अन्य हितधारकों के प्रतिनिधित्व को सुनेगा, जिन्होंने साइट पर पर्यावरण उल्लंघनों को चिह्नित किया है।सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, समिति 16 अप्रैल से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जो कांचा गाचीबोवली भूमि के भाग्य का निर्धारण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

## एक व्यक्ति ने बहन की चाकू से कर दी हत्या



### भाई को किया घायल

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के ओल्ड मालकपेट में बुधवार रात पारिवारिक मुद्दों को लेकर एक व्यक्ति ने अपनी बहन की चाकू मारकर हत्या कर दी। संदिग्ध मदन राव बुधवार रात ओल्ड मालकपेट स्थित अपनी मां के घर गया और अपनी बहन लक्ष्मी (68) और बड़े भाई सुदर्शन (70) के साथ किसी पारिवारिक मुद्दे पर झगड़ा किया। पुलिस ने बताया कि मदन मोहन गुस्से में घर के रसोईघर में गया, चाकू उठाया और लक्ष्मी तथा सुदर्शन की ओर दौड़ा तथा उन पर अंधाधुंध हमला कर दिया। लक्ष्मी की मौके पर ही अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौत हो गई, जबकि सुदर्शन को चोटें आईं और उसे अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मदन मोहन को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार है। वह पहले भी इसी तरह के एक मामले में शामिल था।

## अपराध नियंत्रण के लिए जैनूर में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जाएगा

कुमरमभीम आसिफाबाद 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता):- जैनूर सीआई रमेश ने कहा कि कोमुराम भीम आसिफाबाद जिला एसपी डीवी श्रीनिवास राव आईपीएस, जिला अतिरिक्त एसपी प्रशासन प्रभाकर राव, आसिफाबाद सब-डिवीजन एएसपी चित्त रंजन आईपीएस और अन्य के आदेश पर जैनूर मंडल के गौरी गांव में घेराबंदी की गई थी। इस अवसर पर बोलते हुए सीआई रमेश ने बताया कि जैनूर मंडल के गौरी गांव में किए गए निरीक्षण के दौरान बिना उचित प्रमाण पत्र के 20 दोपहिया वाहन और एक ऑटो जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और अधिक व्यापक निरीक्षण किए जाएंगे तथा अपराध पर नियंत्रण के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को बुरी आदतों में नहीं पड़ना चाहिए और सरकार व पुलिस हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराएगी। वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने, बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की सलाह दी गई। लोगों को बताया गया कि गांवों में संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में अगर कोई समस्या हो तो वे तुरंत स्थानीय पुलिस थाने में इसकी सूचना दें या फिर 100 नंबर पर फोन करें तो पुलिस चंद मिनटों में उनके पास आ जाएगी। घेराबंदी और तलाशी के बाद फ्लैग मार्च निकाला गया। घेराबंदी के दौरान जैनूर सीआई रमेश, एसआई जी. रविकुमार, रामकृष्ण, जे. उल्लास, बोज्जी राव, आरएसआई मल्लेश के साथ 30 विशेष दल के जवान, 21 सिविल पुलिस जवान और 08 महिला पुलिस कर्मियों ने जांच की।



आज भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर नामपल्ली पब्लिक गार्डन स्थित भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर मार्निंग वाकर एसो. द्वारा माल्यार्पण किया गया। अवसर पर जैन सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष ए. गौतम जैन, अशोक सकलेचा, नवरतन गुंदेचा, मोतीलाल भलगट, मणिलाल शाह अशोक तांतेड, पवन कोठारी, पारसमल कोठारी, अशोक खिमेसरा आदि उपस्थित थे । जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भी महावीर स्वामी को श्रद्धापूर्वक शीश नवाकर मनोकामनाएं सफल होने की कामना की।

## कुकटपल्ली में कॉपर रिसाइकिलिंग यूनिट में लगी भीषण आग

### किसी के हताहत होने की खबर नहीं

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के कुकटपल्ली के प्रशांतनगर में एक रिसाइकिलिंग यूनिट में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, प्रशांतनगर स्थित एक तांबा रिसाइक्लिंग इकाई में आग लग गई। सूचना पर आस-पास के दमकल केंद्रों से तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अधिकारियों को संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। हालांकि, आग लगने के सही कारण का पता लगाया जा रहा है। वित्तीय नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## नांगननूर मंडल में ओलावृष्टि और सुबह की बारिश से फसलें तबाह



सिद्दीपेट, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को सिद्दीपेट जिले के कई इलाकों में सुबह-सुबह बारिश के साथ ओले भी गिरे। नागननूर मंडल में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, क्योंकि नांगनूर के गांवों में कृषि और बागवानी की फसलें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। सुबह साढ़े तीन बजे बारिश शुरू हुई, जब किसान गहरी नींद में थे।

कृषि और बागवानी अधिकारियों ने पलामकुला और नांगनूर मंडलों में क्षतिग्रस्त खेतों का दौरा किया। बीआरएस नेता जपा श्रीकांत रेड्डी ने सरकार से किसानों को मुआवजा देने के लिए फसलों की गणना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि धान की खेती करने वाले किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है क्योंकि बारिश और ओलावृष्टि के कारण खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों ने कहा कि वे फसल काटने की तैयारी कर रहे थे, तभी बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।


दक्षिण मध्य रेलवे

हमें X@SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

**सं. डीवाय.सीइइ-जीएस-बीजेडए-23-2024-25 दि.9-4-2025**

(ireps.gov.in द्वारा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे), विजयवाडा द्वारा निम्न कार्यों हेतु ओपन टेंडर /सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेंडरिंग में ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्रम सं. 1,** निविदा सं. बीजेडए-जीएसयु-इलेक.-23-2024-25, दि.4-4-2025, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजन—काकीनाडा टाउन स्टेशन पर नई फ्राइट एग्जामिनेशन गूड्स शेड के लिए बिजली आपूर्ति व्यवस्थाओं का प्रावधान। निविदा मूल्य रु.10936822.96, पूधरा रु.204700/-,पूरा करने की अवधिः 09 महिने, निविदा प्रपत्र मूल्यः रु. शून्य, बंद करने की तिथि व समयः 1-5-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज व अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः https://ireps.gov.in पर **लागिन करें।**

पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) का भुगतान केवल नेट बैंकिंग/आईआरइपीएस पर आनलाइन में उपलब्ध पेमेंट गेटवे फैसिलिटीज द्वारा करना चाहिए (या) बोली सुरक्षा या बिड सेक्युरिटी के प्रति बैंक गैरेंटी को, वरिष्ठ विभागीय वित्तीय प्रबंधक, दमरे, विजयवाडा पर, भौतिक तौर पर (मैन्युएली) प्रस्तुत करना चाहिए।

निविदादातागण अपने आफर्स को, आनलाइन रुप में निविदा प्रस्तुति/बोली या बिड्डिंग अवधि के दौरान, निविदा बंद करने की तिथि से पंद्रह दिन पहले, कर सकते हैं।

निविदादातागण, किसी भी शुध्दिपत्रों (केवल आनलाइन रुप से जारी) को, निविदा प्रस्तुति/बोली या बिड्डिंग अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

—**विभागीय बिजली अभियंता, गति शक्ति, विजयवाडा**

PUB0364

**खुली ई-निविदा सूचना सं. बी/इ.इजीएस/16/2024-25 दि.2-4-2025 PUB/0363**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु अधोलिखित तिथिनुसार 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित हैं।

**बी/इ.29/** I/इजीएस/40/24-25 दि.2-4-2025, कार्य विवरणः 1) बीजेडए डिवीजन-टीडीडी (100केएलडी) तथा एनडीडी(100केएलडी) स्टेशनों पर, एनजीटी मार्गदर्शनों नुसार, एपीपीसीबी एवं सीपीसीबी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का प्रावधान। 2) बीजेडए डिवीजन-एसएलओ (100केएलडी), एएनवी(35केएलडी) तथा सीसीटी(35केएलडी) स्टेशनों पर, एनजीटी मार्गदर्शनों नुसार, एपीपीसीबी एवं सीपीसीबी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का प्रावधान। 3) बीजेडए डिवीजन-एकेपी (100केएलडी) तथा टीयुएनआई (35केएलडी) स्टेशनों पर, एनजीटी मार्गदर्शनों नुसार, एपीपीसीबी एवं सीपीसीबी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का प्रावधान। बिजली व पम्पिन्ग व्यवस्थाएं। पूरा करने की अवधिः 12 महिने, निविदा मूल्य रु.1,18,91,066.18, पूधरा/बोली सुरक्षाः रु.2,09,500.00, निविदा दस्तावेज मूल्यः शून्य, बंद करने की तिथिः 24-04-2025

**बी/इ.29/** I/इजीएस/44/24-25 दि.2-4-2025, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः बीजेडए डिवीजन के रेलवे क्वार्टर्स एवं सर्विस बिल्डिंग्स पर एर्थ पिट्स सहित ऊर्जा सक्षम फैन्स (बीएलडीसी) सहित कन्वेन्शनल सीलिंग/वाल माउंटेड/ पेडेस्टल फैन्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेन्ट करना एवं बिजली आपूर्ति व्यवस्थाओं को मजबूत करना। पूरा करने की अवधिः 6 महिने, निविदा मूल्य रु.4,18,69,339.00, पूधरा/बोली सुरक्षाः रु.3,59,400.00, निविदा दस्तावेज मूल्यः शून्य, बंद करने की तिथिः 24-04-2025

**बी/इ.29/** I/इजीएस/45/24-25 दि.2-4-2025, कार्य विवरणः 1)बीजेडए डिवीजनःएनएस,एमटीएम एण्ड डब्ल्यूडी/बीजेडए डिपो पर सी एण्ड डब्ल्यू रखरखाव सुविधाओं का विकास कार्य। 2) एसडब्ल्यू-I, एडीइएन/बीवीआरएम सब-डिवीजन के तहत एसएसइ/वर्क्स/बीवीआरएम सेक्शन में एनएस स्टेशन पर पीएफ 2 एण्ड 2 में वेस्ट लेवल वाटर हैड्रैन्ट्स एवं रोलिंग हट्स का प्रावधान। एसडब्ल्यू-II, एसएसइ/वर्क्स/बीजेडए सेक्शन में वैगन डिपो पर मौजूदा नये एलआर शेड गैन्ट्री गिर्डर के लिए गैन्ट्री रेल का प्रावधान तथा वैगन डिपो/बीजेडए की मरम्मत। 3) 2) बीजेडएः कोचिंग डिपो/बीजेडए पर नये आईओएच शेड के रखरखाव सुविधाओं के कार्यों का विकास करना। 3) इएलएस/बीजेडएः विजयवाडा के इलेक्ट्रिक लोको शेड पर एमएम स्टोर्स डिपो के बुनियादी ढांचों या इनफ्रास्ट्रक्चर का सुधार कार्य। पूरा करने की अवधिः 12 महिने, निविदा मूल्य रु.59,98,884.62, पूधरा/बोली सुरक्षाः रु.1,20,000.00, निविदा दस्तावेज मूल्यः शून्य, बंद करने की तिथिः 24-04-2025

भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

—**विभागीय रेल प्रबंधक (बिजली), विजयवाडा**


## भगवान महावीर द्वारा बताए गए पांच सिद्धांत अनुसरण योग्य हैं



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री एवं सनतनगर विधायक तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि भगवान महावीर द्वारा बताए गए पांच सिद्धांत अनुसरण योग्य हैं। उन्होंने गुरुवार को महावीर जयंती के अवसर पर नामपल्ली के प्रदर्शनी मैदान में जैन सेवा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

सर्वप्रथम भगवान महावीर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके बाद उन्होंने जैन माता और गुरु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि महावीर की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए जैन समाज के तत्वावधान में अनेक सेवा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महावीर अस्पताल बहुत गरीब लोगों को बहुत कम कीमत पर इलाज उपलब्ध कराकर उनकी मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि केसीआर के नेतृत्व में तेलंगाना सरकार के 10 वर्षों के दौरान राज्य के सभी वर्गों के लोग बहुत खुश हैं।

लेकिन उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के मात्र 15 महीने बाद ही राज्य में स्थिति सामान्य हो गई। उन्होंने कहा कि लोगों ने यह उम्मीद छोड़ दी है कि अगर वे कांग्रेस को जिताएंगे तो उनके लिए बेहतर चीजें होंगी। उन्होंने कहा कि जैन समाज भवन के निर्माण के लिए बीआरएस सरकार द्वारा दी गई जमीन पर भव्य भवन का निर्माण किया जाना चाहिए।

बाद में तलसानी विधायक श्रीनिवास यादव का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष योगेश जैन, सुभाष जैन, हिमांशु बापना, विनोद, अशोक, विमल मुत्ता, अमित जैन, मोहनलाल जैन सहित अन्य शामिल हुए।


**निविदा सूचना सं. ईएलइ-टीआरएस-जीटीएल-24-25-ई-टीएन-13, दि.28-03-2025**

PUB0365

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु दि. 21-04-2025 के 16.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित हैं।

जीटीएल-24-25-ई-टीएन-13,दि.28-03-2025, **कार्य विवरणः** लोकोमोटिव शेड **गुंटकल पर** दो वर्ष की अवधि के लिए, कन्वेन्शनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज की मुख्य ओवरहालिंग शेड्यूल(टीओएच/आइओएच) हेतु, मेनटेनेन्स स्पेयर्स के लिए सभी सहायक या आक्सीलरी मोटर्स की रिवाइन्डिंग करना। अनुमानित लागतः रु. 37,55,673.80, पूधराःरु.75,200.00, ठेका अवधिः दो वर्ष । **क्रम सं.1**, निविदा सं. ईएलइ-टीआरएस-

बंद करने की तिथि व समयः 21-04-2025 के 16.00 बजे तक

टेंडर बिड्डींग एवं अन्य विवरण हेतु **http://www.ireps.gov.in** पर लागिन करें। यदि इस निविदा के प्रति कोई भी शुध्दिपत्र जारी होता है तो वह केवल आनलाइन पर ही जारी होगा।

**निविदाकर्ताओं के लिए टिप्पणीः**

1) इस ई-निविदा में भाग लेने/बिड्डींग में सहभागिता के लिए, ठेकेदार के पास वैध डीएससी(डिजिटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, उपरोक्त निविदाओं के प्रति शुध्दिपत्र, यदि कोई हो तो, को नोट करने के लिए, उसे केवल रेलवे द्वारा आनलाइन पर ही, निविदा की प्रस्तुति के पहले, जारी किया जायेगा तथा तदनुसार ही कार्य करें।

3) निविदादाता, पूधरा राशि का भुगतान केवल नेट-बैंकिंग द्वारा ही कर सकते हैं। उपरोक्त निर्देशों का पालन न करनेवाले, आफर्स को गैर-जवाबी या अनरेसपान्सिव माना जायेगा तथा उसे अस्वीकार किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय/यांत्रिक अभियंता, लोकोमोटिव शेड, गुन्टकल**

A0459

**निविदा शर्तों/तत्संबंधित अधिक जानकारी व निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


## अत्तापुर पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में ऑटो चालक को गिरफ्तार किया

हैदराबाद। अत्तापुर पुलिस ने बुधवार रात गांजा तस्करी के आरोप में एक ऑटो रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया और उसके पास से एक किलोग्राम गांजा जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने जू पार्क के पास हसन नगर स्थित कब्रिस्तान पर छापा मारा और शाहीन नगर निवासी शेख जकीर को पकड़ लिया। अट्टापुर पुलिस ने बताया, ज़ाकिर महाराष्ट्र के अमरावती गया था और वहां से एक व्यक्ति से 20,000 रुपये में एक किलोग्राम गांजा खरीदा था।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.VSKP-ELG-TL-AC-25-26-1, दिनांक : 07.04.2025

**कार्य का नाम :** LHB टाइप AC कोचों में MPCB की आपूर्ति, संस्थापन/रुपान्तरण एवं शुरुआत तथा इसे हीटर कॉन्टैक्टर से इंटरलॉकिंग करना।

**निविदा मूल्य (रुपये में) :** 8,34,880/-, बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 16,700/-, पूरा होने की अवधि : 120 दिन।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक : 06.05.2025 को 1330 बजे, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक: 06.05.2025 को 1600 बजे।

निविदा दस्तावेज से संबंधित संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

कोई भी जारी शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए निविदाकार उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता(G), वाल्टियर

PR-23/Q/25-26


## पेद्दुर अपैरल पार्क में विश्व स्तरीय परिधान निर्माण इकाई का उद्घाटन आज

### मंत्रियों ने अधिकारियों के साथ बैठक की

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के कपड़ा क्षेत्र और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के लिए, 102 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित विश्व स्तरीय परिधान निर्माण इकाई का शुक्रवार को सिरसिल्ला के पेद्दुर अपैरल पार्क में उद्घाटन किया जाएगा। इस सुविधा का औपचारिक शुभारंभ कृषि, हथकरघा और कपड़ा मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव और आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन से पहले, मंत्रियों ने उद्घाटन की अंतिम तैयारियों की देखरेख के लिए गुरुवार को सचिवालय में प्रमुख सचिव सुश्री शैलजा रामअय्यर और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस पहल का उद्देश्य बीड़ी श्रमिकों और पद्मशाली समुदाय की महिलाओं सहित आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं को परिधान सिलाई में कौशल प्रशिक्षण और स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करके सशक्त बनाना है। तेलंगाना सरकार ने इस परियोजना के लिए औद्योगिक शेड और निर्बाध बिजली आपूर्ति सहित व्यापक बुनियादी ढाँचा समर्थन प्रदान किया है। बेंगलुरु स्थित टेक्सपोर्ट इंडस्ट्रीज ने अत्याधुनिक मशीनरी में 40 करोड़ का निवेश किया है और उत्पादन इकाई स्थापित की है। यह इकाई विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों को पूरा करेगी, जिसका 100% उत्पादन निर्यात किया जाएगा।

यह सालाना 70 लाख वस्त्रों का निर्माण करेगी, जिससे निर्यात में 300 करोड़ की आय होगी। उत्पादों की आपूर्ति विश्व स्तर पर प्रसिद्ध फैशन ब्रांडों जैसे टॉमी हिलफिगर, रॉबर्ट ग्राहम, वैन और माइकल कोर्स को की जाएगी। वर्तमान में 1,000 सिलाई मशीनों से सुसज्जित यह इकाई दो शिफ्टों में काम करेगी, जिससे 1,600 महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। अगले तीन वर्षों में, इस सुविधा से 2,000 अतिरिक्त रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

उद्घाटन समारोह के हिस्से के रूप में, मंत्री तुम्माला और श्रीधर बाबू नई नियोजित महिलाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे, जो समावेशी औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। तेलंगाना जनरल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन (टीजीआईआईसी) ने 62 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 1.73 लाख वर्ग फुट में फैली इकाई के लिए बिल्ट-टू-सूट सुविधा का निर्माण किया है।

## ट्रैक्टर गलती से कुएं में गिरने से 3 साल की बच्ची की मौत

करीमनगर, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर ग्रामीण मंडल के बहादुरखानपेट में एक तीन वर्षीय बच्ची गद्दाम जशविता ट्रैक्टर सहित एक कृषि कुएं में डूब गई। पेद्दापल्ली जिले के बोम्मारेड्डीपल्ली की मूल निवासी जश्विता परिवार के सदस्यों के साथ बहादुरखानपेट में अपने रिश्तेदारों के घर आई थीं। ट्रैक्टर पर खेलते समय उसने गाड़ी स्टार्ट कर दी। जब इग्निशन की चाबी ऑन की गई तो ट्रैक्टर पास के एक कृषि कुएं में जा गिरा। ड्राइवर सीट पर बैठी लड़की ट्रैक्टर के साथ कुएं में डूब गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके का दौरा किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आईआरसीटीसी ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन की घोषणा की

### हरिद्वार-ऋषिकेश-वैष्णोदेवी-अमृतसर-आनंदपुर यात्रा

